अधिकतम तापमान 16.00* >> न्यूनतम तापमान 7.00* >> सूर्योदय 7:15 >> सूर्यास्त 17:39 >> डॉलर 81.29 >> यूरो 88.14 >>

**छोटीबड़ीबात**

आज ही के दिन 1949 में केएम. करियप्पा भारतीय थल सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ बने, इस दिन को सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है।

dainikbhaskaruk.com

देश का विश्वसनीय अखबार

# दैनिक भास्कर

देहरादून | वर्ष-6, अंक-147 | रविवार, 15 जनवरी, 2023 | कुल पृष्ठ 12 | मूल्य 5.00 रुपये

पेरू में जोरदार संघर्ष, 50 लोगों की जान गई पेज 12 >

क्लीन स्वीप के लिये मैदान में उतरेंगे भारतीय धुरंधर पेज 11 >



# एकता और अखंडता के रक्षक हैं हमारे जवानः राजनाथ

- उत्तराखंड के सैनिकों का योगदान अहम

भास्कर समाचार सेवा



शौर्य स्थल का उद्घाटन करने के लिये पहुंचे राजनाथ सिंह, साथ में सीडीएस चौहान व मुख्यमंत्री धामी।

**देहरादून।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि हमारे बहादुर सैनिकों ने दुनिया भर में भारत की छवि को एक शक्तिशाली और सम्मानित राष्ट्र के रूप में बदलने में बहुत बड़ा योगदान दिया है। हमारे जवान हमारी एकता और अखंडता के रक्षक हैं। हम चैन से इसलिये सोते हैं, क्योंकि हमारे जवान सीमा पर रात दिन चौकस हैं।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को जसवंत ग्राउंड में आयोजित 7वां सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये 'सॉल ऑफ स्टील' अल्पाइन चैलेंज का विधिवत शुभारंभ किया। साथ ही चमोली जनपद के नीति गांव के लिये 460 किमी लंबी कार रैली 'रोड टू द एंड' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राजनाथ सिंह ने कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान उत्तराखंड राज्य के सैनिकों ने दुश्मन के खिलाफ मजबूती से खड़े होकर और अडिग भावना के साथ देश की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सशस्त्र बलों के जवानों के साहस और बलिदान के कारण, हमारे नागरिक सुरक्षित महसूस करते हैं और अपना सिर ऊंचा करके चलते हैं। देश की सेना हर चुनौती का सामना करने में सक्षम है। कहा कि पूर्व सैनिकों को प्रदान की जा रही पेंशन, चिकित्सा और अन्य सुविधाएं उनके द्वारा किए गए बलिदान और प्रतिबद्धता के प्रति देश के सम्मान का एक छोटा सा प्रतीक हैं।

### जवानों के आगे श्रद्धा से झुक जाता है सिर

रक्षामंत्री ने सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी मैं आप जैसे देश के वीरों के बीच पहुंचता हूं, तो मेरा शीश श्रद्धा से झुक जाता है। आपकी वीरता और बलिदान के दृश्य मेरी आंखों के सामने चमकते रहते हैं। आपने हमारे देश की सीमाओं की रक्षा की है और इसकी एकता और अखंडता को बनाए रखा है।

### दिसंबर तक सैन्यधाम निर्माणः धामी

धामी ने कहा कि सैन्यधाम का तेजी से कार्य चल रहा है। इस वर्ष दिसंबर माह तक सैन्यधाम का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से ओतप्रोत वीर सैनिकों ने देश की आनबान और शान को हमेशा अक्षुण रखने का कार्य किया है। भारत की सेना हमेशा विश्व की शक्तिशाली सेनाओं में से एक रही है। देवभूमि उत्तराखंड ने अपने वीर सपूत देश को दिए हैं, जिन्होंने अदम्य साहस विश्व को दिखाया है। शान्ति का उपदेश देने वाली भारत की पुण्यभूमि समय आने पर शौर्य एवं पराक्रम द्वारा दुश्मनों को मुहतोड़ जवाब देने की क्षमता रखती है।

### शौर्य स्थल का किया गया उद्घाटन

रक्षा रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को चीड़बाग में शौर्य स्थल का उद्घाटन किया। दोनों ने शौर्य स्थल पर पुष्प चक्र अर्पित कर उत्तराखंड के वीरगति प्राप्त योद्धाओं को श्रद्धांजलि दी। शौर्य स्थल का अवलोकन किया एवं बलिदानियों के परिजनों से मुलाकात भी की। इस दौरान सीडीएस जनरल अनिल चौहान भी मौजूद रहे। यह सीडीएस बनने के बाद जनरल अनिल चौहान का पहला देहरादून दौरा है। शौर्य स्थल पर देश के लिये जान देने वाले उत्तराखंड के सभी बलिदानियों के नाम अंकित हैं।

## सशस्त्रबल अत्यधिक पेशेवरः सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख ने शनिवार को कहा है कि सशस्त्र बलों की तीनों सेवाएं किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। भारतीय सशस्त्र बल अत्यधिक पेशेवर हैं और दुनिया में सर्वश्रेष्ठ में गिने जाते हैं।

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने शनिवार को मानेकशॉ सेंटर में 7वें सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह गर्व की बात है कि सशस्त्र बलों के पूर्व सैनिक राष्ट्र की प्रगति के लिए विभिन्न क्षेत्रों में बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं। देश की सेना अब अत्याधुनिक हो चुकी है और हर चुनौती का सामना करने में सक्षम है। समारोह को वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने भी सेना प्रमुख के साथ मंच साझा किया।

## जोशीमठ प्रभावितों के लिए बनेंगे 'प्री फैब्रिकेटेड' घर



- सरकारी भूमि पर भी बनाए जा सकते हैं घर

भास्कर समाचार सेवा

चमोली। भू-धसांव से प्रभावित जोशीमठ के परिवारों के लिए सरकार तीन कमरों का प्री फेब्रिकेटेड मकान बनाने जा रही है। ऐसे भवन प्रभावित परिवार अपनी भूमि पर भी बना सकते हैं और भूमि न होने पर सरकारी भूमि पर भी ऐसे मकान बनाये जा सकते हैं। राज्य के कैबिनेट मंत्री व चमोली के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि भू-धंसाव प्रभावित लोगों को अभी राहत शिविरों में रखा गया है। अगर वह होटलों में रहना चाहते हैं। तो वहां रहने का किराया व भोजन की राशि सरकार देगी, लेकिन अगर ऐसे परिवार होटलों में रहना असुविधाजनक मानते हैं, तो फिलवक्त उनके लिए प्री फेर्बिकेडेट मकान बनाने का निर्णय भी सरकार ने लिया है। चमोली प्रशासन ऐसे प्रिफ्रेब्रेकेट मकान बनाएगी।

### चार हजार भवनों का आकलन

जोशीमठ भू-धंसाव के कारणों का पता लगाने के लिए सर्वे कर रहीं केंद्रीय संस्थानों की रिपोर्ट पर सरकार फैसला लेगी। दो सप्ताह के भीतर अलग-अलग संस्थान रिपोर्ट सरकार को सौंप सकते हैं। रिपोर्ट के बाद कमेटी गठित की जाएगी। इसके बाद कैबिनेट में रिपोर्ट को रखी जाएगी। जोशीमठ के नौ वार्डों में 4000 भवनों का आकलन किया जा रहा है।

### 1.87 करोड़ रुपये किये गए वितरित

सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने शनिवार को बताया कि राज्य सरकार की ओर से प्रति परिवार विस्थापन हेतु अग्रिम सहयोग के रूप 125 परिवारों को 187.50 लाख रूपये की धनराशि वितरित कर दी गई है। राहत शिविरों के कक्षों की संख्या बढ़ाकर 615 की गई हैं, जिनकी क्षमता 2190 लोगों की हो गई है। राहत शिविरों में हीटर एवं अलाव के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। क्षतिग्रस्त 782 भवन चिन्हित किये जा चुके हैं।

## दिल्ली में बरामद किये गए हैंडग्रेनेड

- नाले से 3 टुकड़ों में कटा शव मिला

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की विशेष सेल ने जहांगीरपुरी इलाके से दो हैंडग्रेनेड बरामद किये हैं। इन हैंडग्रेनेड से गणतंत्र दिवस से पहले बड़े हमले को अंजाम दिया जाना था। गुरुवार को पुलिस ने आतंकी संगठन खालिस्तान से जुड़े दो आतंकियों जगजीत उर्फ जस्सा व नौशाद को गिरफ्तार किया था। कोर्ट से रिमांड पर लेकर पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर उनके भलस्वा डेयरी स्थित किराये के कमरे से यह हैंडग्रेनेड बरामद किये हैं। कमरे में किसी इंसान के खून के भी निशान मिले हैं, माना जा रहा है कि कमरे में किसी की हत्या भी की गई है। इसके बाद पुलिस ने भलस्वा नाले से तीन टुकड़ों में एक शव बरामद किया।

## मकर मेले में भगदड़, दो की मौत

**कटक।** ओडिशा के कटक में शनिवार को मकर मेले के दौरान भगदड़ मच गई। इसमें दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जबकि 20 से अधिक घायल हो गए। हादसा बंदाबा-गोपीनाथपुर स्थित टी ब्रिज पर हुआ। हादसे के समय बड़ी संख्या में लोग ब्रिज पर मौजूद थे। बडंबा-नरसिंहपुर के विधायक देबी प्रसाद मिश्रा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि गंभीर रूप से घायल चार लोगों को एससीबी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया।



# देहरादून

आज ही के दिन 1965 में भारतीय खाद्य निगम की स्थापना की गई थी।

## कंबल व गर्म कपड़े और ट्रैक सूट वितरित किए

- असहायों को कंबल वितरण करना एक साहसिक कदमः त्रिवेंद्र

भास्कर समाचार सेवा



गर्म कपड़े और ट्रैक सूट पाने वालों के साथ पूर्व सीएम त्रिवेंद्र, लच्छू गुप्ता व अन्य।

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी महानगर पूर्व कोषाध्यक्ष लच्छू गुप्ता ने ठंड के प्रकोप को देखते हुए जरूरतमंद लोगों को कंबल व गर्म कपड़े और राजकीय प्राथमिक विद्यालय हकीकत राय नगर के बच्चों को ट्रैक सूट वितरित किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि ट्रैकसूट से ठंड में बच्चों को राहत मिलेगी, इस पुनीत कार्य के लिए लच्छू गुप्ता को बधाई देता हूं। लोगों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि यह पुनीत कार्य प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि ठंड की रात में असहायों के बीच कंबल वितरण करना एक साहसिक कदम है। कंबल वितरण के दौरान लच्छू गुप्ता ने कहा कि गरीबों व असहायों को मदद करना मेरी नियती में शामिल है। उन्होंने कहा कि मैंने यह निश्चय किया कि जितना हो सके मैं अब असहायों को ठंड से बचाऊंगा। जरूरतमंद असहायों के बीच गर्म कपड़े व कंबल का वितरण कर रहा हूं। उन्होंने बताया कि यह कार्य विगत कई वर्षों से करत आ रहा हूं। इस मौके पर महानगर के प्रथम नागरिक सुनील गामा, पूर्व महानगर अध्यक्ष सीताराम भट्ट, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह पुंडीर, सचिन गुप्ता, महिला मोर्चा की महानगर उपाध्यक्ष मधु जैन, मंडल अध्यक्ष बबलू बंसल, विशाल गुप्ता, शंभूनाथ बजाज, कुलदीप कपूर, सचिन जैन, राजकुमार तिवारी, महामंत्री डीडी अरोड़ा, कुलदीप बिनायक, आरके चोपड़ा, सुमन सिंह, अजय कुमार, विशंभर नाथ बजाज, हरीश नारंग, स्कूल के प्रधानाचार्य शांति उनियाल, संतोष सती, राजन आदि मौजूद रहे।

## प्रभावितों की मूलभूत जरूरतों पर दिया जाए विशेष ध्यानः सिंह

- राज्यपाल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों से जानकारी ली

भास्कर समाचार सेवा



जोशीमठ में भू-धंसाव की स्थिति के संबंध में जानकारी लेते राज्यपाल।

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को चमोली जनपद के जोशीमठ में भू-धंसाव की स्थिति के संबंध में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। इस वीडियो कांफ्रेंसिंग में आयुक्त गढ़वाल मंडल सुशील कुमार, जिलाधिकारी चमोली हिमांशु खुराना और एसपी चमोली प्रमेन्द्र डोभाल मौजूद रहे। राज्यपाल ने कहा कि विपदा की इस घड़ी में पूरा देश व प्रदेश प्रभावित लोगों के साथ है। उन्होंने कहा कि इस चुनौती के समय हमें प्रत्येक प्रभावित की समस्या को सुनना है, और उसे हरसंभव मदद करनी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रभावितों की मूलभूत जरूरतों पर विशेष ध्यान दिया जाय। राज्यपाल ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है, उनकी सुरक्षा के दृष्टिगत सभी इंतजाम किये जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रभावितों का हौसला बढ़ाने के साथ-साथ भावनात्मक रूप से भी उनके साथ खड़ा रहना बेहद जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि हिमालयी क्षेत्र के दृष्टिगत यह आपदा एक चुनौती है और इसका समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान राज्यपाल ने भू-धंसाव की समस्या के समाधान के लिए उठाए गए तात्कालिक एवं दीर्घकालिक कदमों की जानकारी भी ली। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा जो सचिव आपदा प्रबंधन भी हैं, ने शासन स्तर से किये जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी राज्यपाल को उपलब्ध करायी। वीडियो कांफ्रेंसिंग में अधिकारियों ने जोशीमठ में भू-धंसाव के कारण उत्पन्न हुई स्थिति के संबंध में राज्यपाल को विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने प्रभावित क्षेत्र के लोगों के रहने, खाने और उनके अस्थायी विस्थापन के संबंध में जानकारी दी। इसके अलावा प्रभावित परिवारों को शासन एवं प्रशासन द्वारा दी जा रही सहायता और अन्य जानकारियां भी दी।



इस दौरान अधिकारियों ने भू-धंसाव क्षेत्र में संचालित राहत एवं बचाव कार्यों, प्रभावितों की सुरक्षा व पुनर्वास हेतु उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी राज्यपाल को उपलब्ध करायी।

# बर्फबारी देख खिल उठे पर्यटकों के चेहरे, लिया आनंद

### मसूरी, धनोल्टी, नागटिब्बा व बुरांसखंडा में हुई मौसम की पहली बर्फबारी, भीड़ उमड़ने की संभावना

भास्कर समाचार सेवा

**मसूरी।** पहाड़ों की रानी मसूरी सहित धनोल्टी, बुरांसखंडा क्षेत्र में पहला हिमपात हुआ जिसका पर्यटकों ने जमकर आनंद लिया। हालांकि मसूरी में केवल उंचाई वाले क्षेत्र में ही बर्फ पड़ी जबकि मुख्य शहर में बारिश हुई है, लोगों को उम्मीद है कि शीघ्र ही शहर में बर्फबारी होगी।

पहाड़ों की रानी मसूरी में रात से ही मौसम खराब था व मध्यरात्रि के बाद मसूरी के लाल टिब्बा क्षेत्र में हल्की बर्फबारी हुई जो सुबह होते ही पिघल गई। हालांकि लढौर व हाथी पांव क्षेत्र में भी बर्फबारी हुई लेकिन जम नहीं पायी।

जबकि धनोल्टी बुरांसखडा व नागटिब्बा क्षेत्र में करीब दो इंच तक बर्फबारी हुई है। जिसके कारण पूरा क्षेत्र बर्फ की सफेद चादर मे लिपट गया। बर्फबारी का पता लगते ही बड़ी संख्या में पर्यटकों ने धनोल्टी का रूख किया व वहां जाकर बर्फबारी का आनंद लिया।



मसूरी व आसपास के क्षेत्रों में हुई बर्फबारी का लुत्फ उठाते पर्यटक।

दिल्ली से आए पर्यटक संदीप ने बताया कि उन्हें उम्मीद तो थी कि मसूरी में बर्फ पड़ेगी क्योंकि मौसम काफी ठंडा हो गया था लेकिन सुबह देखा तो बारिश हो रही है, स्थानीय लोगों ने कहा कि धनोल्टी जाएं वहां बर्फ पड़ रही है। और उसके बाद यहां आये तो बर्फ देख कर मन आनंदित हो गया। उन्होंने बताया कि परिवार के साथ बर्फबारी का आनंद लिया व इस याद को वे अपने साथ लेकर जा रहे हैं।



पहाड़ों की रानी में बिछी बर्फ की चादर।

पंजाब से आयी सुखविंदर कौर ने कहा कि वह बर्फबारी देख कर ऐसा महसूस कर रही हैं कि कहीं सपना तो नहीं है क्योंकि उन्होंने पहली बार बर्फ देखी है और यहां आकर बहुत खुश है व इतना उल्लास है कि बता नहीं सकती।

दिल्ली से आए पर्यटक लक्ष्मण यादव ने कहाकि धनोल्टी में बर्फ देख कर आनंद आ गया व उनका यहां आना सफल हो गया। अभी वह अकेले आए है व आगे अपने परिवार को लेकर आएंगे। यहां का मौसम दिल्ली से अच्छा है। यह मेरे जीवन का सबसे सुनहरा पल है।

धनोल्टी क्षेत्र में भी करीब दो इंच बर्फबारी हुई व रोड पर से बर्फ शीघ्र पिघल गई लेकिन उंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फ जमी रही, जिसका पर्यटकों ने जमकर आनंद लिया।

### पहाड़ों की रानी मसूरी में नहीं हुई मन मुताबिक बर्फबारी

पहाड़ों की रानी मसूरी में इस बार अभी तक जमकर बर्फबारी नहीं हुई जिससे लोगों में निराशा है क्योंकि गत वर्ष अभी तक चार से अधिक बार बर्फबारी हो चुकी थी। इससे पर्यावरण प्रभावित होगा व आने वाले समय में परेशानी होगी आने वाले समय में मौसम भी प्रभावित होगा।

## खबर एक नजर

### पैनेसिया अस्पताल ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**देहरादून।** मकर सक्रांति पर नेहरू कॉलोनी स्थित पैनेसिया हॉस्पिटल की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में लगभग 70 यूनिट रक्त जमा किया गया है। रक्तदान में भाग लेने वाले में मुख्य रूप से शहर के युवा, सामाजिक संगठन के लोग एवं पेनेशिया अस्पताल के कुछ स्टाफ शामिल थे। विश्वविजय नेगी निवासी इंदर रोड ने कहा कि रक्तदान महादान है एवं हमें समाज में समय समय पर अपना रक्तदान करना चाहिए ताकि हमारे रक्तदान करने से कईयों की जान बच सकती है। पैनेसिया अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर रणवीर सिंह चौहान ने कहा कि पैनेसिया अस्पताल द्वारा एकत्रित किया गया सभी रक्त सिटी ब्लड सेंटर आरा घर चौक में जमा किया जाएगा एवं समाज के जरूरतमंद लोगों को समय-समय पर यह रक्त दे दिया जाएगा। इस रक्तदान में डायरेक्टर विक्रम सिंह रावत, शुभम चंदेल, हॉस्पिटल इंचार्ज डॉक्टर सुनील भट्ट, एचआर रोहित चंदेल एवं सीईओ जावेद खान शामिल हुए।



### सेना अस्पताल देहरादून में कैथलेब खोलने की मांग

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को देहरादून दौरे पर पहुंचे देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जीटीसी हैलीपैड पर स्वागत किया। उन्होंने मुलाकात के दौरान दिक्कतों के बारे में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अवगत कराया। मंत्री जोशी ने कहा कि सेना अस्पताल में कार्डियोलॉजी से संबंधित विभाग एवं कैथलेब की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण अन्य अस्पताल में जाने की स्थिति अक्सर पूर्व सैनिकों के सम्मुख रहती है। मंत्री जोशी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से आग्रह करते हुए कहा कि पूर्व सैनिकों के अनुरोध के दृष्टिगत सेना अस्पताल, देहरादून में कार्डियोलॉजी से संबंधित विभाग (कैथलेब सुविधा सहित) की स्थापना की जाए।

### वीरता का सबसे बड़ा प्रतीक है भारतीय सेनाः राज्यपाल

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने भारतीय थल सेना दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों और प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर उन्होंने सभी वीर सैनिकों, पूर्व सैनिकों और सेना के सभी परिवारजनों को भी इस गौरवशाली अवसर पर विशेष रूप से बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय सेना वीरता, शौर्य, पराक्रम, बलिदान और साहस का सबसे बड़ा प्रतीक है। इसी लिए देश की सेना और वीर जवानों के प्रति प्रत्येक भारत वासी के दिलों में एक गौरव और सम्मान का भाव दिखाई देता है। उन्होंने राष्ट्र की एकता, अखंडता और अस्मिता की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को नमन किया।

### श्रद्धा पूर्वक मनाई गई माघ महीने की संग्राद

**देहरादून।** आढ़त बाजार स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के तत्वावधान में माघ महीने की संग्राद व 40 मुक्तेऔ का शहीदी दिवस कथा-कीर्तन के रूप में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। हैड ग्रंथी ज्ञानी शमशेर सिंह ने महीने की कथा करते हुए कहा कि श्री गुरु अर्जन देव जी समझाते है कि माघ के महीने में हम सभी को गुरमुखो का संग करके अपने जीवन में निर्मिता लानी चाहिए, सरदार गुरबख्श सिंह राजन व सरदार गुलज़ार सिंह की ओर से संगतों को माघि महीने की बधाई दी। मंच का संचालन करते हुए सरदार दविंदर सिंह भसीन ने कहा कि हम सभी को ऐसे ही हर रोज गुरु साहिब जी के दर्शन करने आना चाहिए। इस अवसर पर प्रधान गुरबक्श सिंह राजन, महासचिव गुलज़ार सिंह, जगमिंदर सिंह छाबड़ा, चरणजीत सिंह चन्नी , गुरप्रीत सिंह जौली, सतनाम सिंह, राजिंदर सिंह राजा, दविंदर सिंह सहदेव, गुरदेव सिंह साहनी आदि मौजूद रहे।

## मकर संक्रांति पर खिचड़ी प्रसाद का किया वितरण

- भवन निर्माण मजदूर संघ ने किया कार्यक्रम आयोजित

भास्कर समाचार सेवा

**मसूरी।** भवन निर्माण मजदूर संघ ने मकर संक्रांति पर खिचड़ी पर्व धूमधाम से मनाया। इस मौके पर संघ की ओर से शहीद भगत सिंह चौक पिक्चर पैलेस पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें शहर वासियों, मजदूरों व पर्यटकों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया।



भवन निर्माण मजदूर संघ के तत्वाधान में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर खिचड़ी पर्व का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा मसूरी के मंडल अध्यक्ष मोहन पेटवाल के हाथों शहीद भगत सिंह चौक पर खिचड़ी वितरित की गई। खिचड़ी वितरण में बड़ी संख्या में पर्यटकों, स्थानीय नागरिकों व मजदूरों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। संघ के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि यह पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत का अहम पर्व है। इस मौके पर भवन निर्माण मजदूर संघ उपाध्यक्ष मांगेश्वर धीमान, सत्यनारायण, शरीफ अहमद, फईम अहमद, हसीन अहमद, पालिका सभासद अरविंद सेमवाल, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित पंवार, अमित भटट, अनुसूचितजाति मोर्चा अध्यक्ष मनोज रेंगवाल, आदि मौजूद रहे। खिचड़ी कार्यक्रम संफल बनाने में व्यापार संघ अध्यक्ष रजत अग्रवाल, शानू वर्मा, अरूण शर्मा आदि ने सहयोग किया।

## कुष्ठ रोगियो को वितरित किया कंबल और मिष्ठान

**देहरदून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी शनिवार को अपनी शादी के 38वीं वर्षगांठ पर पत्नी निर्मला जोशी संग मोहनी रोड़ स्थित कुष्ठ आश्रम पहुंचकर अपनी शादी की सालगिरह कुष्ठ रोग पीड़ितों के साथ मनाई। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कुष्ठ आश्रम में मौजूद सभी कुष्ठ रोग पीड़ित लोगों को कंबल एवं मिष्ठान वितरित किया। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मैं और मेरे परिवार में चाहे मेरे बच्चों का जन्मदिवस हो या अन्य कोई भी कार्यक्रम हो, हमेशा से ही मैं समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के साथ इस प्रकार के कार्यक्रम मनाता आया हूं। मंत्री जोशी ने कहा इस से जहां एक और मन को शांति मिलती है तो वहीं दूसरी ओर इनका आशीर्वाद भी प्राप्त होता है। इस अवसर पर मंत्री जोशी की धर्मपत्नी निर्मला जोशी, प्रदेश मंत्री आदित्य चौहान, पार्षद कमली भट्ट, मंजीत रावत, मंडल अध्यक्ष पूनम नौटियाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

## युवाओं के विश्वास को सरकार ने पहुंचाई ठेसः गोदियाल

- जोशीमठ आपदा व पेपर लीक प्रकरण पर सरकार को घेरा

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** अभी उत्तराखंड जोशीमठ त्रासदी के जख्मों से पूरी तरह से उबर भी नहीं पाया था कि सरकार के भ्रष्ट अधिकारियों एवं भाजपा सरकार की नाक के नीचे हो रहे पटवारी लेखपाल पेपर लीक मामले ने उत्तराखंड को झकझोर कर रख दिया है, जिसने उत्तराखंड के युवाओं के साथ छल तो किया ही है बल्कि उनके विश्वास को भी ठेस पहुंचायी है। यह कहना है उत्तराखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल का।

शनिवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए गोदियाल ने कहा कि जोशीमठ की आपदा में विपक्षी दल एवं जोशीमठ की स्थानीय जनता राज्य सरकार से जिन ठोस कदमों की उम्मीद कर रही थी वो मुद्दे कैबिनेट बैठक में नदारद दिखें। गोदियाल ने कहा कि वर्तमान सरकार काम कम करना चाह रही है और दिखावा ज्यादा कर रही है।




पत्रकारों से वार्ता करते कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल।

गोदियाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सरकार से मांग की थी कि बद्रीनाथ में जो मुआवजे का आधार बनाया गया था वहीं मुआवजे का आधार जोशीमठ के प्रभावितों के लिए बनाया जाए लेकिन बड़ी चिंता का विषय यह है कि सरकार की कैबिनेट की बैठक में इस विषय पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। गोदियाल ने कहा कि राज्य के अन्दर नौकरियां बेची जा रही हैं पहले ही यूकेसीसीसी के भर्ती लीक मामले में राज्य सरकार की अच्छी खासी किरकिरी हो चुकी है। अब यह पटवारी लेखपाल भर्ती घोटाला जिसने उत्तराखंड की जनता को भौचक्का कर दिया है खासकर के युवा वर्ग की तो जैसे उम्मीद ही टूट चुकी है। पत्रकार वार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन मथुरा दत्त जोशी, मुख्य प्रवक्ता गरिमा माहरा दसौनी, एससी विभाग के अध्यक्ष दर्शन लाल, अमरजीत सिंह, अश्विनी बहुगुणा, शीशपाल बिष्ट, राजेश चमोली, मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर
स्वात्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक संजय कुमार अग्रवाल द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सेक्टर-6 नोएडा, यूपी, 201301 से मुद्रित एवं 12/20, आशीर्वाद एनक्लेव, चकराता रोड देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक :** संजय कुमार अग्रवाल
**स्थानीय संपादक :** गिरीश चंद्र तिवारी*
**संपादकीय कार्यालय :** 51/5 राजपुर रोड, नियर सीएन. आई. चर्च, देहरादून, 248001
**कार्यालय :** 0135-2655500
**मोबाइल :** +91-6396754808
**website:** dainikbhaskaruk.com
Editbhaskaruk@gmail.com
*इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं प्रकाशन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी।
UTTHIN/2017/74028

## आज का राशिफल

**मेष :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जरा सी लापरवाही से अधिक हानि हो सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। परिजनों की कोई बात बुरी लग सकती है। कोशिश यह करनी होगी की निजी जीवन में अपनों को समझें और उनसे तालमेल बनाये रखें।

**वृष :** पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। अनहोनी की आशंका रहेगी। शत्रुभय रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। घर-बाहर सभी अपेक्षित कार्य पूर्ण होंगे। दूसरों के कार्य की जवाबदारी न लें।करने की कोशिश करनी होगी।

**मिथुन :** जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। स्थायी संपत्ति खरीदने-बेचने की योजना बन सकती है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। छोटे भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी। प्रमाद न करें। दूर स्थान की यात्रा करने से बचें।

**कर्क :** नौकरी और व्यापार में लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। लेन-देन में सावधानी रखें। शत्रुओं का पराभव होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। भय रहेगा। प्रमाद न करें।

**सिंह :** पारिवारिक समस्याओं में इजाफा होगा। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। दूसरों से अपेक्षा न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मातहतों से अनबन हो सकती है। कुसंगति से हानि होगी।

**कन्या :** पुराने किए गए प्रयासों का लाभ मिलना प्रारंभ होगा। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। किसी बड़े काम करने की योजना बनेगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। भाइयों का सहयोग मिलेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**तुला :** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। किसी पारिवारिक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। शत्रु परास्त होंगे। कोई भी कदम उठाने से पहले सोच लें की उसका असर कहाँ तक जाएगा ताकि फैसले सूझबूझ से किये जा सकें।

**वृश्चिक :** शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। एक तरफ आप सामाजिक समारोह में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहेंगे।

**धनु :** यात्रा में सावधानी रखें। जल्दबाजी से हानि होगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के कार्य में दखल न दें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। आय में निश्चितता रहेगी। आपकी जीवनशैली बहुत रोमांटिक रहेगी। उधार लिया हुआ धन वापस मिलेगा।

**मकर :** कोई बड़ी बाधा आ सकती है। राजभय रहेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। व्यापार में वृद्धि होगी। परिवार के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताने का प्रयास करेंगे।

**कुंभ :** नई योजना बनेगी जिसका लाभ तुरंत नहीं मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। चिंता तथा तनाव हावी रहेंगे। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। आय बढ़ेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी। परेशानी यह ही की कुछ समय से आपकी मेहनत में कमी आ चुकी है जिस ओर आप पूरी तरह से ध्यान नहीं दे पा रहे।

**मीन :** पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे। अध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। वाहन चलाते समय सावधानी रखनी आवश्यक है। रोग, विपत्ति आदि में व्यय के योग।



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री, हरिद्वार
मो. 9837081951
Email: astro@aatrayshri.com
Website: www.aatrayshri.com

## सारसुर्खियां

### सुख समृद्धि का प्रतीक है मकर संक्रांति का पर्व: पेटवाल

**मसूरी।** राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ की ओर से खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहन पेटवाल ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व भारतीय संस्कृति का बहुत महत्वपूर्ण पर्व है जो सुख समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इस पर्व पर लोग स्नान कर पूजा अर्चना करते हैं व खिचडी का प्रसाद ग्रहण करते हैं वहीं दान पुण्य भी करते है। इस अवसर पर राकेश ठाकुर, बिजेंद्र भंडारी, सभासद अरविंद सेमवाल, अमित भटट, मनोज रेंगवाल, अमित पंवार, दिनेश बडोनी, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अजय 18 को दून आएंगे

**देहरादून** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और उत्तराखंड में कांग्रेस के 26 जनवरी से शुरू होने वाले हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के प्रभारी अजय कुमार लल्लू 18 जनवरी को दून आएंगे। राज्य कांग्रेस के प्रवक्ता और उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस मौके पर अजय कुमार लल्लू राज्य कांग्रेस की राजनीतिक मामलों की समिति राज्य कांग्रेस के अनुषांगिक संगठनों, राज्य कांग्रेस के तमाम जिलों के अध्यक्षों प्रमुख नेताओं सांसदों और विधायकों पार्टी प्रत्याशियों व अन्य नेताओं की बैठक लेंगे।

### कांग्रेस ने जताया शोक

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के शीर्ष नेताओं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, राज्य कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा, प्रतिपक्ष के नेता यशपाल आर्य और प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने जालंधर से कांग्रेस के सांसद संतोष सिंह की असामयिक मृत्यु पर गहरा दुख और शोक व्यक्त किया है। कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की ओर से जारी एक बयान में पार्टी प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने कहा है कि संतोख सिंह पार्टी के बहुत ही निष्ठावान नेता थे।

## बर्फबारी के बाद की स्थिति से निपटने में जुटी टीम

- जिलाधिकारी ने दिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** जिलाधिकारी सोनिका ने तहसील त्यूनी, चकराता, कालसी, मसूरी आदि बर्फबारी एवं पालाग्रस्त क्षेत्रों में चिंहित किए गए मार्गों पर मानव संसाधन, जेसीबी चुना नमक आदि व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए हैं। आपदा परिचालन केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील चकराता में ऊंचाई वालो क्षेत्रों में बर्फबारी हो रही है। सभी मार्ग यातायात के लिए खुले हुए है। इसी प्रकार कोटी कनासर से लोखड़ी में 707ए0 त्यूनी चकराता मोटर मार्ग किमी 33 से 62 में बर्फबारी के कारण बंद थे मार्ग पर 3 जेसीबी तथा स्नोकटर के माध्यम से खोल दिया गया है। वर्तमान सभी मार्ग आवागमन के लिए खुले है। जिलाधिकारी सोनिका ने जनपद में अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व सहित समस्त उप जिलाधिकारियों एवं नगर निगम व ऋषिकेश सहित नगर पालिका परिषदों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में अलाव जलाने की व्यवस्था बनाए। साथ ही जरूरतमंद लोगों को गरम कपडे एवं कंबल वितरित करने के निर्देश दिए गए है। जिलाधिकारी के निर्देशों पर जनपद के विभिन्न स्थानों पर अधिकारी तहसीलदार सदर सोहन सिंह रांगड़, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विद्याधर कापड़ी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र अंजली रावत व अधिकारियों सहित उप जिलाधिकारियों की ओर से जरूरतमंद लोगों को कंबल एवं गर्म कपड़े वितरित किए।

## पटवारी भर्ती परीक्षा मामले में एसआईटी का होगा गठन

- हरिद्वार एसएसपी के पर्यवेक्षण में पूरे प्रकरण की होगी जांच

भास्कर समाचार सेवा



**देहरादून।** यूकेएसएससी परीक्षा घोटाले का पर्दाफाश करने वाले टीम लीडर को यूकेपीएससी परीक्षा प्रकरण में त्वरित कार्यवाही और निष्पक्ष जांच का दायित्व सौंपा गया है। सलेक्टेड अधिकारी-कर्मचारियों की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम गठित की गई है जो एसएसपी हरिद्वार के पर्यवेक्षण में कार्य करेगी। पुलिस मुख्यालय के आदेश के क्रम में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग से संबंधित प्रकरण की विवेचना के लिए हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह के निकट पर्यवेक्षण में एसआईटी गठित की जाएगी। इस एसआईटी का प्रभारी पुलिस अधीक्षक अपराध को नियुक्त किया गया है जिनके नेतृत्व में 1 पुलिस उपाधीक्षक, 1 निरीक्षक, 2 उपनिरीक्षक व अन्य कर्मियों को शामिल किया गया है। बता दें कि एसटीएफ ने दो दिन पूर्व राज्य में लेखपाल की परीक्षा में पेपर लीक कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए यूकेपीएसी के अनुभाग अधिकारी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पटवारी परीक्षा प्रश्नपत्र लीक होने के चलते निरस्त कर दी गई है। अब यह परीक्षा 12 फरवरी को पुनः होगी। प्रश्नपत्र लीक मामले में गिरफ्तार किये गये राज्य लोक सेवा आयोग के कार्मिक संजीव प्रकाश चतुर्वेदी, अनुभाग अधिकारी, अतिगोपन-3 को आयोग द्वारा तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। आरोपी संजीव प्रकाश चतुर्वेदी, अनुभाग अधिकारी द्वारा अपनी अभिरक्षा में रखे गये लगभग 380 प्रश्नों को अवैध रूप से अन्य आरोपियों को उपलब्ध कराया गया है। प्रश्नगत परीक्षा के प्रश्न पत्र में 100 प्रश्न सम्मिलित थे, जिनमें से कुछ प्रश्न आरोपियों को उपलब्ध कराये गये प्रश्नों में सम्मिलित थे। इससे यह विदित होता है कि सम्पूर्ण प्रश्न-पत्र लीक नहीं हुआ है।

लोक सेवा आयोग ने भी त्वरित निर्णय लेते हुए परीक्षा को निरस्त कर दिया है तथा पुनः परीक्षा की तिथि भी घोषित कर दी है। यह भी उल्लेखनीय है कि आयोग समस्त परीक्षाओं को उत्कृष्टता, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ सम्पादित कराने हेतु पूर्णतः सजग एवं संवेदनशील रहा है और इसके दृष्टिगत आयोग की ओर से माह अगस्त, 2022 में राज्य के पुलिस महानिदेशक को गोपनीय ढंग से सतर्कता एवं स्थानीय अभिसूचना इकाई को आयोग में तैनात किए जाने एवं परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किये जाने के लिए पत्र प्रेषित किया गया था।

## हवाला घोटाले में एसटीएफ ने किया गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

### 1200 करोड़ के हवाला घोटाले में की गई बड़ी कार्रवाई, दुबई और नेपाल में पैसे भेजने का करता था काम

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** एसटीएफ के साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन की ओर से लगातार दबिशें देकर 1200 करोड़ के स्कैम करने वाले गिरोह के नेपाली मुलाये सदस्य को किया दिल्ली से गिरफ्तार। नेपाली मुलये नागरिक दुबई और नेपाल में पैसे भेजने वाले हवाला संचालक का काम कर रहा था। तीसरे हवाला ऑपरेटर को जेल भेजा गया है जबकि अन्य हवाला ऑपरेटरों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया है।

साईबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एसटीएफ एवं साइबर पुलिस स्टेशन को प्रभावी कार्यवाही के लिए दिशा निर्देश दिए गए है। वर्तमान में साइबर अपराधी आम जनता की गाढ़ी कमाई हड़पने के लिए अपराध के नए-नए तरीके अपनाकर धोखाधड़ी कर रहे है। इसी परिपेक्ष्य में फर्जी कंपनी बनाकर आमजनो को आनलाईन ट्रेडिंग की बात बताकर फर्जी बेवसाइट के माध्यम से पैसे कमाने का लालच देकर आनलाईन लाखों रुपए की धोखाधडी की जा रही है। साइबर क्राईम पुलिस स्टेशन पर बीते वर्ष चार सितंबर को अमित कुमार निवासी ज्वालापुर सुभाष नगर हरिद्वार प्रार्थना-पत्र के आधार पर धारा 420/120बी व 66डी आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

जिसमें पीड़ित को अज्ञात व्यक्ति की ओर से व्हाटसएप पर मैसेज भेजकर सोना/रेडवाईन मसाले आदि की चीन से ऑनलाइन ट्रेडिग पर इन्वेस्टमेंट करके ज्यादा मुनाफा कमाने का प्रलोभन देकर विभिन्न तिथियों में भिन्न-भिन्न खातों में 15 लाख रूपए की ठगी की गई। जांच निरीक्षक त्रिभुवन रौतेला को सौंपी गई। टीम ने घटना में प्रयुक्त विभिन्न बैक खातो की डिटेल/केवाईसी एवं मोबाईल नम्बरों की सीडीआर निकाली गई तथा इनका विश्लेषण किया गया। विश्लेषण से अपराध में मनी-लांड्रिग व चाईनिज कनेक्शन होना प्रकाश में आया। इस पूरी प्रक्रिया में न्यूनतम 1200 करोड़ के घोटाले का पर्दाफाश हुआ है। मामले में आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए गठित टीम की ओर से घटना में प्रयुक्त मोबाईल नंबर व शिकायतकर्ता से प्राप्त धनराशि की जानकारी प्राप्त की गयी तो प्रकाश में आए आरोपियों की ओर से स्वंय को जीएलसी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में आनलाईन ट्रेडिंग की बात बताकर फर्जी बेवसाइट के माध्यम से पैसे कमाने का लालच देकर पीड़ित से हुई धोखाधडी का संबंध फर्जी वेबसाइट (हांग-कांग, सिंगापुर) से पाए जाने पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए टीम को एनसीआर, नई दिल्ली व अन्य सम्भावित स्थानों में रवाना किया गया।

पुलिस टीम ने साक्ष्य जुटाते हुए नेपाल मूल के यम बहादुर निवासी विजय विहार, रोहणी सैक्टर 5, नई दिल्ली मूल निवासी ग्राम कारीकोट, राईडांडा, थाना वालिम, वार्ड नं 9, जिला शियांगजा, गंडकी अंचल नेपाल को नई दिल्ली से गिरफ्तार किया गया।




एसटीएफ की गिरफ्त में हवाला घोटाला करने वाले गिरोह का सदस्य।

### गिरोह के अपराध करने का तरीका

आरोपियों ने फर्जी कंपनी बनाकर आमजनता को आनलाईन ट्रेंडिग की बात बताकर फर्जी बेवसाइट के माध्यम से पैसे कमाने का लालच देकर आनलाईन धोखाधडी करना व आरोपियों व पकड़े गए सह आरोपी की ओर से भारत के अलग-अलग कोनो में दर्जनो फर्जी कंपनी बनाई गई थी और साईबर अपराधियो की ओर से फिल्मो की स्क्रीनिंग के नाम पर करोडो रुपये क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से भारत से बाहर भेजे गए। अपराध में प्रयुक्त बैवसाईट डिटेल से प्रतीत होता है कि ये बैवसाइट हांगकांग व सिगांपुर मे बनायी गई थी।

## नौकरी दिलाने के नाम पर हो रही ठगी से रहें सावधानः एसएसपी

**देहरादून।** विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखो रूपये की धोखाधडी का आरोपी पकड़ लिया है। पकड़े गए आरोपी ने लाखों रुपए लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र जारी किया था। पुलिस के अनुसार आरोपी के बैंक खातो की डिटेल खंगाली जा रही है। विदेश भेजने के नाम पर अन्य लोगो को भी लाखो का चूना लगा चुका है। कोतवाली लक्सर खतौली मुजफ्फनगर निवासी भूरा की ओर से विदेश में नौकरी के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने के संबंध में कोतवाली लक्सर में नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामले की छानबीन करने पर आरोपी गुलजार की ओर से अन्य लोगों के साथ भी विदेश में नौकरी लगाने का झांसा देकर लाखो रूपये की धोखाधड़ी किया जाना प्रकाश में आया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी की ओर से दिए गए दिशा निर्देशों के क्रम में पुलिस टीम की ओर से आरोपी को फर्जी नियुक्ति पत्र व अन्य दस्तावेजों के साथ दबोचा गया।

## कंबल दान कर लिया गया सेवा का संकल्प

- मकर संक्रांति पर किया गया खिचड़ी का वितरण

भास्कर समाचार सेवा



**देहरादून।** कांग्रेस की पछवादून की कार्यकारी जिलाध्यक्ष लक्ष्मी कपरूवान अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया की हर साल की भांति इस साल भी सहसपुर विधानसभा में मकर संक्राति का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सहसपुर बाजार में प्रसाद (खिचड़ी, मिष्ठान) वितरण तथा दीन-दुखियों को इस कड़कड़ाती ठंड में 50-60 कंबल दान कर सेवा का संकल्प लिया गया।

मकर संक्रांति उत्सव को असहाय लोगों की सेवा को समर्पित करते हुए खिचड़ी का वितरण किया। कार्यक्रम की व्यवस्था प्रदेश महामंत्री, कांग्रेस पीके अग्रवाल और पछवादून कार्यकारी जिलाध्यक्ष लक्ष्मी कपरूवान अग्रवाल द्वारा की गयी। लक्ष्मी कपरूवान अग्रवाल ने बताया कि हर साल की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर्व पर खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद पाया।

सभी के सहयोग से यह कार्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर नीलम थापा, अल्पना, कालू राम मेहता, मेहताब (प्रधान शेरपुर), नीतीश मौर्य (जिला उपाध्यक्ष), इकबाल सिद्धकी, मोईन खान,गुलाब धीमान (प्रदेश सचिव), सोमपाल (जिला अध्यक्ष वइब), राजेश शर्मा, तनवीर शेख, सलमान,फूल सिंह, रवि राजपूत, मासुद हसन, बाबू नाईक, नासिर, इसरत अली, सबाना खातून, नरेंद्र, एलम, नदीम खान, रुबीना आदि मौजूद रहे।

## पेपर लीक के विरोध में उक्रांद का आंदोलन करने का ऐलान

- प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबों को जलाकर गंगा में करेंगे विसर्जित

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिवप्रसाद सेमवाल ने कहा कि आने वाली 16 जनवरी को उत्तराखंड क्रांति दल ने प्रदेश के समस्त परीक्षा अभ्यर्थियों को एवं सभी बेरोजगार युवाओं को यूकेपीएससी के कार्यालय में जा कर परीक्षा की प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबों को जला कर उनकी राख को गंगा जी में विसर्जित किया जाएगा। उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय प्रवक्ता अनुपम खत्री ने सरकार से मांग की है कि वर्ष 2018 से लेकर अब तक यूकेपीएससी द्वारा कराई गई तमाम भर्तियों की जांच कराई जानी चाहिए। उत्तराखंड क्रांति दल महिला मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सुलोचना ईष्टवाल ने सवाल उठाया कि अनुभाग अधिकारी संजीव चतुर्वेदी पिछले 22 साल से आयोग में सेवारत हैं ऐसे में अब तक की तमाम भर्तियों पर सवालिया निशान खड़े हो जाते हैं। यूकेडी के केंद्रीय उपाध्यक्ष सुनील ध्यानी ने कहा कि सरकार को पंतनगर विश्वविद्यालय तथा यूबीटीआर आदि एजेंसियों द्वारा कराई गई परीक्षाओं की भी जांच होनी चाहिए, क्योंकि पंतनगर विश्वविद्यालय द्वारा कराई गई ऊर्जा निगम की भर्तियों में भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। यूकेडी सीबीआई जांच से कम किसी भी कीमत पर खामोश नहीं बैठेगा। प्रेस वार्ता में उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिव प्रसाद सेमवाल, अनुपम खत्री, सुनील ध्यानी, राजेंद्र पंत आदि शामिल थे।

## बच्चों ने स्पीकर से लगाई नौकरी बहाली की गुहार

- 27वें दिन भी जारी रहा विधानसभा से बर्खास्त कार्मिकों का धरना

भास्कर समाचार सेवा



विधानसभा के बाहर प्रदर्शन करते बर्खास्त कर्मचारी।

**देहरादून।** न्याय की गुहार को लेकर विधानसभा से बर्खास्त कार्मिकों का धरना प्रदर्शन 27वें दिन भी जारी रहा। धरने के दौरान बर्खास्त कर्मचारियों के बच्चों ने विधानसभा अध्यक्ष से गुहार लगाई की उनके माता-पिता की नौकरी बहाल की जाए जिससे उनके स्कूल की फीस, बैंकों से लिया गया ऋण चुकाया जा सके।

इस दौरान बर्खास्त कार्मिक राहुल पांडे का कहना है कि जहां एक ओर सरकार शिक्षा के लिए कई प्रकार की योजनाएं बना रही है। वहीं विधान सभा अध्यक्ष द्वारा पक्षपात पूर्ण कार्यवाही से कार्मिकों के बच्चे आज सड़क पर बैठने को मजबूर है। कार्मिकों ने कहा कि 7 वर्षो की सेवा को देखते हुए उनकी नौकरी बहाल की जाए ताकि बच्चों का भविष्य अंधकार में न रहे। कार्मिकों ने कहा की विधानसभा अध्यक्ष की ओर से 27 दिन बाद भी उनकी सुध नहीं ली गई।

इस दौरान सभी अनशन पर बैठे कार्मिकों ने स्पीकर के काफिले के सामने विधान सभा के प्रवेश द्वार पर न्याय की गुहार भी लगायी लेकिन विधानसभा अध्यक्ष की ओर से ऐसा रवैया अपनाया गया कि जैसे कार्मिक इस प्रदेश के ही ना हो। कहा की जब तक उनकी मांगे नहीं मानी गई तब तक इसी तरह बच्चों एवं परिजनों सहित अंतिम सांस तक इसी प्रकार न्याय की गुहार लगाते रहेंगे। इस दौरान धरने में प्रदीप सिंह, कपिल धोनी, दीप्ति, तुशांत बिष्ट, ललित कांडपाल, पंकज धोनी, रिशु सूर्या, अरविंद सिंह भंडारी, ओम प्रकाश, नीरज, अनिल नैनवाल, मोहन सिंह , मोनिका सेमवाल, आदि सहित समस्त बर्खास्त कार्मिक मौजूद रहे।

### बचत राशि से होगा कन्याओं का सामूहिक विवाह, निशुल्क दिव्यांग सेवा शिविर, सामूहिक भंडारा आयोजित

## 6 अप्रैल को होगी श्री बालाजी महाराज की भव्य शोभायात्रा

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत श्री श्री 108 रविंद्र पुरी जी महाराज के सानिध्य में मकर सक्रांति पर्व पर श्री हनुमान जी का सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन श्री पृथ्वीनाथ महादेव जी मंदिर में किया गया जिसमें मधुर भजन भी सुन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। पाठ के आयोजन विशेष रूप से अप्रैल माह में निकलने वाली श्री बालाजी महाराज की शोभायात्रा, भंडारा, कन्याओं का सामूहिक विवाह व उससे जुड़े अन्य तमाम कार्यक्रमों की शुभ तिथि घोषणा करने के लिए यह आयोजन किया गया।

दिगंबर दिनेश पुरी ने अवगत कराया की सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश जी के साथ ही श्री पृथ्वीनाथ महादेव जी का सामूहिक रूप से जलाभिषेक कर आने वाले समस्त आयोजनों के सुख शांति से संपन्न होने की प्रार्थना की गई। मंदिर में विराजमान श्री पंचमुखी हनुमान जी की दीप प्रज्वलन कर पूजा अर्चना कर इनको माल्यार्पण की गई इसके पश्चात श्री राम नाम के संपुट के साथ मुकेश यादव जी ने सामूहिक रुप से श्रीराम नाम के जाप के साथ श्री सुंदरकांड पाठ करना प्रारंभ किया। जनरल मर्चेंट एसोसिएशन देहरादून एवं सेवा दल की ओर से मंदिर के मुख्य द्वार पर खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर दिगंबर भागवत पुरी, दिगंबर दिनेश पूरी, विकी गोयल, दिलीप सैनी, सोहनलाल गर्ग, अशोक कुमार अग्रवाल, नवीन गुप्ता, अशोक ठाकुर, विनोद अग्रवाल, अनुराग गुप्ता, आदित्य अग्रवाल, प्रदीप गोयल, राजकुमार गुप्ता, प्रीति गुप्ता, संगीता गुप्ता, मेघा गर्ग, दीपक मित्तल, रीना मित्तल आदि मौजूद रहे।



बालाजी शोभायात्रा की तिथि निकालते दिगंबर दिनेश पुरी जी एवं समस्त सेवादल सदस्य।

### आपदा की शांति के लिए प्रार्थना की

अंत में सभी ने उत्तराखंड में जनपद जोशीमठ में आ रही आपदा की शांति के लिए प्रार्थना की और जो बेघर हो गए उनके लिए भी सुख शांति प्राप्त होने की प्रार्थना की गई। इससे पूर्व आज प्रातः में सेवादल ने श्री श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा का नेहरू कॉलोनी में मिष्ठान बांट कर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना कर स्वागत किया।

## बुजुर्ग महिला पुलिस ने मुंबई से की बरामद

**देहरादून।** कुछ दिन पहले सोशल मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के संज्ञान में एक वीडियो आया जिसमें एक बुजुर्ग महिला मुंबई की सड़क पर बैठी थी एवं वीडियो बनाने वाले को बता रही थी कि मैं अल्मोड़ा की रहने वाली हूं वहां मेरा बेटा और बेटी रहते हैं। मुख्यमंत्री ने इस महिला की खोज कर मुंबई से वापस घर लाने के लिए पुलिस विभाग को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक अल्मोडा प्रदीप कुमार राय ने तहकीकात की तो पता चला कि वायरल वीडियो में जो माता जी दिख रही हैं, वह हेमा देवी निवासी ग्राम कोटियाग तहसील भिकियासैण जिला अल्मोड़ा हैं। वे मानसिक रूप से विक्षिप्त हैं तथा पिछले 5-6 महीने से लापता हैं। उनकी गुमशुदगी दर्ज नहीं कराई गई है। अल्मोड़ा पुलिस की एक टीम मुंबई गई और उक्त बुजुर्ग महिला को तलाश कर लिया गया है।

## बेरोजगार व आपदा पीड़ित नही बल्कि कांग्रेस मायूस हैः चौहान

- युवाओं के नाम पर राजनीति करने का लगाया आरोप

भास्कर समाचार सेवा



**देहरादून।** भाजपा ने कहा कि जोशीमठ आपदा पीड़ितों और नकल मामले मे युवाओं के नाम पर राजनीति कर रही कांग्रेस हताश और निराश है।

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि धामी सरकार ने कैबिनेट बैठक मे पीड़ितों के राहत के लिए बेहतर कदम उठाये है और भविष्य मे जो भी बेहतर होगा अन्य कदम उठाये जायेंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद राहत कार्यो की मॉनिटरिंग कर रहे है। उन्होंने कहा कि पहले पीड़ितों को मुआवजे की मांग कर हल्ला मचाने वाली कांग्रेस तब बैक फुट पर आ गयी जब सरकार ने कैबिनेट मे प्रभावितों को बाजार रेट पर मुआवजा देने का निर्णय लिया। पीड़ितों को एडवांस मे भी धनराशि मुहैया कराई जा रही है। किराये के मकान के लिए 5 हजार प्रतिमाह दिये जाने का निर्णय लिया गया । इसके अलावा उनको एक साल तक बैंक ऋण तथा अन्य भुगतान मे भी राहत दी जा रही है। कांग्रेस अपनी जवाबदेही से बचने के लिए शोर मचाना चाहती है, लेकिन जोशीमठ को लेकर दशकों से आये सर्वे रिपोर्ट पर उसने क्या किया उसका जवाब नही सूझ रहा है।

page-4 page 1 1/14/2023 9:23 PM Page 1



आज ही के दिन 1998 में भारत के भूतपूर्व कार्यकारी प्रधानमंत्री गुलजारी लाल नंदा का निधन हुआ था।

# लैब के कर्मचारी ही निकले हत्यारे मांगी थी 70 लाख रूपए की फिरौती

## पुलिस ने किया पैथोलॉजी लैब संचालक हत्याकांड का खुलासा, हत्या कर शव को कट्टे में किया था बंद

भास्कर समाचार सेवा

**हरिद्वार।** पैथोलॉजी लैब संचालक हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने लैब के दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने मृतक के माता पिता से मोटी रकम ऐंठने के लाचल में अपहरण और हत्या की वारदात को अंजाम दिया। सीसीआर टावर में हत्याकांड का खुलासा करते हुए एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि शिवमंदिर चैक बहादराबाद निवासी कार्तिक कुमार रामधाम कालोनी मे अनिका पैथोलोजी लैब चलाता था। 12 जनवरी को लैब जाने के लिए निकला कार्तिक जब देर रात तक वापस घर नहीं लौटा तो परिजनों ने पुलिस में उसकी गुमशुदगी दर्ज करायी थी। पुलिस कार्तिक की तलाश ही रही थी कि इसी बीच सूचना मिली कि कार्तिक के मोबाइल से कार्तिक की मां अंगूरी देवी को कॉल कर उसकी जान की सलामती के लिए 70 लाख रूपए फिरौती मांगी गयी है। इसकी जानकारी मिलते ही एसपी क्राइम रेखा यादव, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार व सीओ ज्वालापुर निहारिका सेमवाल के साथ बहादराबाद पुलिस व सीआईयू की टीम गठित कर घटना के खुलासे व अपराधियों की धरपकड़ के निर्देश दिए गए। जांच पड़ताल में जुटी पुलिस टीम को जानकारी मिली कि कार्तिक ने 13 जनवरी को तीन ट्रांजेक्शन किए। शराब के ठेके, मुरादाबादी बिरयानी सेंटर व कृष्णा ट्रेडर्स से ट्रांजेक्शन होने की जानकारी मिलते ही संबंधित स्थानों की सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर लाल जैकेट पहने एक स्कूटी सवार लडका मोबाइल बारकोड से पैसे ट्रांसफर करते हुए दिखा। लड़के की पहचान पैथोलोजी लैब मे सैंपल लेने का काम करने वाले कर्मचारी निपेन्द्र के रूप में हुई। उसे हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ करने पर उसने लैब में ही काम करने वाले शहादत अली के साथ मिलकर कार्तिक की हत्या करने और शव शहादत अली के दादपुर स्थित किराए के कमरे में छिपाने की बात कबूल कर ली। इसके बाद शहादत को भी गिरफ्तार कर लिया गया और निपेन्द्र व शहादत की निशादेही पर कमरे के बाथरुम से कट्टे में पैक कर रखा गया कार्तिक का शव बरामद किया गया।



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी।

### निपेन्द्र व शहादत ने मिलकर दिया था वारदात को अंजाम

एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार हत्यारोपी शहादत अली निवासी कस्बा सहसपुर थाना स्योहारा जिला बिजनौर यूपी हाल निवासी सलेमपुर रानीपुर पिछले आठ माह से व निपेन्द्र कुमार निवासी मुस्तफाबाद गदनपुरा थाना हीमपुर दीपा जिला बिजनौर यूपी हाल निवासी सलेमपुर रानीपुर पिछले तीन माह से कार्तिक के लैब में काम कर रहे थे। कार्तिक माता पिता का इकलौता पुत्र था और उसके माता पिता का 70-80 लाख का मकान होने की जानकारी मिलने पर निपेन्द्र ने शहादत अली के साथ मिलकर वारदात का तानाबाना बुना। आरोपियों की योजना चुपके से शव को नाले में बहाकर फिरौती की रकम लेकर फरार होने की थी। आरोपियों ने उसका मोबाइल तोड़कर नहर मे फेंक दिया और छोटा ड मोबाइल प्रयोग किया।

## सारसुर्खियां

### दस लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की

**रुड़की।** हत्या के मामले में पुलिस ने दस लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। पुलिस ने हत्या का जल्द खुलासा करने का दावा किया है। पिछले सप्ताह बालेकी युसूफपुर के किसानन विवेक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने आसपास के दस से अधिक लोगों से अलग-अलग पूछताछ की है। थाना प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि दस से अधिक लोगों से पूछताछ कर हत्याकांड में अहम सुराग हाथ लगे है। जल्द हत्याकांड का खुलासा कर दिया जाएगा।

### आरोपी गिरफ्तार

**रुड़की।** एक सप्ताह पूर्व बंद मकान को खंगालने का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया है। कोतवाली क्षेत्र के न्यू गंगा एनक्लेव कॉलोनी निवासी अमित चौहान ने तहरीर देकर बताया था कि पत्नी मायके गयी थी। वह भी किसी निजी काम से शहर से बाहर थे। इस बीच बंद मकान के ताले तोड़कर माल चोरी किया गया था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। शनिवार को पुलिस ने कंबल, रूम हीटर आदि माल के साथ जावेद निवासी जानसठ मुजफ्फरनगर उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया।

### दुर्घटना में महिला समेत दो लोग घायल

**रुड़की।** शहर पुलिस चौकी के पास अनियंत्रित कार एक दुकान में जा घुसी। दुर्घटना में महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से दोनों का प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद कार को चालक घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया। घायलों में युवक की हालत गंभीर बतायी गयी है। शहर चौकी प्रभारी मनोज गैरोला ने बताया कि शमा परवीन पत्नी महबूब उर रहमान निवासी मलकपुरा रोड़ मोहल्ला किला मंगलौर, साहिल पुत्र इस्लाम निवासी मोहल्ला पठानपुरा मंगलौर घायल हुए है। दुर्घटना के बाद कार को चालक मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। पुलिस ने कार को कब्जे में लिया है।

# नाबालिग से दुष्कर्म का फरार इनामी दबोचा

## मेरठ में नाम बदलकर जिम ट्रेनर के रूप में कर रहा था काम

भास्कर समाचार सेवा

**हरिद्वार।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आठ साल से फरार आरोपी को कनखल पुलिस ने मेरठ से गिरफ्तार किया है। आरोपी के ऊपर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी मेरठ में नाम बदलकर जिम ट्रेनर के रूप में कार्य कर रहा था। कोर्ट में पेश करने के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

कनखल थाना प्रभारी नरेश राठौड़ के मुताबिक, वर्ष 2014 में धोखे से कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाने के बाद मुजफ्फरनगर निवासी नाबालिग लड़की के साथ कनखल क्षेत्र में दुष्कर्म की वारदात की गई थी। इस मामले में तत्काल मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी आशीष कुमार अग्रवाल निवासी सहदेवपुर पथरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लेकिन कोर्ट से जमानत मिलने के बाद आरोपी फरार हो गया था। आठ साल से आरोपी हत्थे नहीं चढ़ पा रहा था। एसएसपी अजय सिंह की तरफ से आरोपी की गिरफ्तारी पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। जिसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसओ नरेश राठौड़, एसएसआई अभिनव शर्मा, जगजीतपुर चौकी प्रभारी देवेंद्र तोमर को उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों में तलाश के लिए लगाया गया। आरोपी के मेरठ में होने का इनपुट मिलने के बाद टीम वहां पहुंची। मेरठ के मोहल्ला ब्रह्मपुरी से आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसओ नरेश राठौड़ ने बताया कि आरोपी रूद्र देव के फर्जी नाम से मेरठ में बतौर जिम ट्रेनर काम कर रहा था। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।



पुलिस की गिरफ्त में दुष्कर्म का फरार आरोपी।

# ट्रांसपोर्ट बुकिंग के नाम पर ऑनलाइन ठगी का खुलासा

- अंतरराज्यीय गिरोह के 6 सदस्यों को किया पुलिस ने गिरफ्तार

भास्कर समाचार सेवा

**डोईवाला।** ट्रांसपोर्ट बुकिंग के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

रानीपोखरी थाने पर मीडिया से वार्ता करते हुए एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि रानीपोखरी सीएससी सेंटर के संचालक विजय भट्ट निवासी रानीपोखरी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि सीएससी सेंटर में दो व्यक्ति आये और बताया कि हम आपके खाते में 50 हजार रुपये डलवा रहे हैं, जिसके बदले उन्होंने 50 हजार रुपये नगद दिए जाने की मांग की। लेकिन जब सीएससी संचालक के अकाउंट में 50 हजार रुपये आये तो उन्हें 49 हजार पांच सो रुपये नगद दे दिए। जब कुछ दिन बाद सीएससी संचालक अपने खाते से पैसे निकालने बैंक गया तो पता चला कि उनका खाता होल्ड हो चुका है। जानकारी जुटाने पर सीएससी संचालक को पता चला कि उनके साथ धोखाधड़ी की गई है। जिस पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। सभी छह आरोपित उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। इस दौरान पुलिस टीम में थानाध्यक्ष शिशुपाल राणा, उप निरीक्षक रघुवीर कप्रमाण, उपनिरीक्षक विक्रम सिंह नेगी, निरीक्षक मनोज कुमार, दिनेश सिंह, सुनील कुमार, धर्मेंद्र सिंह, वीर सिंह, संतोष सिंह व सर्विलेंस टीम से नवनीत, किरण आदि मौजूद रहे।

# वाहन चालकों/स्वामियों के लिए लगाया मेडिकल कैंप

- यातायात नियमों के संबंध में भी दी विस्तृत जानकारी

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार इस वर्ष माह जनवरी में 17 जनवरी तक 33 वां सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाए जाने के लिए कार्यक्रम प्रस्तावित है।

उक्त क्रम में सड़क सुरक्षा सप्ताह के चौथे दिन शनिवार को क्षेत्राधिकारी यातायात राकेश रावत, निरीक्षक यातायात विकास पुंडीर, उप निरीक्षक यातायात अरविंद सिंह राणा, एनएचएआई के लाइजनिंग अधिकारी अतुल शर्मा के द्वारा टोल प्लाजा बहादराबाद हरिद्वार के पास निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वाहन चालकों के निशुल्क नेत्र, शुगर, ब्लड प्रेशर आदि का परीक्षण किया गया। साथ ही एआरटीओ प्रवर्तन हरिद्वार रश्मि पंत, एआरटीओ प्रशासन हरिद्वार रत्नाकर, उपनिरीक्षक यातायात मोहित सिंह रौथाण व अपर उप निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह की ओर से सिडकुल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के साथ मिलकर हिंदुस्तान पैट्रोलियम पैट्रोल पंप सिडकुल में समस्त ट्रांसपोर्ट स्वामियों, वाहन स्वामियों, चालकों के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम में यातायात नियमों की जानकारी प्रदान की।

# हर्षोल्लास से मनाया महासंघ का स्थापना दिवस

- सैंकड़ों लोगों ने ग्रहण किया खिचड़ी प्रसाद

भास्कर समाचार सेवा

**हरिद्वार।** विश्व हिन्दू परिषद से संबद्ध धर्म यात्रा महासंघ का 30वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बैरागी कैंप कनखल में आयोजित समारोह में हवन, पूजन व प्रभु संकीर्तन के साथ सैंकड़ों लोगों ने सामाजिक समरसता का प्रतीक खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया।

राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ व धर्मयात्रा महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में हुए स्थापना दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए धर्मयात्रा महासंघ के राष्ट्रीय मंत्री डा. रजनीकांत शुक्ल ने कहा कि धर्मयात्रा महासंघ की स्थापना विहिप के तत्कालीन अन्तराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंघल ने की थी। मकर संक्रांति पर्व पर अस्तित्व में आए इस महासंघ की आज भारत के सभी प्रांतों में संगठन व शाखाएं हैं। महांसंघ की मांग पर अनेक राज्य सरकारों ने पर्यटन मंत्रालय से अलग तीर्थाटन मंत्रालय भी बनाए हैं।

समारोह में महासंघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष डा. चन्द्रधर काला, महिला मण्डल की राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा गुप्ता, प्रांतीय कोषाध्यक्ष डा. उपेन्द्र गुप्ता, डा. शैलेन्द्र, रविदत्त शर्मा तथा पूर्व पार्षद ललिता मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सामाजिक समरसता व धर्म जागरण के प्रति खिचड़ी भोज में सैंकड़ों लोगों के प्रसाद ग्रहण के साथ समारोह संपन्न हुआ। कमलेश्वर मिश्रा ओर संघ के नगर विद्यार्थी प्रमुख आदित्य के संयोजन में हुए समारोह में नगर प्रचारक नरेश मुखर्जी, डा. विजयपाल सिंह, शेर सिंह, सुषमा मिश्रा, जानकी प्रसाद, नरेश चौहान, मंजू अग्रवाल आदि की प्रमुख भूमिका रही।



स्थापना दिवस पर खिचड़ी प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

## खबर एक नजर

### खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया



**हरिद्वार।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर श्री परशुराम घाट गोविंदपुरी पर श्री परशुराम घाट समिति की ओर से मकर सक्रांति पर पूजन कर खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। सूर्य मंत्रों के जरिए आहुतियां दे विशेष सूर्य महायज्ञ किया गया तथा सूर्य पूजा की गई। श्री परशुराम घाट के अध्यक्ष पंडित रवि कांत शर्मा ने कहा कि सूर्य नारायण भगवान से प्रार्थना करते हैं कि हमारा उत्तराखंड सुरक्षित रहे। भगवान बद्री विशाल की कृपा उत्तराखंड पर हमेशा बनी रहे। खिचड़ी प्रसाद वितरण के दौरान परशुराम घाट के अध्यक्ष रवि कांत शर्मा, अमित कौशिक, अमित शर्मा, प्रवीण कुमार शर्मा, सुनील शर्मा, मनीष गर्ग, अनूप जोशी, समय सिंह यादव आदि मौजूद थे।

### लघु व्यापारियों को मिले भयमुक्त रोजगार के अवसरः चोपड़ा

**हरिद्वार।** मकर संक्रांति पर लघु व्यापारियों ने लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के संयोजन में खिचड़ी, रेवड़ी, तिल के लड्डू का प्रसाद वितरित किया और सभी के लिए मंगलकामना की। इस अवसर पर संगठन का विस्तार करते हुए हर की पैड़ी, प्राचीन काली मंदिर भीम गौड़ा इकाई का गठन किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा कि लघु व्यापारियों को भयमुक्त रोजगार के अवसर दिए जाने चाहिए। इस अवसर पर पिंक महिला वेंडिंग जोन की अध्यक्ष पूनम माखन, मनोज मंडल, महेंद्र सैनी, दिलीप गुप्ता, विकास सक्सेना, नंदकिशोर, कमल कुमार आदि सहित बड़ी संख्या में लघु व्यापारी शामिल रहे।

### वृक्षारोपण कर मनाया मकर सक्रांति पर्व

**हरिद्वार।** उत्तरायणी उत्सव मकर सक्रांति पर्व पर उदय भारत सिविल सोसायटी की ओर से प्रेम नगर घाट नहर पटरी पर वृक्षारोपण कर हरियाली का संदेश देते हुए इसे आज की जरूरत बताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर ग्रीन मैन विजयपाल बघेल की मौजूदगी में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया। इस अवसर पर विजयपाल बघेल ने कहा की पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी हम सब की है और हमें सबको मिलकर पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। संस्था की फाउंडर मेंबर हेमा भंडारी ने कहा कि आपदा से सबक लेने की जरूरत है। फाउंडर मेंबर अनिल सती और ओपी मिश्रा ने कहा कि यहां जल जंगल और जमीन का विशेष महत्व है। इस अवसर पर हेमा भंडारी,अनिल सती, ओपी मिश्रा, संजू नारंग, धीरज पीटर, यशपाल सिंह चौहान, अभिषेक शर्मा, कुलदीप, आशीष, मयंक गुप्ता, शाह अब्बास आदि मौजूद मयंक गुप्ता मौजूद रहे।

### पूजा अर्चना कर मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व

**रुड़की।** हरिद्वार दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ शिकारपुर स्थित आंचल डेरी में मकर सक्रांति का पर्व पूजा अर्चना कर मनाया गया। इस अवसर पर चौधरी डॉ रणवीर सिंह द्वारा कहा गया की मकर सक्रांति को सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण मे प्रवेश करता है। धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है। इससे तापमान बढ़ना प्रारंभ हो जाता है प्रकृति में सकारात्मक परिवर्तन होता है । अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ते हैं प्रकृति से परिवर्तन की प्रेरणा लेते हुए हमें सामाजिक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन के लिए कार्य करना चाहिए। सहकारिता के माध्यम सेग्रामीण दूध उत्पादकों को शहरी दूध उपभोक्ता से जोड़कर श्वेत क्रांति को सफल बनाया जा रहा है जिससे सामाजिक और आर्थिक समानता बढ़ रही है। खिचड़ी का प्रसाद बाटा गया इस अवसर पर सहदेव सिंह पुंडीर, दिनेश सैनी मोहित ठाकुर, राकेश चौधरी, बाबू यादव, मुकेश पहलवान, शिवकुमार, अक्षय कुमार, शहजाद,दुष्यंत, रजनीश,वर्णित त्यागी, जावेद विजय अशोक नेगी शकुंतला आदि मौजूद रहे।

### दान पुण्य से होती है सुख समृद्धि की प्राप्तिः नीलम

**रुड़की।** सर्व समाज सेवा संगठन के तत्वाधान में मकर सक्रांति पर्व के अवसर पर गणेश चौक पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगठन की संस्थापक और अध्यक्षा नीलम चौधरी के नेतृत्व में मकर सक्रांति पर राहगीरों, आसपास के लोगों को खिचड़ी वितरण किया गया। उन्होने मकर सक्रांति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस पर्व पर खिचड़ी का वितरण करना पुण्य माना जाता है। उन्होनें कहा कि मकर सक्रांति पर दान पुण्य करने से सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है और इस दिन दान पुण्य करने की विशेष परंपरा हिंदू धर्म में मौजूद है। इस अवसर पर भाजपा नेता अशोक चौधरी, रविंद्र बंसल, मोहित चौधरी, गौरव चौधरी, गीता शर्मा, तृप्ति कंसल, रचना वर्मा, अर्जुन सिंह आदि मौजूद रहे।

### शांतिभंग में चालान किया

**रुड़की।** गंदे पानी की निकासी को लेकर वाजिद और इमरान में कहासुनी से मामला हाथापाई तक पहुंच गया। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी मनोज नौटियाल, सिपाही गंगा सिंह, अजीत तोमर के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों लोगों को समझाया गया लेकिन वह नहीं माने। इस पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया।

राष्ट्र कल्याण, विश्व शांति एवं जोशीमठ में आई आपदा के निवारण के लिए किया गया विशेष सूर्य महायज्ञ

# उत्तराखंड पर हमेशा बनी रहे भगवान बद्री विशाल की कृपाः सेमवाल

भास्कर समाचार सेवा

**रुड़की।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर उत्तराखंड ज्योतिष परिषद के तत्वावधान में राजपूताना स्थित ज्योतिष गुरुकुलम में राष्ट्र कल्याण, विश्व शांति एवं जोशीमठ में आई आपदा के निवारण के लिए विशेष सूर्य महायज्ञ का आयोजन किया गया,जिसमें 1008 आहुतियां दी गई। सूर्य मंत्रों के जरिए आहुतियां दे विशेष सूर्य महायज्ञ किया गया तथा सूर्य पूजा की गई। भगवान शिव शंकर जी का अभिषेक भी किया गया।

ज्योतिष गुरुकुलम के अध्यक्ष आचार्य पं. रमेश सेमवाल ने कहा कि आज उत्तराखंड देवभूमि में शंकराचार्य जी की भूमि जोशीमठ खतरे में है। आपदा आई हुई है, इसके निवारण के लिए हम सूर्य नारायण भगवान से प्रार्थना करते हैं कि हमारा उत्तराखंड सुरक्षित रहे, भगवान बद्री विशाल की कृपा उत्तराखंड पर हमेशा बनी रहे। आचार्य सेमवाल ने कहा कि यज्ञ से देवता प्रसन्न होते हैं और देव शक्तियों का आशीर्वाद मिलता है। उन्होंने कहा कि हमें राष्ट्र के कल्याण के लिए प्रार्थना की, पूरे विश्व के कल्याण की कामना की। मंत्र शक्ति से परमात्मा प्रसन्न होते हैं और हिंदू सनातन संस्कृति में यज्ञ का बड़ा महत्व है। भाजपा के जिला अध्यक्ष शोभाराम प्रजापति, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सचिन गुप्ता ने कहा कि मकर संक्रांति का पावन पर्व उत्तरायण पर्व बहुत श्रेष्ठ दिन होता है। इस दिन की साधना फलीभूत होती है। आज के दिन अनुष्ठान और पूजन से निश्चित रूप से विश्व का कल्याण होगा और जोशीमठ में आई हुई आपदा दूर होगी। कार्यक्रम में सिविल लाइन कोतवाली इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह चौहान, भाजपा के महामंत्री प्रवीण सिंधु, जिला उपाध्यक्ष भीम सिंह, पंकज नंदा, ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष सतीश शर्मा, पूजा नंदा, सूर्यवीर मलिक, धर्मवीर शर्मा, श्रीवास्तव, चित्रा गोयल, सुलक्षणा सेमवाल, राधा भटनागर, रेनू शर्मा, परीक्षा वर्मा, गौरव वर्मा, नरेंद्र भारद्वाज, बीएल अग्रवाल, आदिति सेमवाल व इमरान देशभक्त आदि मौजूद रहे।



सूर्य महायज्ञ में आहुतियां देते ज्योतिष गुरुकुलम के अध्यक्ष व अन्य।

# शहर से देहात तक सजी पुलिस की चौपाल

**हरिद्वार।** एसएसपी अजय सिंह की ओर से जनता के और करीब जाकर समाज में घुल रहे जहर के प्रति आमजन को जागरुक कर मुख्यमंत्री के ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025₹ को सफल बनाने के लिए जनपद पुलिस को दिए गए मूल मंत्र पर काम करते हुए हर शनिवार को आयोजित की जा रही चौपाल के तहत आज एक बार फिर शहर से देहात तक हरिद्वार पुलिस की चौपाल सजी।

हरिद्वार पुलिस की ओर से ₹एक मौहल्ला एक गांव₹ थीम पर काम करते हुए आयोजित की गई चौपाल में स्थानीय जनता द्वारा भी बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया गया तथा नशे को समाज से दूर करने के लिए हर संभव सहयोग करने का वचन दिया गया।

# कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समितियां गठित की

- उत्तरायणी महोत्सव की अंतिम तैयारी को लेकर हुई बैठक

भास्कर समाचार सेवा

**हरिद्वार।** शनिवार को मकर संक्रांति उत्तरायणी महोत्सव की अंतिम तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक राजकीय ऋषिकुल आयुर्वेदिक चिकित्सालय के मैदान में पहाड़ी महासभा के अध्यक्ष सुभाष पुरोहित की अध्यक्षता में एवं संचालन महामंत्री इंद्र सिंह रावत ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए महामंत्री इंद्र सिंह रावत ने 15 जनवरी को होने वाली मकर संक्रांति उत्तरायणी के महोत्सव की तैयारी के बारे में विस्तार से बताया व कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समितियां गठित की। अध्यक्ष पहाड़ी महासभा सुभाष पुरोहित ने कहा कि यह समितियों के संचालक अपनी व्यवस्था सुचारू रूप से संभालेंगे और कार्यक्रम को भव्यता देने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ साथ अन्य व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं। बैठक में सतीश जोशी, त्रिलोक चंद भट्ट, दीपक नोटियाल, महावीर नेगी, सरिता पुरोहित, पुष्पा चौहान, एसपी चमोली, डॉ संतोष कुमार चमोला, राकेश नोडियाल, अजय घनशेला, दिनेश लखेड़ा, जसवंत सिंह बिष्ट, राजेश रतूड़ी, रमेश चंद्र पंत, योगेंद्र सिंह नेगी, केएन भट्ट, मनोज पोखरियाल, राजपाल सिंह पंवार, सौरभ कंडवाल, महावीर चौहान, दीपक पांडेय, प्रकाश चंद्र भट्ट, नवीन चंद्र पंत, शिवेंद्र सिंह खयानत, अशोक सिंह रावत, धीरज बिष्ठ, सुभाष पुरोहित, इंद्र सिंह रावत इत्यादि ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना पूर्ण सहयोग देने का निर्णय लिया।

page-5 page 1 14-Jan-23 9:52 PM Page 1



## सारसुर्खियां

### बांध के ऊपर से जल्द बढ़ाएं आवागमन की अवधि: किशोर

**टिहरी।** विधायक किशोर उपाध्याय ने जिलाधिकारी से अपील की कि पवित्र माघ मास के आलोक में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह के दिशा निर्देशों के अनुसार टिहरी बांध के ऊपर आने-जाने की अवधि एक घंटे बढ़ाई जाए। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने टिहरी बांध विस्थापतों व प्रभावितों को उचित पहचान पत्र प्रदर्शित करने पर 24 घंटे आवागमन की अनुमति प्रदान करने को कहा है। उपाध्याय ने जिलाधिकारी को पत्र लिखते हुए कहा कि वे यथाशीघ्र टीएचडीसी के अधिकारियों व सीआइएसएफ के अधिकारियों की बैठक बुलाकर इस संबंध में उचित व्यवस्था बनाएंगे।

### कल लगेगा स्वास्थ्य शिविर

**टिहरी।** नगर पंचायत गजा के बारातघर में कल आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक चिकित्सा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय बेरनी में कार्यरत डॉ. भास्कर आनंद ने बताया कि 16 जनवरी को बारातघर गजा में संयुक्त निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पोखरी के डॉ. साकेत गुप्ता तथा राजकीय होम्योपैथिक अस्पताल ओडाडा के कार्यरत डॉ. शैलेंद्र उनियाल स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां वितरित करेंगे। शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत गजा अध्यक्ष मीना खाती द्वारा किया जाएगा।

### सरकार जल्द राहत कार्य करे शुरू: कुकरेती

**विकासनगर।** शनिवार को यूकेडी कार्यालय विकासनगर में केंद्रीय संरक्षक सुरेंद्र कुकरेती ने जोशीमठ के लिए वाहन में राहत सामग्री को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल जोशीमठ के हालात को लेकर अत्यंत चिंतित है। हम सरकार से यह मांग करते हैं कि जोशीमठ की स्थिति को देखते हुए सरकार यथाशीघ्र राहत के कार्य शुरू करें।

# प्रभावितों की सुरक्षा सरकार की पहली प्राथमिकता: भट्ट

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और उच्च शिक्षामंत्री ने पत्रकार वार्ता में बताए सरकार के कार्य

भास्कर समाचार सेवा

**चमोली।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट एवं उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने शनिवार को जोशीमठ में प्रेस वार्ता की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जोशीमठ नगर क्षेत्र में भूधंसाव से प्रभावित लोगों के जानमाल की रक्षा करना सरकार की पहली प्राथमिकता थी। सरकार ने पहले चरण के तहत प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर रखा है। उनके लिए राहत कैंप बनाए गए हैं। यहां पर उनके रहने की समुचित व्यवस्था भी की गई है। जोशीमठ में कुछ समय से भूधंसाव की स्थिति में ठहराव आया है, जो कि राहत की बात है।

उन्होंने कहा कि सरकार की दूसरी प्राथमिकता लोगों के मन से भय का वातावरण को समाप्त करना है। इसके लिए जन सहयोग की आवश्यकता है। सरकार और प्रशासन जनता के बीच लगातार बना हुआ है। जोशीमठ धार्मिक क्षेत्र हैं। साथ ही औली विश्व प्रसिद्ध हिम क्रीड़ा स्थल है। यहां की शीतकालीन यात्रा और यहां के लोगों की आर्थिकी प्रभावित न हो, इसके लिए भी जनजागरण का काम किया जा रहा है। भूधंसाव से प्रभावित परिवारों का विस्थापन उनकी इच्छा के अनुसार कराया जाएगा। इसके लिए पांच स्थानों का चयन भी किया गया है।

जो व्यक्ति जिस स्थान पर रहना चाहता है, उसका विकल्प उनसे ही लिया जाएगा। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार इस विपदा की घड़ी में पूरी तरह से जोशीमठ की जनता के साथ खड़ी है।

सरकार ने कैबिनेट बैठक में प्रभावितों के हित में महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं, जिनका प्रभावितों को सीधा लाभ होगा। सरकार पूरे राज्य में सर्वे कराने जा रही है। जहां भी ऐसी स्थिति उत्पन्न हो रही है, उनके लिए पहले से ही पूरी प्लानिंग से विकास कार्य किए जाएंगे।



पत्रकारों से वार्ता करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट तथा उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत।

### गणतंत्र दिवस पर एनटीपीसी को घेरेगा पैनखंडा

जोशीमठ में निरंतर हो रहे भूधंसाव को लेकर जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति द्वारा किए जा रहे आंदोलन के अगले चरण में समिति ने जल विद्युत परियोजना एनटीपीसी का घेराव करने का मन बनाया है। समिति के नेता अतुल सती ने कहा कि वे गणतंत्र दिवस पर एनटीपीसी के दफ्तर का घेराव करेंगे। इसके लिए समिति के लोग गांव-गांव जाकर लोगों से वार्ता कर रहे हैं। इस घेराव में पूरा पैनखंडा शामिल रहेगा। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी अपनी गलती मानते हुए प्रभावितों को धनाढ्य मदद करना सुनिश्चित करें। जोशीमठ में आई भीषण आपदा का एकमात्र कारण एनटीपीसी की सुरंग है।

### कंबल दे रहे हो, लेकिन रखें कहां? घर तो रहा ही नहीं...

जोशीमठ में हो रहा भूस्खलन धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। शहर के सभी इलाके मोहल्ले दरारों के जाल में समा रहे हैं। अभी तक 700 के लगभग लोगों ने अपने घर छोड़ दिए हैं। इनमें से 300 लोग नगर छोड़कर अपने अपने गांव की तरफ पलायन कर गए हैं। पलायन करने वालों में कुछ किराएदार भी मौजूद है। बचे 400 के लगभग लोगों की खाने और रहने की व्यवस्था राहत शिविरों में की गई है। जो अभी भी अपने पशुओं की देखभाल करने उनको चारा देने और दूहने के लिए टूटे-फूटे घरों में ही जा रहे हैं। देवभूमि में आई इस भीषण आपदा के मद्देनजर राहत के नाम पर सरकार द्वारा प्रभावितों तक कुछ खाद्य सामग्री चंद पैसे गर्म कपड़े और कंबल पहुंचाए जा रहे हैं। प्रभावितों का कहना है कि उन्हें कंबल गर्म कपड़ों की आवश्यकता नहीं है। कंबल और गर्म कपड़े उनके पास पर्याप्त हैं, लेकिन रखने का स्थान नहीं है क्योंकि वो बेघर हो गए हैं। ऐसे में प्रभावित परिवार सरकार से उनके स्थाई विस्थापन की मांग कर रहे हैं। परिवारों का कहना है, कि जल्द से जल्द उन्हें रहने का ठिकाना दे दिया जाए। जोशीमठ के स्वी मोहल्ले में रहने वाली भगवती भट्ट कहती हैं कि मार्च महीने में उनकी बिटिया का विवाह होना सुनिश्चित हुआ है। उसके लिए उन्होंने हजारों रुपए का सामान खरीदकर घर पर रखा था, लेकिन अब वह सामान को सुरक्षित रखने के लिए ठिकाना ढूंढ रही हैं।




# पेपर लीक प्रकरण में जल्द कार्रवाई की मांग

- भाजपा शासन में युवाओं का भविष्य अधर में

भास्कर समाचार सेवा

**विकासनगर।** पछवादून कार्यकारी जिलाध्यक्ष लक्ष्मी कपरूवान अग्रवाल के नेतृत्व में शनिवार को सहसपुर में भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया। लक्ष्मी कपरूवान अग्रवाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि धामी सरकार पूर्णताः भ्रष्ट सरकार बन चुकी है। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की आठ जनवरी को हुई पटवारी-लेखपाल भर्ती परीक्षा मे हुए घोटाले पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यदि सरकार भ्रष्ट लोगों के खिलाफ सत्य कार्रवाई नहीं करती है तो मजबूरी में उन्हें सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई है, तब से हर भर्ती में घोटाले हो रहे हैं। युवाओं के भविष्य के साथ सरकार खिलवाड़ कर रही है।

अब ताजातरीन पटवारी परीक्षा का पेपर लीक होने का मामला सामने आया है। पूर्व में यूकेएसएसएससी परीक्षा में 43 लोग जेल में बंद हैं। उन्होंने पटवारी भर्ती पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच की मांग की है।

इस मौके पर नीलम थापा, कालूराम मेहता, मेहताब(प्रधान शेरपुर), नीतीश मौर्य(जिला उपाध्यक्ष), मोईन खान, गुलाब धीमान(प्रदेश सचिव) आदि उपस्थित रहे।

# तीन वर्ष से फरार ईनामी आरोपी दबोचा

- पुलिस ने मुंबई से किया गिरफ्तार

भास्कर समाचार सेवा

**विकासनगर।** थाना सहसपुर पुलिस ने तीन वर्ष से फरार ईनामी आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

थाना अध्यक्ष गिरीश नेगी ने बताया कि थाना सहसपुर में पंजीकृत मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी किरण पुरुषोत्तम चौहान पुत्र पुरुषोत्तम चौहान निवासी अयूब भाई चाल सोसायटी रोड नियर रेलवे कॉलोनी खादी भवन जूहू मुंबई महाराष्ट्र लगभग तीन वर्ष से फरार चल रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। थाना सहसपुर पुलिस की गठित टीम ने आरोपी को मुंबई महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने 13 मार्च 2020 को रमेश कुमार से कंपनी के स्क्रैप पार्ट खरीदने के नाम पर 12 लाख रुपए अलग-अलग किस्तों में अपने खाते में डलवा लिए थे। मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी पुलिस से बचकर घूम रहा था।



पुलिस की गिरफ्त में ईनामी आरेपी।



विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम में शुक्रवार देर रात को रुक-रुक कर बारिश के बाद साल की पहली बर्फबारी हुई। हल्की बर्फबारी के बाद गंगोत्री धाम का दृश्य।

# हमारी संस्कृति को जीवंत रखते हैं मेले: पोरी

- मकरैंण मेले के दूसरे दिन लोकगायकों ने बिखेरी छटा

भास्कर समाचार सेवा

**पौड़ी।** जनता इंटर कॉलेज परसुंडाखाल में आयोजित मकरैंण मेले के दूसरे दिन स्थानीय लोकगायकों ने रंगारंग कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान महिलाओं की रस्साकसी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। शनिवार को जनता इंटर कॉलेज परसुंडाखाल में आयोजित मेले में लोकगायक विजय शैलानी, मनोज मंद्रवाल तथा प्रीती ने लोकगीतो की शानदार प्रस्तुति दी। लोकगायक विजय शैलानी के लोकगीतों में बच्चे व बुजुर्ग जमकर झूमे। मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार पोरी ने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मेले हमारी संस्कृति को जीवंत रखने का उदाहरण है। उन्होंने ऐसे मेलों के आयोजनों पर जोर दिया। समिति द्वारा जनता इंटर कॉलेज परसुडांखाल के मैदान तक सड़क व मैदान के चौड़ीकरण पर विधायक ने समिति को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख ने कहा कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिलते हैं। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख पौड़ी दीपक कुकशाल, समिति के अध्यक्ष कुलदीप रावत, सचिव प्रशांत रावत, कोषाध्यक्ष कुलदीप गुंसाई आदि शामिल थे। संचालन वीरेंद्र रावत ने किया।



मकरैंण मेले के दौरान विधायक राजकुमार पोरी।

# दो वर्ष बाद दिखा माघ मेले का पौराणिक स्वरूप

- गंगा कलश यात्रा के साथ हुआ विधिवत उद्घाटन

भास्कर समाचार सेवा

**उत्तरकाशी।** माघ मेला 2023 का कंडार देवता व हरिमहाराज के ढोल के सानिध्य तथा गंगा कलश यात्रा निकालकर विधिवत उद्घाटन हुआ। इसी के साथ घंडियाल देवता, राजराजेश्वरी देवी, कैलापीर महाराज, नागराजा देवता व नर्सिंग भगवान की चल विग्रह डोली भी मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने दीप प्रज्वलित कर माघ मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि माघ मेला अपने पौराणिक स्वरूप में सजा है। इसी की साथ जनपद तथा बाहर से आने वाले सैलानियों का मेले में जनपद उत्तरकाशी की ओर से हार्दिक स्वागत किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने माघ मेला 2023 की सभी जनपद वासियों को शुभकामनाएं दी।साथ ही मेला के भरपूर लुत्फ लेने की बात कही। इसी के साथ उन्होंने कहा कि माघ मेला अपने भव्य रूप से सजा है। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष रमेश सेमवाल, ब्लॉक प्रमुख डुंडा शैलेंद्र कोहली, ब्लॉक प्रमुख भटवाड़ी विनीता रावत, सीडीओ गौरव कुमार तथा जिला पंचायत सदस्य एवं नगरपालिका बाड़ाहाट के सभासद मौजूद रहे।



# रोमांचक मुकाबले में मैखोली एकादश और रॉयल गढ़वाल जीते

- आज होगा टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला

भास्कर समाचार सेवा

**गैरसैंण।** शंखनाद ग्रुप द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय मां पाथावार नंदा क्रिकेट टूर्नामेंट का शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला मैखोली एकादश और इलेवन स्टार चौखुटिया के बीच खेला गया। इलेवन स्टार चौखुटिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और रॉयल गढ़वाल को 132 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मैखोली एकादश की टीम ने 12 ओवरों में ही लक्ष्य को हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। मैखोली की टीम से लक्ष्य ने सर्वाधिक 62 रनों की शानदार पारी खेली। शिवम 50 रन और 1 विकेट हासिल कर मैन ऑफ द मैच बने।

टूर्नामेंट का अंतिम सेमीफाइनल मुकाबला रॉयल गढ़वाल गैड़ और दुर्गा देवी ठेकेदार संघ के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दुर्गा देवी ठेकेदार की टीम ने 15 ओवर में 124 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल गढ़वाल की टीम ने 14 ओवर में ही 4 विकेट खोकर जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। रॉयल गढ़वाल के पंकज 37 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच रहे।

सेमीफाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि राज्य आंदोलनकारी सुरेश कुमार बिष्ट रहे। इस दौरान शंखनाद ग्रुप के अध्यक्ष पंकज गैडी, कोषाध्यक्ष महावीर कंडारी, मनीष गौड़ ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कॉमेंटेटर की भूमिका में जगदीश ढोंडियाल (जेपी), सुनील राज, जगदीश टम्टा ने दर्शकों को मैच का आंखों देखा हाल सुनाया। अम्पायर की भूमिका में गौरव कुमार मोनू और दर्शन पंवार मौजूद रहे।



सेमीफाइनल मुकाबले में शार्ट लगता रॉयल गढ़वाल का खिलाड़ी।

## जिलाधिकारी ने किया रैन बसेरे का निरीक्षण, लोगों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की ली जानकारी

# शीतकाल में लोगों का जीवन बचाना हो प्राथमिकता: गहरवार

भास्कर समाचार सेवा

**टिहरी।** शीतकाल में कोई भी व्यक्ति खुले में न रहे, लोगों के जीवन को बचाना प्राथमिकता हो। यह बात जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल डॉ. सौरभ गहरवार द्वारा रैन बसेरा का स्थलीय निरीक्षण के दौरान कही।

जिलाधिकारी द्वारा नई टिहरी, बौराड़ी बस स्टेशन स्थित रैन बसेरे का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने रैन बसेरे में ठहरने वालों की जानकारी लेने के साथ ही उनको उपलब्ध कराई जा रही सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नई टिहरी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कुछ दिन पूर्व रैन बसेरे में ठहरे व्यक्तियों से दूरभाष पर वार्ता कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा संतुष्ट नजर आए। जिलाधिकारी द्वारा अलाव जलाये जा रहे सार्वजनिक स्थलों की जानकारी लेते हुए उनका स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद नई टिहरी को निर्देशित किया कि कोई भी व्यक्ति ठंड में परेशान न हो। सभी बैडों में अतिरिक्त गद्दे, तकिए, कंबल रखना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सभी रूम हीटर के पॉवर प्लग लगाने, गेट व सीढ़ियों की रेलिंग पर पेंट करवाने, दीवारों पर पुताई करवाने आदि के निर्देश दिए।

इस दौरान जिलाधिकारी ने बस स्टेशन के पास झूलती विद्युत तारों को हटाने, अंधरे वाले स्थानों पर लाइट लगाने, सुलभ शौचालय को खुलवाने, बस स्टेशन की रोड़ को ठीक करवाने तथा साफ सफाई करने के निर्देश दिए गए।

अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद नई टिहरी ने अवगत कराया कि नई टिहरी बौराड़ी बस स्टेशन स्थित रैन बसेरे में 24 बैड लगाए गए हैं तथा 7 स्थलों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है।

इस अवसर पर एसडीएम टिहरी अपूर्वा सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग बौराड़ी डीएम गुप्ता, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद नई टिहरी एमएल शाह आदि मौजूद रहे।



रैन बसेरे का निरीक्षण करते जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार।

# विद्यालय जाकर ही बनेगा एससी-एसटी का भविष्य: कुंवर



**विकासनगर।** भारत अधिकार संवैधानिक संरक्षण मंच के संयोजक दौलत कुंवर ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के सीमांत जनपद उत्तरकाशी थाना मोरी सालरा गांव में पांच दिन पहले एक युवक को मंदिर में प्रवेश पर जो यातनाएं दी गईं, उससे किसी भी की रूह कांप जाएगी। पीड़ित इस समय जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। हालांकि दोषियों की गिरफ्तारी तो हो गई है, लेकिन दोषी कुछ दिन में ही जेल से रिहा हो जाएंगे। भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर ने कहा था कि अनुसूचित जाति के लोगों को देवालयों में नहीं, बल्कि विद्यालयों में जाना चाहिए। शिक्षा से ही दलितों का उद्धार हो सकता है, न कि मंदिर जाकर।

# 15 महीने से अंधेरे में रहने को मजबूर पुष्पा

- हर जगह लगा चुकी समाधान की गुहार

भास्कर समाचार सेवा

**चिन्यालीसौड़।** ग्राम पंचायत सूरी निवासी अनुसूचित जाति की विधवा महिला पुष्पा देवी बीते 15 महीनों से बिना बिजली अंधेरे मे रहने को मजबूर हैं। उन्होंने ग्राम प्रधान से लेकर विद्युत विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों तक अपनी समस्या को दूरभाष व मौखिक रूप से दी, लेकिन गरीब महिला की समस्या को सुनने वाला कोई नहीं है।



उन्होंने कनिष्ठ उप प्रमुख उर्मिला रांगड़ के सम्मुख अपनी समस्या रखी तो उन्होंने दूरभाष से विद्युत विभाग के एसडीओ को तत्काल गरीब महिला के घर पर बिजली लाइन सुचारु करने का निर्देश दिया, परंतु आज तक समस्या जस की तस है। इस समस्या के डेढ़ साल बीत जाने पर भी विद्युत विभाग द्वारा अनुसूचित जाति की गरीब महिला के घर पर बिजली सुचारू नहीं की जा सकी है।

ताज्जुब की बात यह है कि महिला के घर पर बिद्युत मीटर भी लगा हुआ है। अब वह कनिष्ठ प्रमुख प्रतिनिधि व स्थानीय पत्रकारको साथ लेकर जिलाधिकारी के संज्ञान के साथ मुख्यमंत्री पोर्टल मे इस समस्या को दर्ज करने का मन बना चुकी है। समस्या का समाधान न होने पर डीएम कार्यालय मे भी मजबूरन भूख हड़ताल करने के लिए भी बाध्य होना पड़ रहा है।

page-6_page 1 14-Jan-23 8:17 PM Page 1



आज ही के दिन 2008 में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की चीन यात्रा के दौरान भारत-चीन सीमा विवाद पर बातचीत की गई थी।

## सारसुर्खियां

### सक्सेना के नेतृत्व में दर्जनों हुए भाजपा में शामिल

**किच्छा।** युवाओं के बल पर निकाय चुनाव में भाजपा प्रदेश की अनेक सीटों पर कब्जा हासिल करेगी। उक्त वतव्य भाजपा नेता एवं नामित सभासद राजीव



सक्सेना ने लोहड़ी पर वार्ड 5 स्थित सैनिक कॉलोनी में संदीप सिंह के आवास पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों को देखते हुए तेजी से युवा पार्टी में शामिल हो रहे हैं। युवाओं के बल पर ही निकाय चुनाव में पार्टी प्रदेश की विभिन्न सीटों पर प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कराएगी। इस मौके पर दर्जनों युवाओं ने सक्सेना के नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता ली तथा लोहड़ी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस मौके पर अंशुल गंगवार, रोहित सक्सेना, सचिन गंगवार, अमिता डंपा, अरमान आदि थे।

### संदिग्ध हालात में मिला शव

**सुल्तानपुर पट्टी।** संदिग्ध परिस्थिति में एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने उसकी पहचान ओमप्रकाश पुत्र मंगली उम्र 35 वर्ष के रूप में की। वह छोई रोड एक स्टोन क्रशर पर काम करता था और शाम को घर वापस आ रहा था। चौकी इंचार्ज जगत सिंह शाही ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने पर कार्रवाई अमल मे लाई जाएगी।

### कच्ची शराब के साथ एक धरा

**काशीपुर।** पुलिस ने कच्ची शराब की तस्करी में लिप्त एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 17 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी का आबकारी अधिनियम में चालान किया है। कटोराताल चौकी पुलिस के एसआई धीरेंद्र सिंह परिहार ने गश्त के दौरान विजय नगर स्थित सीतापुर आई हॉस्पिटल के पास से विजयनगर नई बस्ती निवासी प्रमोद सिंह राणा पुत्र हीरा सिंह राणा को गिरफ्तार कर लिया।

# जेसीज स्कूल में मनाया गया खिचड़ी महोत्सव



भास्कर समाचार सेवा

- डीएम और एसएसपी ने उठाया सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ

**रुद्रपुर।** पूर्वांचल महासभा द्वारा जेसीज पब्लिक स्कूल, गंगापुर रोड रुद्रपुर में मकरसंक्रांति पर्व के अवसर पर खिचड़ी महोत्सव का आयोजन किया गया। खिचड़ी महोत्सव आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, मेयर रामपाल सिंह, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला एवं राजकुमार ठुकराल ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सभी को मकरसंक्रांति पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने खिचड़ी का स्वाद भी चखा। कार्यक्रम में पूर्वांचल के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, एसपी क्राइम चंद्रशेखर गोडके, अभिषेक तिवारी, सुरेश कोली, देवेंद्र शाही आदि उपस्थित थे।

# आपदा के जख्मों पर मरहम लगाने में जुटे सीएम धामी

**विशेष रिपोर्ट**

- मुख्य सेवक के रूप में निभा रहे अपनी जिम्मेदारी

भास्कर पोखरियाल (दैनिक भास्कर)



**जोशीमठ/रुद्रपुर।** इस प्रदेश की बागडोर जिस वक्त भाजपा के प्रदेश संगठन से लेकर आलाकमान तक ने एकजुट होकर युवा धामी के हाथों में सौंपी, उसी समय उनको जहां जिम्मेदारी के लिए पार्टी के केंद्रीय संगठन ने बता दिया था कि उन्हें विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। हुआ भी यही।

इसमें कोई दो राय नहीं कि मुख्यमंत्री अपनी पूरी ऊर्जा के साथ इस पहाड़ को और इस उत्तराखंड को एक भारत ही नहीं, विश्व पटल पर पहचान दिलाने के लिए संकल्पित हैं। कुर्सी संभालने के बाद से ही धामी के आगे कई चुनौतियां एक साथ खड़ी हुईं और वह लगातार उनसे निपटने के साथ ही जनता के हितों और प्रदेश के कल्याण के लिए योजनाएं बनाते रहे। जोशीमठ की पीड़ा फिर उनके समक्ष एक बड़ी चुनौती आ खड़ी हुई है। उनकी अपनी दूरगामी सोच और दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है कि आज आपदाओं से पीड़ित लोगों के जख्मों को भरने में निरंतर जुटे हैं।

जोशीमठ की आपदा इससे पहले आने वाली आपदाओं से कुछ हटकर है। इससे पहले जो आपदाएं आईं, उसमें तबाही का वेग इतना अधिक था कि किसी को संभलने का मौका ही नहीं मिला, लेकिन इस बार भू धंसाव में लोग अपने शहर और सपनों के अशियानों को ढहता देख रहे है। दर्द तब भी था और अब भी, लेकिन हालात कुछ अलग हैं।

इस बार दर्द को बांटने के लिए अपनों के बीच प्रदेश का मुखिया भी है। बड़ी त्रासदी जब भी राज्य के हिस्से में आई, तब लोग और हालात अफसरों के भरोसे रहे और दैवीय आपदा के बाद अपनों की बेरुखी अधिक मिली, जिससे दुख दोगुना बढ़ गया। सर्द रात मे अपने घर से रैनबसेरे मे रह रहे लोगों के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी उनके पीड़ा में एक बहुत ही मरहम लगाने से कम नहीं है।

जोशीमठ के लोगों के टूटते आशियाने और अपने घर से बिछड़ने की जो पीड़ा लोगों के दिलों में एक दर्द के रूप में हिचकोले ले रही थी, उस पर भी मरहम लगाने में मुख्यमंत्री हर भरसक प्रयास करने में जुटे हुए हैं। धामी इससे पहले भी इसी जीवटता से आगे बढ़े। अब जोशीमठ मे जिस तरह से धामी ने राहत कार्य का जिम्मा अपने हाथ मे लिया है, वह पीड़ितों के लिए निश्चित रूप से राहत वाली बात है। वहीं अपनो के बीच अपनी सरकार को देखकर उनका हौंसला बढ़ेगा तो विश्वास का वातावरण भी होगा।

### पूर्व के कई मुख्यमंत्रियों को पछाड़ा

**जोशीमठ।** आपदा के मामले उत्तराखंड में कई बार आते रहे। 22 वर्ष के इस युवा प्रदेश ने कई पीड़ाएं झेली हैं। ऐसे में तमाम मुख्यमंत्री इस प्रदेश की बागडोर को संभाले रहे, लेकिन वे सिर्फ अधिकारियों को दिशा निर्देशन के साथ ही हाल-चाल जानने तक ही सीमित रहे। यह पहला मामला है कि एक युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हर आपदा का सामना स्वयं मौजूदा हालातों के सामने खड़े होकर किया है। यह उनकी कार्यशैली की एक बहुत बड़ी प्राथमिकता को भी दर्शाता है।

उत्तराखंड में जब कभी भी बड़ी आपदाएं आईं, तो मुख्यमंत्री आपदा केंद्रो से दिशा निर्देश जारी करते रहे और उनके दौरे औपचारिकता भर रहे। सचिवालय और सीएम आवास से ही अफसरों के भरोसे कामकाज चलता रहा। यही कारण है कि हर आपदा के बाद प्रबंधन को लेकर सवाल उठते रहे। सरकार के आला अफसर भी सचिवालय से ही अपने अधीनस्थों को निर्देश देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी करते रहे, लेकिन पुष्कर राज में हालात कुछ हटकर हैं। जोशीमठ आपदा में सीएम धामी ने खुद आगे बढ़कर नेतृत्व किया और एक तरह से घटना स्थल पर डेरा डाल दिया।

सचिव मुख्यमंत्री आर मीनाक्षी सुंदरम और कमिश्नर गढ़वाल शाहिद तमाम कैबिनेट जोशीमठ में अपना डेरा डाले हुए हैं और पीड़ितों के हर संभव मदद के लिए एकजुट हैं यह भी मुख्यमंत्री धामी की एक विशेष और मजबूत कार्यशैली को दर्शाती है।

# आरोपियों को पकड़ने गई टीम पर हमला

## नशा तस्करी की सूचना पर पहुंची थी पुलिस, पकड़े जाने पर शोर मचाकर ग्रामीणों को बुलाया

भास्कर समाचार सेवा

**सितारगंज।** आरोपियों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। एक आरोपी ने अपना कुत्ता पुलिस पर छोड़ दिया, जिसने एक पुलिसकर्मी को काट लिया। बरुआबाग में नशा तस्करी की सूचना पर कांस्टेबल कपिल कुमार और अर्जुन मर्तोलिया शुक्रवार शाम को पहुंचे थे। इस बीच इंद्राम और रवि कुमार एक बाइक से आते दिखाई दिए। दोनों बाइक सवार पुलिसकर्मियों को पहचान गए और भागने लगे। आरोपियों ने पन्नी में रखी चरस फेंक दी।

इस बीच पुलिस वालों ने दोनों को पकड़ लिया। इस पर आरोपियों ने शोर मचाकर अन्य लोगों को बुला लिया। कई महिलाओं समेत 11 लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया और दोनों को छुड़ा लिया। इस आरोपी के घर वालों ने सिपाहियों पर कुत्ता छोड़ दिया। जिसने एक सिपाही को काट लिया। इसके बाद पुलिस कर्मियों ने मामले की जानकारी चौकी प्रभारी चंदन सिंह बिष्ट को दी। पुलिसकर्मियों ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। इंद्राम उर्फ राजा, रवि उर्फ बिंदरी, राहुल लाल, सुरेंद्र, राजदीप, सिंटू, सिमरजीत कौर, कालो कौर, अनीता और सतपाल उर्फ पाला के खिलाफ पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

### स्कूल में हुई चोरी का खुलासा, सामान समेत एक गिरफ्तार

**काशीपुर।** पुलिस ने प्राथमिक विद्यालय में हुई चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर स्कूल से चोरी हुए एलईडी टीवी, कंप्यूटर समेत अन्य सामान बरामद कर लिया है। एक आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर न्यायालय में पेश किया।

ग्राम जैतपुर घोसी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार पुत्र उदल सिंह ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि बीती 28 दिसंबर की रात्रि चोर स्कूल के रोशनदान को काटकर कंप्यूटर कक्ष में रखे एक एलइडी स्मार्ट टीवी, एक कंप्यूटर आदि चोरी कर ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। शनिवार को एसपी अभय सिंह ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस ने मामले में मुखबिर की सूचना पर बहला पुल के पास मंगल बाजार में निर्माणाधीन मकान से आलू फार्म निवासी सुरेश उर्फ सोनू पुत्र किशन सिंह को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चोरी की गई एक एलईडी स्मार्ट टीवी, एक कंप्यूटर मॉनिटर, दो स्पीकर व दो कंप्यूटर रिमोट बरामद किए। एसपी अभय सिंह ने बताया कि चोरी में लिप्त एक अन्य आरोपी ग्राम हिम्मतपुर निवासी मुकुल पुत्र रूप सिंह की तलाश की जा रही है।



चोरी की घटना का खुलासा करते एसपी अभय सिंह।

## खबर एक नजर

### पेपर लीक मे त्वरित कार्यवाही भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस: द्विवेदी

**रुद्रपुर।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हेमंत द्विवेदी ने कहा कि राज्य निर्माण से अब तक सामने आए तमाम मामलों में फर्क साफ है। कांग्रेस सरकारों के मंत्री तक भर्ती घोटालों में शामिल रहे और उन्होंने ऐसे मामलों मे कार्यवाही तो दूर, उन्हें दबाने की कोशिशें कीं। वहीं भाजपा सरकार में तत्काल पारदर्शी, सख्त एवं निर्णायक कार्यवाही की जा रही है। हेमंत द्विवेदी ने वर्तमान पटवारी भर्ती परीक्षा लीक प्रकरण के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी पर कहा कि यह मुख्यमंत्री धामी का ही नैतिक साहस है कि पेपर लीक के दोषियों को पकड़ने में देर नही लगाई और युवाओं के साथ न्याय की दृष्टि से तत्काल परीक्षा रद कर नई तारीखों का ऐलान किया। इससे पूर्व 2003 व 2016 में कांग्रेस के शासन में भी पटवारी भर्ती में धांधली हुई, लेकिन कभी दोषियों पर कार्यवाही नहीं की। इससे पहले भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नैतिक साहस दिखाते हुए राज्य अधीनस्थ चयन सेवा आयोग की भर्तियों में घोटालों के गुनाहगारों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुके हैं। घपलेबाज कितने ही रसूखदार क्यों न हों, किसी को बख्शा नहीं जाएगा।



### वाहन चालकों को दी जानकारी

**बाजपुर।** मेन रोड स्थित भारत पेट्रोल पंप पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर दि ट्रक वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष बलदेव सिंह नामधारी की अगुवाई में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिवहन कर अधिकारी विजय गर्ग द्वारा वाहन स्वामियों एवं चालकों को सड़क सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के साथ नियमों का निर्धारित गति सीमा से अधिक गति में वाहन न चलाएं तथा मोबाइल का प्रयोग न करें।

### नैतिकता के आधार पर दें इस्तीफा: आर्य

**बाजपुर।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार यदि समय रहते अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए कठोर नकल विरोधी कानून ले आती तो एक बार फिर राज्य के लाखों बेरोजगारों को परीक्षाओं के स्थगित होने का दंश नही झेलना पड़ता। राज्य में नकल माफियाओं का जाल बिछा हुआ है, जिसके चलते राज्य में पिछले कुछ महीनों में घटित नकल सहित कई घटनाओं ने सिद्ध कर दिया है। अनुभवहीन,अपरिपक्व और हमेशा अनिर्णय की स्थिति में रहने वाली ऐसी सरकार को अब सत्ता में रहने का अधिकार नहीं है।

### भगवान का दास बनने वाले को नही होती कोई कठनाई- चैतन्यपुर

**किच्छा।** भगवान के श्री चरणों का दास बनने वाले को जीवन में कोई कठनाई नही होती है। यह बात हरि चैतन्यपुर महाराज ने आवास विकास स्थित श्री कृष्ण बलदेव मंदिर में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में उपस्थित भक्तगणों को देते हुए कही। इससे पूर्व पहुंचे व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार बजाज सहित युवा व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने उनका फूलमालाओं से लाद एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया, जिसके उपरांत भक्तों में प्रभु का भंडारा वितरित किया गया। इस मौके पर युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष उदित अग्रवाल, अरुण तनेजा, नीरज बजाज, युवा व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष सचिन जिंदल आदि मौजूद थे।



### उत्तरायणी पर कुमाऊंनी एवं गढ़वाली रंगों की बिखरी छटा

**किच्छा।** उत्तरांचल सांस्कृतिक समिति किच्छा द्वारा पुरानी नगरपालिका परिसर में आयोजित उत्तरायणी पर्व एवं शांतिपुरी नंबर दो में आयोजित दो दिवसीय उत्तरायणी महोत्सव के समापन कार्यक्रम का शुभारंभ समिति अध्यक्ष इंदर मेहता, दिग्विजय खाती, विशिष्ट अतिथि विपिन जल्होत्रा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि दान पुण्य और धर्म के कार्यों का पर्व, त्योहारों के साथ गहरा संबंध रहा है। मकरसंक्रांति जहां संस्कृति, समाज और ज्योतिष से जुड़ा पर्व है, वहीं यह विज्ञान और सूर्य से भी उतना ही जुड़ा हुआ है। इससे पूर्व मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे पालिकाध्यक्ष दर्शन कोली एवं विशिष्ट अतिथि गौरव बेहड़ कार्यक्रम में शामिल हुए। बेहड़ ने जनमिलन केंद्र निर्माण हेतु 5 लाख रुपये तथा पालिकाध्यक्ष कोली ने जन मिलन केंद्र के सौदर्यकरण के लिए 11 लाख 59 हजार रुपए देने की घोषणा की। इस मौके पर हरीश चंद पंत, मोहन सिंह ऐरी, हरीश चंद्र कांडपाल, पुष्कर रौतेला आदि मौजूद थे।




# विद्युत कटौती को लेकर सपाई हुए मुखर

भास्कर समाचार सेवा

- सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

**बाजपुर।** शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 5-5घंटे अघोषित विद्युत कटौती को लेकर मंडी समिति में स्थित बिजली घर पर आक्रोशित दर्जनों सपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सपा यूथ ब्रिगेड के अरविंद यादव के नेतृत्व में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई करने की मांग की।

सपा यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि लगातार अघोषित विद्युत कटौती को लेकर सारे कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। कड़ाके की सर्दी चल रही है। वहीं बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ा है।

आने वाली परीक्षाओं को लेकर छात्रों को विद्युत कटौती के चलते कड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा प्रदेश होने के बावजूद भी प्रदेश को लाइट नहीं मिल रही है। अधिकारियों की लापरवाही के चलते अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है।

इसको शीघ्र ही बंद नहीं किया गया तो सपा कार्यकर्ता आंदोलन को बाध्य होंगे। इस मौके पर मो. साहिद, अमित कुमार, दबीर रजा, सोनू राणा, उज्ज्वल सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



विद्युत कटौती के विरोध में सांकेतिक धरना प्रदर्शन करते सपा कार्यकर्ता।

# उत्तरायणी पर्व पर जिलाधिकारी को किया सम्मानित

भास्कर समाचार सेवा

- शैल सांस्कृतिक समिति ने आयोजित किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

**रुद्रपुर।** शैल सांस्कृतिक समिति द्वारा शैल भवन, गंगापुर रोड रुद्रपुर में उत्तरायणी पर्व के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला जज प्रेम सिंह खिमाल, जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, विधायक शिव अरोड़ा तथा मेयर रामपाल सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला जज एवं जिलाधिकारी ने सभी को उत्तरायणी पर्व की शुभकामनाएं दीं। विभिन्न विभागों एवं संस्थानो द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अतिथियों दने अवलोकन किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने ऐपण एवं उत्तराखंड के उत्पादों के स्टॉलों से खरीदारी भी की।



अतिथियों का समितियों के पदाधिकारियों ने पहाड़ी टोपी, पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में लगे सेल्फी पॉइंट में कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों ने सेल्फी भी ली।

## सैकड़ों लोगों ने डुबकी लगा की शिव मंदिर में पूजा अर्चना, यज्ञोपवीत संस्कार भी कराया संपन्न

# रंगयात्रा के साथ उत्तरायणी कौथिग का शानदार शुभारंभ

भास्कर समाचार सेवा

**खटीमा।** लालकोठी चकरपुर स्थित शारदा नहर पर मकर संक्रांति पर्व पर लालकोठी मेला कमेटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय उत्तरायणी कौथिग मेले का रंगयात्रा के साथ आगाज हुआ। मकर संक्रांति पर्व पर शारदा घाट पर सैकड़ों लोगों ने डुबकी लगाकर शिव मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान सैकड़ों युवाओं व बच्चों का यज्ञोपवीत संस्कार किया गया।

शनिवार को मेले का उद्घाटन विधायक भुवन चंद्र कापड़ी ने फीता काटकर किया। उन्होंने लोगों को मकर संक्रांति की बधाई देते हुए कहा कि उत्तरायणी पर्व का धार्मिक के साथ सांस्कृतिक महत्व भी है, जो लोगों को परस्पर जोड़ने का कार्य करता है। मेले हमारे संस्कृति की धरोहर है। इस अवसर पर लोक कलाकारों द्वारा कुमाऊंनी गीत व स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत व डांस प्रस्तुत कर लोगों मंत्र मुग्ध कर दिया। सिटी कान्वेंट, आदर्श शिक्षा भारती सहित अन्य स्कूली बच्चों ने एक के बाद एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर लोगों का मन मोह लिया। मेले में विभिन्न प्रकार के व्यजंनों के स्टालों के साथ बच्चों के झूले, लगाए गए है। मेले में बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों के अलावा पडोसी देश नेपाल के लोगों ने पहुंचकर मेले का आनंद लिया। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खोलिया, संरक्षक राम सिंह जेठी, नवीन बोरा, बसंत बल्लभ जोशी, देवेंद्र कन्याल आदि मौजूद थे।



उत्तरायणी कौतिक मेले का फीता काटकर शुभारंभ करते विधायक भुवन कापड़ी।

### कुमाऊंनी लोक गीतों पर जमकर झूमे दर्शक

**बाजपुर।** राम भवन धर्मशाला में आयोजित उत्तरायणी कौतिक कार्यक्रम का शुभारंभ नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य सहित अन्य ने संयुक्त रूप से किया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि उत्तरायणी पर्व में गढ़वाल और कुमाऊं की संस्कृति हमें जीना सिखाती है। इससे हमारी यादें हमेशा ताजा रहती हैं। हमारे लिए उत्तरायणी बहुत ही महत्वपूर्ण पर्व है। उत्तरायणी, घुघुतिया, मकरैनी आदि नामों से उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल में मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। इस दौरान लोकगीत कलाकारों ने जमकर धूम मचाई।



### देरी से पहुंची एंबुलेंस, मरीज ने तोड़ा दम

**किच्छा।** ग्राम गिदपुरी निवासी व्यक्ति की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि एंबुलेंस के समय से नहीं पहुंचने के कारण मरीज की मौत हुई है। मृतक के परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने परिजनों को शांत कराया।

गिदपुरी निवासी 38 वर्षीय जवाहर लाल काफी दिनों से बीमार थे। शनिवार की सुबह परिजन उनकी तबीयत बिगडने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें रेफर कर दिया। परिजनों का आरोप है कि समय रहते एंबुलेंस नहीं पहुंच सकी, जिसके बाद जवाहर ने दम तोड़ दिया।

परिजन ने स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए हंगामा शुरु कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को बामुश्किल शांत कराया।

page-7 page 1 14-Jan-23 9:58 PM Page 1

आज ही के दिन 2009 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार विजेता व प्रसिद्ध फ़िल्म निर्माता तपन सिन्हा का निधन हुआ था।



## सारसुर्खियां

### भट्टीगांव में हरे पेड़ों पर चलाई आरी

**बेरीनाग।** तहसील मुख्यालय के पास नगर केनाग मंदिर के पास से लगी वन पंचायत भूमि भट्टीगांव में अज्ञात व्यक्ति द्वारा चीड़ देवदार के पेड़ रातों रात कटकर गायब हो गए। इसकी जानकारी पूर्व वन सरपंच शंकर दत्त पंत ने वन सरपंच कैलाश चन्याल को दी। वन सरपंच कैलाश चन्याल ने तत्काल वन पंचों सहित वन विभाग के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वन पंचायत में चीड़ के 7 व देवदार के 5 पेड़ कटे मिले। चन्याल ने बताया कि सोमवार को बेरीनाग उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही वन पंचायत में हरे पेड़ काटने के आरोपी पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की जाएगी।

### शोभायात्रा में उमड़ी भीड़



**हल्द्वानी।** मकर संक्रांति, घुघुतिया त्यार के अवसर पर शनिवार को पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच द्वारा शोभायात्रा निकली गई। भव्य एवं शानदार झांकियों ने सभी को मंत्रमुग्ध किया। शोभा यात्रा के दौरान लोगों ने पर्वतीय संस्कृति और परंपरा को जीवंत रखने के लिए पारंपरिक तरीके से विभिन्न झांकियों का प्रदर्शन किया। मंच प्रांगण हीरा नगर से शुरू हुई शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकली। शोभायात्रा में जोशीमठ बचाओ के साथ-साथ विभिन्न प्रदर्शनी झांकियां अति सुंदर रही। शोभायात्रा में छोलिया, बैंड बाजे व पारंपरिक झाकियां निकाल मेले का समापन किया गया।

### बाइक चोरी

काशीपुर। अज्ञात चोर होटल के बाहर खड़ी बाइक को चोरी कर ले गये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# अब काशीपुर को बिजली की समस्या से मिलेगी निजात

- 15 करोड़ की लागत से लगा 160 एमवीए ट्रांसफॉर्मर
- एमडी पिटकुल ने किया सीतारामपुर उपकेंद्र का निरीक्षण

भास्कर समाचार सेवा

**काशीपुर।** काशीपुर, जसपुर ,बाजपुर और रामनगर के विद्युत उपभोक्ताओं को अब लौ वोल्टेज, ट्रिपिंग विद्युत समस्या से निजात मिलेगी। इसके लिए यहां सीतारामपुर रमपुरा स्थित 400 केवी उपकेंद्र में 15 करोड़ रुपए की लागत से 160 एमवीए 220 /132 केवी ट्रांसफार्मर लगाया गया है। इस परियोजना का शनिवार को पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन उत्तराखंड के प्रबंध निदेशक पीसी ध्यानी ने पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया और 160 एमवीए के लगे नए ट्रांसफॉर्मर को ऊर्जीकृत करने के लिए दिशा निर्देश दिए। इस दौरान आईटीआई, महुआखेड़ागंज व सरवरखेड़ा स्थित विद्युत उप केंद्रों का निरीक्षण भी किया गया। इससे पूर्व ध्यानी ने उपकेंद्र परिसर में पौधारोपण किया। परियोजना की विस्तृत जानकारी देते हुए पीसी ध्यानी ने बताया कि यहां 400 विद्युत उपकेंद्र सीतारामपुर में करीब 15 करोड़ की लागत से 160एमवी 220 /132 केवी ट्रांसफार्मर लगाया गया है। इस ट्रांसफार्मर की स्थापना से काशीपुर, बाजपुर, जसपुर और रामनगर के विद्युत उपभोक्ताओं को लौ बोल्टेज, ट्रिपिंग व विद्युत कटौती से जूझ रहे उपभोक्ताओं को बहुत बड़ी राहत मिलेगी। पावर ट्रांसमिशन उत्तराखंड पिटकुल देश में एक नंबर की परियोजना है। उन्होंने विद्युत उप केंद्र में स्थापित 160एमवीए ट्रांसफार्मर का फीता काटा और निरीक्षण कर परीक्षण तंत्र को शत-प्रतिशत विद्युत उपलब्ध बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सरवरखेड़ा में विद्युत उपकेंद्र निर्माण को भूमि चयन का कार्य हो चुका है। खुरपिया में भी शीघ्र कार्य शुरू होगा भूमि देखी जा रही है। कुमाऊं भर में सभी उपकेंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है । ब्रह्म में बिजली घर बन गया है और लाईन बनाने का भी निर्देश दिए है। पिथौरागढ़, चंपावत, लोहाघाट, जाफरपुर सब जगह निरीक्षण किया। सभी कार्य मार्च तक पूरे हो जाएंगे। प्रस्तावित सितारगंज, किच्छा, खटीमा धोलाखेड़ा का भी 2025 तक पूरा कर लिया जायेगा। रेल द्वारा पिटकुल से विद्युत लाईन मांगी गई है। 132केवी की दो तथा एक 220 केवी की भूमिगत मार्च तक पूरी हो जाएगी।

इस मौके पर अधिशासी अभियंता राकेश बिजल्वाण, बीसी पांडे, एचएस ह्यांकी, डीपी सिंह आदि मौजूद रहे।



काशीपुर के सीतारामपुर स्थित विद्युत उपकेंद्र 160 केवीए ट्रांसफार्मर का निरीक्षण करते एमडी पिटकुल पीसी ध्यानी।

### पिटकुल ने भी जोशीमठ आपदा में बढ़ाए मदद के हाथ

**काशीपुर।** पीसी ध्यानी ने बताया कि बीती 9 जनवरी को जोशीमठ में आई आपदा के स्थलीय निरीक्षण के दौरान पारेषण तंत्र की शत प्रतिशत उपलब्धता बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं, ताकि जोशीमठ में राहत कार्यों के दौरान किसी भी प्रकार का विद्युत व्यवधान उत्पन्न ना हो। पिटकुल परिवार के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने मासिक वेतन में से एक दिन के वेतन की धनराशि जोशीमठ में आई आपदा में राहत कार्यों हेतु राज्य सरकार को सहयोगार्थ दी जाएगी।

# हरकी पैड़ी की तर्ज पर विकसित होगा शारदा घाट: धामी

## मकर संक्रांति के अवसर पर सीएम ने की मां शारदा की आरती, कहा- जिले को धार्मिक पर्यटन में मिलेगी पहचान

भास्कर समाचार सेवा

**चंपावत।** चंपावत जिले के भ्रमण पर पंहुचे मुख्यमंत्री ने मां शारदा की आरती कर प्रदेश के सुख और शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि मां शारदा की नियमित आरती से जिले को धार्मिक पर्यटन में काफी प्रसिद्धि मिलेगी।

शारदा मैया की पावन भूमि पर मकर सक्रांति, उत्तरायणी जैसे अनेकों नामों से जाने जाने वाले इस पर्व को मनाया जा रहा है। आज के दिन से धीरे-धीरे प्रकाश बढ़ने लगता है और रुके हुए काम प्रारंभ हो जाते हैं। यह दिन भीष्म पितामह को भी स्मरण करने का दिन है, जिन्होंने अपने प्राण सूर्य के उत्तरायण आने पर त्यागे।

उन्होंने कहा कि हमने तय किया है कि बागेश्वर, देवप्रयाग, टनकपुर, हरिद्वार अनेक स्थानों पर यह पर्व मनाया जाए। हमारा प्रयास है कि हमारे लोकप्रिय त्योहार, लोक संस्कृति, जो हमारे पूर्वज जिन मान्यताओं के साथ लगातार मनाते आए हैं, वैसे ही हमारी आगे की पीढ़ी भी संस्कृति को लगातार आगे बढ़ाएं और पीढ़ी दर पीढ़ी आगे हस्तांतरित हो।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का मान, सम्मान बढ़ा है। आज हमारे नदियों की सफाई के लिए निर्मल गंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से गंगाजी और जितनी भी सहायक नदियां हैं, उन सभी को स्वच्छ बनाने का काम अभियान के तहत किया जा रहा है। आज शुभ दिन है और विधिवत रूप से यहां शारदा मां की आरती कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

मां पूर्णागिरि मैया का मेला लगता है यहां पूरे देशभर से श्रद्धालु आते हैं और पूर्णागिरी के दर्शन करते हैं। वे सभी श्रद्धालु लोग मां पूर्णागिरि मैया के दर्शन करें और साथ ही मां बाराही, गोरखनाथ, हिंगला देवी आदि, के भी दर्शन करें और श्यामलाताल जैसे पर्यटन स्थलों तक पहुंचें।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री धामी ने शारदा नदी के दाएं पार्श्व पर घसियारामंडी बस्ती में शारदा नदी के किनारे 607.48 लाख की लागत के आपदा न्यूनीकरण मद के कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष उत्तराखंड वन विकास निगम कैलाश चंद्र गहतोड़ी, अध्यक्ष नगर पालिका टनकपुर विपिन कुमार, जिलाधिकारी नरेंद्र सिंह भंडारी सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक विभिन्न विभागों के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



शारदा घाट पर मां शारदा की आरती करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### चंपावत को बनाएंगे आदर्श जिला

मुख्यमंत्री ने कहा कि चंपावत को आदर्श जिला बनाने की ओर हम लगातार कार्य कर रहे हैं। हमें ऐसे लोगों की आवश्यकता है, जो अपने देश के लिए समर्पित होकर कार्य करें। चंपावत उत्तराखंड का आदर्श जनपद होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 को मिलेट वर्ष के रूप में घोषित किया गया है। राज्य सरकार द्वारा भारत सरकार से अनुरोध किया था कि मंडवा को भारत सरकार के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में सम्मिलित किया जाए। मंडुवे को भी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में शामिल कर लिया है, जिससे हमारे सभी किसानों को प्रोत्साहन मिलेगा, ताकि वो और उन्नत तरीके से खेती के लिए प्रेरित हों।

### घोटाले पर घोटाले भाजपा की देन: सरस्वती

**काशीपुर।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व पीसीसी सचिव जितेंद्र सरस्वती ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तराखंड में घोटाले पर घोटाला सरकार की नियति बन गई है। युवाओं के भविष्य को छलने काम जिस तरह से उत्तराखंड की भाजपा सरकार कर रही है, वह अफसोस का विषय है।

कांग्रेसी नेता सरस्वती ने कहा कि पटवारी लेखपाल भर्ती पेपर लीक मामले में सरकार को तुरंत सीबीआई जांच की कार्यवाही करनी चाहिए। ऐसा प्रतीत होता है कि पूरा का पूरा तंत्र युवाओं को नौकरी देने के नाम पर भर्ती घोटाला प्रदेश बन गया है। देश के अंदर उत्तराखंड की छवि खराब हो रही है। जनता के टैक्स से दिए गए पैसे से ही युवाओं के लिए भर्ती परीक्षाओं का आयोजन होता है। जिसके लिए लाखों रुपया खर्च होता है। ऊपर से भर्ती घोटाला होने पर युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो जाता है।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पहले यूकेएसएसएससी और लोक सेवा आयोग में हुए घोटाले की जांच की कांग्रेस के द्वारा मांग की गई थी।

# पेपर लीक मामले पर जताया आक्रोश

- कैंडल जलाकर किया सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

भास्कर समाचार सेवा

**बेरीनाग।** बेरीनाग नगर के शहीद चौक पर शनिवार को पटवारी लेखपाल भर्ती परीक्षा से आक्रोशित बेरोजगार युवाओं ने व्यापार संघ अध्यक्ष राजेश रावत के नेतृत्व विरोध प्रदर्शन किया और कैंडल जलाकर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने पूरे मामले की सीबीआई से जांच की मांग की। रावत ने कहा कि आज उत्तराखंड सरकार और राज्य लोक सेवा आयोग में भारी लापरवाही सामने आई है।

नगर पंचायत अध्यक्ष हेम पंत ने भर्ती परीक्षा लीक मामले में प्रदेश सरकार और राज्य लोक सेवा आयोग पर गंभीर लापरवाही, नाकामी और प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ और छल करने का आरोप लगाते हुए सीबीआई से जांच की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर व्यापार संघ अध्यक्ष राजेश रावत, उपाध्यक्ष कमल खाती, पुष्कर सिंह, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राजकुमार शाह, कमलेश पंत आदि मौजूद थे।



कैंडल जलाकर विरोध जताते हुए व्यापारी और विभिन्न संगठनों के लोग।

# होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से बढ़ती है रोग प्रतिरोधक क्षमता

भास्कर समाचार सेवा

**लोहाघाट।** होम्योपैथिक चिकित्सा विभाग द्वारा डेंगू एवं कोरोना की रोकथाम के लिए नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा शिविर लगाकर लोगों को निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराने के साथ उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है। जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ.अशोक नगरकोटी के दिशा निर्देशन में लोहाघाट की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. उर्मिला बिष्ट के नेतृत्व में नगर के भीड़भड़ वाले क्षेत्रों में लगातार शिविर लगाकर लोगों को राहत दी जा रही है।

शिविर के दौरान लोगों के किए गए स्वास्थ्य परीक्षण में सर्दी, जुकाम, खांसी, बदन दर्द आदि के रोगी पाए गए। उन्होंने लोगों को ठंड से बचने, उबला हुआ पानी पीने, दूध में हल्दी मिलाकर पीने कालीमिर्च, तुलसी अदरक का काढ़ा पीने के अलावा हर वक्त मास्क लगाए रखने की सलाह दी। उन्होंने रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए भी दवाएं दी। भौतिक चिकित्सा विभाग के निदेशक डॉ. जेएल फिरमाल द्वारा समूचे राज्य में इस प्रकार के शिविरों के आयोजन के आदेश दिए गए हैं, जिसके तहत विभाग सक्रियता से कार्य कर रहा है।



# अवैध खनन की शिकायत पर किया निरीक्षण

- ट्रैक्टर के बेक कराहे से अवैध खनन की मिली थी सूचना

भास्कर समाचार सेवा

**सुल्तानपुर पट्टी।** कोसी नदी में ट्रैक्टर में लगे बेक कराहे से हो रहे अवैध खनन की शिकायत राजस्व विभाग टीम ने कोसी नदी में औचक निरीक्षण किया, लेकिन कोसी नदी का काम बंद होने से खनन में लिप्त कोई वाहन टीम को नहीं मिला । कोसी नदी में अवैध खनन की शिकायत पर शनिवार की शाम को एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी, तहसीलदार अक्षय भट्ट , कानूनगो सुनीति पाल, लेखपाल दीपक चौहान, राजेश कुमार ने कोसी नदी क्षेत्र सुल्तानपुर पट्टी से लेकर बेंतखेड़ी तक सभी घाटों का निरीक्षण किया। कोसी मे बक्शी घाट पर चल रहे रामकिशोर के खनन पट्टे पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी ने बताया कि कुछ दिनों से शिकायत मिल रही थी कि कोसी नदी में ट्रैक्टर मे लगे कराहे से अवैध खनन किया जा रहा है। शिकायत पर बेंतखेड़ी से सुल्तानपुर पट्टी तक कोसी नदी का निरीक्षण किया गया । कोसी नदी मे चल रहे रामकिशोर खनन पट्टे की आड़ में कुछ अवैध खनन पाया गया, जिसको लेकर एसडीएम ने तहसीलदार अक्षय भट्ट, कानूनगो सुनीति पाल, लेखपाल राजेश कुमार को आदेश दिए कि जिन खेतों में अवैध खनन हुआ है, वहां कड़ी निगरानी रखें। रामकिशोर खनन पट्टे की अवधि 31 जनवरी 2023 तक है।



कोसी नदी मे निरीक्षण करती राजस्व टीम।

## उत्तरायणी पर्व पर पर्यटन विभाग ने आयोजित किए सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक कलाकारों ने बिखेरी कुमाऊं और गढ़वाल की संस्कृति

# कुमाऊं सहित प्रदेशभर में रही घुघुतिया त्योहार की धूम

भास्कर समाचार सेवा

**अल्मोड़ा।** पर्यटन विभाग द्वारा उत्तराखंड राज्य के विभिन्न जिलों में उत्तरायणी पर्व, जिसे घुघुतिया त्योहार भी कहा जाता है, मनाया गया। उत्तरायणी पर्व के अवसर पर भक्ति संगीतमय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

पर्यटन विभाग द्वारा उत्तरायणी कौतिक के अवसर पर कटारमल सूर्य मंदिर अल्मोड़ा में प्रातः आरती व पूजन के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उदघाटन कनिष्क प्रमुख ब्लॉक हवालबाग नरेंद्र कुमार, प्रधान व पूर्व प्रधान ग्राम कटारमल के हाथों से द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत बेडू पाको बारामासा, हे मधु, मॉडल कुमाऊं, उत्तरायणी कौतिक लागिरो जैसे लोकगीतों पर स्थानीय कलाकारों द्वारा सुंदर प्रस्तुतियां दी गईं। इस मौके पर स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहर से आने वाले पर्यटकों ने उत्तराखंडी नृत्य व लोकगीतों का आनंद लिया। इस मौके पर सूर्य मंदिर कटारमल का प्रदीपन भी विभाग द्वारा किया गया है, जो अत्यंत ही मनमोहक है।

उत्तरायणी पर्व संपूर्ण कुमाऊं का प्रसिद्ध मेला है। बागेश्वर में इस अवसर पर प्रातः काल से ही दूर-दूर से श्रद्धालुओं, भक्तजनों ने आकर मुंडन, जनेऊ संस्कार, स्नान, पूजा अर्चना की। मान्यता है कि वर्ष में सूर्य देव छः माह दक्षिणायन में व छः माह उत्तरायण में रहते हैं। मकर संक्रांति से सूर्य उत्तरायण में प्रवेश करते हैं। इस समय संगम में डुबकी लगाने से सारे पाप धुल जाते हैं।

इस अवसर पर मेले में बाहर से आये कलाकारों द्वारा विशेष नाटकों व स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय संस्कृति का प्रदर्शन किया। उत्तरायणी पर्व के अवसर पर टिहरी में पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में इस्कॉन के अनुयायियों को आमंत्रित किया गया, जिनके द्वारा आध्यात्मिक भक्ति संगीतमय प्रस्तुति दी गईं। इस मौके पर देवप्रयाग घाट पर गंगा आरती का आयोजन किया गया।



घुघुतिया त्यार के अवसर पर मौजूद श्रद्धालुजन।

# थल में मनाया गया राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह

**बेरीनाग।** थल में शनिवार को 33वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। थल थाने के थानाध्यक्ष योगेश कुमार ने थल चैक पोस्ट में टैक्सी यूनियन थल के पदाधिकारियों व टैक्सी चालकों को यातायात के नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया। उन्होंने चालकों को शराब पीकर गाड़ी न चलाने, आगे तीन सवारी न बिठाने, सीट बेल्ट बांधने, बाजार में गाड़ी खड़ा न करने, यात्रियों से अधिक टिकट न लेने,ओवर लोडिंग न करने आदि की चेतावनी दी।

इस मौके पर थल टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष बबलू सामंत, टैक्सी यूनियन उपाध्यक्ष विक्रम सामंत, शिव भूमि व्यापार मंडल के महासचिव मदन मोहन उपाध्याय, टैक्सी यूनियन सचिव राजू कुमार आदि उपस्थित थे।

# लंबे समय से ग्रामीणों की पुल की मांग हुई पूरी

- सांसद तीरथ सिंह रावत व विधायक पोरी ने किया लोकार्पण

भास्कर समाचार सेवा

**पौड़ी।** कल्जीखाल विकासखंड क्षेत्र की लंबे समय से बौसाल पुल की मांग आखिरकार पूरी हो गई है। शनिवार को 5 करोड़ 62 लाख की लागत से बने बौंशाल पुल का गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत व क्षेत्रीय विधायक राजकुमार पोरी ने विधिवत पूजा अर्चना कर लोकार्पण किया। विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि इस पुल से लगभग 85 गांवों को लाभ मिलेगा। ग्रामीण लंबे समय से इस पुल की मांग कर रहे थे।

गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने कहा कि पिछले लंबे समय से इस पुल की मांग की जा रही थी। इस ब्लाक के सबसे बड़े मोटरमार्ग बौंसाल-कल्जीखाल मोटरमार्ग का जल्द ही डामरीकरण किया जाएगा। पेपर लीक मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। जिस प्रकार की धोखाधड़ी बेरोजगार युवाओं के साथ हो रही है, वह ठीक नहीं है।



# संवाद

आज ही के दिन 2010 में तीन घंटे से भी अधिक की अवधि वाला शताब्दी का सबसे लंबा सूर्य ग्रहण लगा था।

## पर्यावरण बचाने के लिए चिंतन

पर्यावरण बचाने के लिए सिर्फ और सिर्फ चिंतन ज़रूरी है। जिन सुन्दर और सुविधायुक्त भवनों में व्यवस्था की छत्रछाया हमेशा रहती है वहां बैठकर यह ज़रूरी काम बहुत आराम से किया जा सकता है। भवन के नाम के कारण भी प्रभाव उगना निश्चित है। जब खुशनुमा, सुगंधित माहौल में बात की जाएगी तो वह संजीदा चिंतन में बदल जानी स्वाभाविक है। आन्दोलन या उद्देश्य का नाम हिंदी में न रखकर अंग्रेजी में रखा जाए तो वास्तव में गहन प्रभाव पैदा होता है। बहुत गहरे बैठ, चिंतन कर योजनाओं का प्रारूप बनाया जाता है। ऐसे गहन चिंतन सत्र को आयोजित करने का एकमात्र उद्देश्य आज के पर्यावरण को किसी भी तरह बचाना ही नहीं, ज़्यादा समझदार हो चुकी आने वाली पीढ़ियों के लिए जागरूक दुनिया तैयार करना होता है। जागरुकता, शरीर और दिमाग में घुस जाए तो हर असंभव काम संभव हो जाता है। महान संतुष्टि की बात यह है कि अनेक तरह के गुरु यानी सामान्य व्यक्ति बिल्कुल नहीं, इस पुनीत कार्य के चिंतन में व्यस्त हैं। यह प्रशंसनीय और दिलचस्प है कि ऐसे गहन विचार सत्रों में राजनीतिजी ज़रूर तशरीफ लाती हैं क्योंकि उनके बिना कुछ भी नहीं हो सकता। वह बात दीगर है कि पर्यावरण पर चिंतन से भी ज़्यादा गहन चिंतन मनन की ज़रूरत है। आम आदमी को क्या समझ कि पर्यावरण के लिए उचित चिंतन, किस आसन पर बैठकर, किस मुद्रा में, किस दिशा में देखकर कैसे किया जाता है। यहां वही लोग चिंतन करने आते हैं जिन्हें दुनिया अधिकृत चिंतक मानती है। वैसे हमारे आध्यात्मिक गुरु नदिया किनारे आध्यात्मिक संगीत समारोह आयोजित करते हैं। पर्यावरण दूषित करते हैं। इतना ही नहीं सरकारजी द्वारा बड़ी हिम्मत के बाद किया गया जुर्माना भी अदा नहीं करते। पर्यावरण पर चिंतन शिविर में, अपनी नहीं पड़ोसी की, अपने मोहल्ले की नहीं दूसरे मोहल्ले की, अपने शहर की नहीं पड़ोसी शहर की, अपने राज्य की नहीं किसी और राज्य की, अपने देश की नहीं दूसरे देशों की गलती माननी चाहिए। अपने प्रयासों की खूब तारीफ करनी चाहिए। प्रयास न किए हों तो संभावित प्रयास और देखे जाने वाले खवाबों की प्रशंसा करनी चाहिए। श्रेष्ठ चिंतन से जब हमारा मन निर्मल हो जाएगा तो हम सकारात्मक सोचने लगेंगे। निश्चित ही हमें लगने लगेगा कि हम ठीक राह पर हैं, उचित कर रहे हैं, नाहक परेशान होने की ज़रूरत नहीं है। मानव जीवन में सब मिथ्या है, जब जीवन मिथ्या है तो वातावरण, पर्यावरण और चिंताओं का वरण मिथ्या है। मन में यह सोच विकसित होते ही हमें बेहतर महसूस होना शुरू हो जाएगा। लगने लगेगा कि चिंतन बैठक से हमें बहुत लाभ हुआ है। आसपास का वातावरण सुधरा है यानी पर्यावरण को फायदा हुआ है। पर्यावरण बारे सामान्य संकल्प लेने से ही कई बार बहुत लाभ पहुंचता है। विधिवत संकल्प लेने से और अधिक फायदा होता है। उचित रंग के वस्त्र, सही उच्चारित मंत्र और शुभ मुहर्त में, बहुत से प्रिय लोगों के साथ समूह में विधिवत संकल्प यज्ञ करने से होने वाला लाभ निराला होता है।

## संविधान ब्रह्मवाक्य नहीं है

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बयान पर हमारे विपक्षी नेता बुरी तरह से बिफर पड़े हैं। कांग्रेस के नेता उन्हें भाजपा सरकार का भोंपू बता रहे हैं और उन्हें उपराष्ट्रपति पद की प्राप्ति ममता-विरोध के फलस्वरूप बता रहे हैं और कुछ विपक्षी नेता उन्हें आपातकाल की जननी इंदिरा गांधी का वारिस बता रहे हैं। जैसे इंदिरा गांधी ने सर्वोच्च न्यायालय की इज्जत को 1975 में तहस-नहस कर दिया था, वैसा ही आरोप धनखड़ पर लगाया जा रहा है। इस तरह के आरोप लगाने वाले यह बताएं कि इंदिरा गांधी की तरह धनखड़ को क्या किसी अदालत ने कटघरे में खड़ा कर दिया है? वे अपना कोई मुकदमा तो सर्वोच्च न्यायालय में नहीं लड़ रहे हैं। वे स्वयं प्रतिभाशाली वकील रहे हैं। वे प्रखर वक्ता भी हैं। उन्होंने यदि संसदीय अध्यक्ष सम्मेलन में संसद की सर्वोच्चता पर अपने दो-टूक विचार व्यक्त कर दिए तो यह उनका हक है। यदि वे गलत हैं तो आप अपनी बात सिद्ध करने के लिए जोरदार तर्क क्यों नहीं देते? आप तर्क देने की बजाय शब्दों की तलवार क्यों चला रहे हैं? संविधान की पवित्रता और मान्यता पर धनखड़ ने प्रश्न चिह्न नहीं लगाया है। उन्होंने जो मूल प्रश्न उठाया है, वह यह है कि सर्वोच्च न्यायालय सर्वोच्च है या संसद सर्वोच्च है? देश के सारे न्यायालयों में तो सर्वोच्च न्यायालय सर्वोच्च है। इसमें किसी को कोई शक नहीं है। लेकिन वह संसद से भी ऊंचा कैसे हो गया? संसद चाहे तो एक ही झटके में सारे जजों को महाभियोग चलाकर पदमुक्त कर सकती है। संविधान ने ही उसे यह अधिकार दिया हुआ है। जहां तक संविधान के 'मूल ढांचे' का प्रश्न है, किस धारा में उसे अमिट, अटल, और अपरिवर्तनीय लिखा है? वसंत साठे और मैंने तो लगभग 30 साल पहले देश में अध्यक्षीय शासन लाने का अभियान भी चलाया था। मैं तो आजकल चुनाव पद्धति का भी विकल्प ढूंढ रहा हूं। आप मूल ढांचे पर आंसू बहा रहे हैं, संसद चाहे तो पूरे संविधान को ही रद्द करके नया संविधान बना सकती है। क्या हमारा संविधान सर्वोच्च न्यायालय ने बनाकर संसद को थमाया है? सर्वोच्च न्यायालय तो अपने न्यायालयों के और अपने ही कई फैसले रद्द करता रहता है। उसके अपने फैसलों में सारे जजों की सर्वानुमति नहीं होती है। -डॉ. वेदप्रताप वैदिक

## प्रेरणाप्रद मोती



जो बनावट, धोखेबाजी और चालाकी को तिलांजलि देकर ईमानदारी को अपनी जीवन नीति बनाए हुए हैं, वे सबसे अधिक बुद्धिमान हैं।

पं श्रीराम शर्मा आचार्य
(गायत्री परिवार)

## आज का राशिफल

**मेष :** आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी। जिससे आपको कुछ नया सिखने को मिलेगा। आप फिजूल के खर्च को कम करने का प्रयास करेंगे।
**वृष :** आर्थिक स्थिति सामान्य बनी रहेगी। बिजनेस करने वालों के लिए दिन सामान्य रहेगा।
**मिथुन :** आपका दिन पहले की अपेक्षा काफी अच्छा रहने वाला है। इस राशि वालों के लिए दिन उनके अनुकूल रहेंगे। आप जो भी चाहेगे वो सारे काम आपके मन-मुताबिक पूरे होंगे।
**कर्क :** आज आपका दिन बहुत महत्वपूर्ण रहने वाला है। आप किसी बड़ी योजना को शुरू कर सकते हैं। जिसका फायदा उन्हें आगे चलकर जरूर मिलेगा।
**सिंह :** आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। आपके रूके हुए कामों में आपके मित्र आपकी मदद करेंगे।
**कन्या :** आज का दिन आपके लिए बेहद खुशनुमा रहेगा। आप रिलेक्स महसूस करेंगे। आपको किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है।
**तुला :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। लोगों के सामने आपकी इमेज अच्छी बनी रहेगी।
**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। बिजनेस से संबंधित किसी बड़े फैसले के लिए दिन अच्छा है।
**धनु :** दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लेकर आएगा। यह परिणाम व्यवसाय से जुड़ा हो सकता है। अगर आप नयी जमीन लेने की सोच रहे हैं तो शुभ महूर्त जरूर देख लें, इससे आपको भविष्य में फायदा जरूर होगा।
**मकर :** आज अधिकारी आपके कामकाज से खुश हो सकते हैं। लोगों पर आपका अच्छा प्रभाव जमेगा।
**कुंभ :** आज आपका दिन आपके लिए उत्तम है। सभी काम आपके मन के मुताबिक पूरे होंगे। ऑफिस में सहकर्मी आपके काम की तारीफ करेंगे।
**मीन :** आपका दिन सामान्य रहेगा। आप परिवार के सदस्यों से मधुर व्यवहार बनाएं रखें । ऑफिस में अपनी कड़ी मेहनत के कारण पदोन्नत किया जा सकता है। फिजूल खर्च से बचें। आप अपनी किसी मीठी यादों को याद करके आनन्द की अनुभूति कर सकते हैं।

# राम सब में और सभी राम में समाए हैं



शिव प्रकाश

भद्रं इच्छन्तः (लोक कल्याण) की भावना को लेकर ऋषियों की साधना, त्याग, तपस्या के परिणामस्वरूप भारत राष्ट्र का उदय हुआ। अपने प्रारंभ काल से ही भारत (भा+रत) अज्ञान के तिमिर को हटाकर ज्ञान के प्रकाश को विश्व में प्रसारित करने में संलग्न है। ऋषियों की इसी आकांक्षा पूर्ति के लिए जिन महापुरुषों ने अपने जीवन का आदर्श, इस राष्ट्र के सम्मुख प्रस्तुत किया है। मर्यादाओं के पालन एवं श्रेष्ठ आचरण के कारण ही समाज ने उनको भगवान की श्रेणी से विभूषित कर अपने जीवन के उद्धारक के रूप में स्वीकार किया है। उन्हें आज संपूर्ण विश्व प्रभु श्री राम के नाम से संबोधित कर रहा है। भारतीय संस्कृति लोक कल्याण कारक, समन्वय भाव से युक्त एवं चराचर जगत में एक ही परम तत्व के दर्शन कराने वाली है।

सभी भेदों से ऊपर उठकर हम सभी एक ही परमात्मा की संतान हैं एवं प्रत्येक स्त्री मां के समान है, यह उदात्त विचार ही भारतीय संस्कृति को विश्व संस्कृतियों से भिन्न दर्शाता है। भारतीय संस्कृति के यह सभी संस्कार जिस पुरुष के जीवन में एक ही साथ प्रकट हुए, वह प्रभु श्रीराम का जीवन है। मां सीता की मुक्ति के लिए रावण से उनका युद्ध समस्त स्त्री जाति की मर्यादा की रक्षा के लिए था। रामेश्वरम में शिव की आराधना समस्त संप्रदायों में सद्भाव का मार्गदर्शन था। जिसको महाकवि तुलसीदास जी ने प्रभु श्रीराम के मुख से कहलाया कि "शिव द्रोही मम दास कहावा। सो नर मोहि सपनेहुँ नही भावा।" भारतीय संस्कृति का आदर्श भोग नहीं त्याग है। पिता दशरथ की आज्ञा पालन करने के कारण राम को सिंहासन त्याग करना पड़ा। सत्ता संघर्ष के इस कालखंड में राम का त्याग प्रेरणादायी है। उनको सिंहासन छूटने का दुख नहीं, वह प्रसन्नता से उसका त्याग करते हैं। राम कहते हैं कि-

**स्नेहं दयां च सौख्यं च, यदि वा जानकीमपि ।**
**आराधनाय लोकस्य मुञ्चतो, नास्ति में व्यथा ।।**

(देश व समाज की सेवा के लिए स्नेह, दया, मित्रता यहां तक की धर्मपत्नी को छोड़ने में भी मुझे कोई पीड़ा नहीं होगी।) हमारी मान्यता है कि इस सृष्टि को संचालित करने वाली एक परम शक्ति है। वह शक्ति ही हम सभी में आत्मा के रूप में विद्यमान हैं। इस कारण अपने जीवन को भौतिक सुख सुविधाओं में न फंसाकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए हम सभी अपनी जीवन लीला को उसी परम सत्ता में विलीन कर दें। स्वयं को जानना, अध्यात्म के मार्ग पर चलकर स्वयं को जानना (नर से नारायण) एवं अपने जीवन की यात्रा को पूर्ण करना, प्रभु श्री राम का जीवन इसका भी आदर्श है। हमारा देश विविधता से भरा देश है। भौगोलिक एवं जलवायु की भिन्नता के कारण हममें भी अनेक विविधताएं दिखाई देती हैं। शरीर का रंग, कद, भोजन, पहनने के वस्त्र, भाषा, जन्म के आधार पर जाति भेद, मान्यताएं आदि को समेटे हुए यह अरबों की जनसंख्या वाला समाज है। प्रभु श्रीराम द्वारा 14 वर्ष की वन गमन अवधि में, अयोध्या से चलकर श्रीलंका तक की यात्रा में वह सभी भेदों को मिटाते एवं समन्वय स्थापित करते हुए दिखाई देते हैं। निषादराज गुहा के साथ मित्रता, माँ शबरी के हाथ के जूठे बेर, वानरों के साथ उनकी मित्रता सभी प्रकार के भेदभावों को नकारती हुई दिखती है। यही कारण है कि उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम राम सर्वत्र दिखाई देते हैं। भाषा की इतनी विविधताओं के बावजूद भी प्रभु राम के नाम पर अपने बच्चों के नाम रखना, सभी भाषाओं में रामायण की रचना, घर-घर में राम का साहित्य और उनकी लीलाओं का मंचन समाज के प्रत्येक वर्ग में उनकी स्वीकृति को दर्शाता है। अपने आदर्श व्यवहार के कारण राम सबमें एवं सभी राम में समाये हैं। इसी सत्य को गोस्वामी तुलसीदास जी ने "सिया राम मय सब जग जानी" कहकर गाया है।

गुलामी के कालखंड में हमारे देश के लोगों को अंग्रेज भारत के बाहर दास बनाकर लेकर गए। दुनिया के अनेक देशों में गिरमिटिया मजदूर कहलाने वाले यह भारतीय अपने पुरुषार्थ के कारण आज वहां पर भी प्रभावी बन गए हैं। उनमें से अनेक वहां के संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन देशों की सेवा भी कर रहे हैं। विदेश ले जाते समय ये भारतीय अपने साथ रामायण, श्रीरामचरितमानस एवं प्रभु श्रीराम का विग्रह साथ लेकर गए थे। राम ने उनको संकटों में भी धैर्य से जीवन जीना सिखाया। इस तरह प्रभु श्री राम; केवल भारत ही नहीं विश्व भर में फैले असंख्य भारतीयों के साथ-साथ विश्व भर के नागरिकों में मर्यादा पूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा दे रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका, मिस्त्र, अमेरिकी एवं यूरोपी देशों सहित थाईलैंड, कंबोडिया, बर्मा, इंडोनेशिया, मलेशिया, जावा एवं बाली सहित दुनिया के अनेक देश इसके प्रत्यक्ष साक्षी हैं। **- लेखक भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं।**



विदेश ले जाते समय ये भारतीय अपने साथ रामायण, श्रीरामचरितमानस व प्रभु श्रीराम का विग्रह साथ लेकर गए थे। राम ने उनको संकटों में भी धैर्य से जीवन जीना सिखाया।

हमारी मान्यता है कि इस सृष्टि को संचालित करने वाली एक परम शक्ति है। वह शक्ति ही हम सभी में आत्मा के रूप में विद्यमान हैं। इस कारण अपने जीवन को भौतिक सुख सुविधाओं में न फंसाकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए हम सभी अपनी जीवन लीला को उसी परम सत्ता में विलीन कर दें। शरीर का रंग, कद, भोजन, पहनने के वस्त्र, भाषा, जन्म के आधार पर जाति भेद, मान्यताएं आदि को समेटे हुए यह अरबों की जनसंख्या वाला समाज है। प्रभु श्रीराम द्वारा 14 वर्ष की वन गमन अवधि में, अयोध्या से चलकर श्रीलंका तक की यात्रा में वह सभी भेदों को मिटाते एवं समन्वय स्थापित करते हुए दिखाई देते हैं। निषादराज गुहा के साथ मित्रता, माँ शबरी के हाथ के जूठे बेर, वानरों के साथ उनकी मित्रता सभी प्रकार के भेदभावों को नकारती हुई दिखती है।

# ऊष्मा, ऊर्जा व प्रकाश का अक्षय भण्डार है सूर्य



हृदयनारायण दीक्षित

भारतीय चिंतन में सूर्य ब्रह्माण्ड की आत्मा है। सूर्य सभी राशियों पर संचरण करते प्रतीत होते हैं। वस्तुतः पृथ्वी ही सूर्य की परिक्रमा करती है। आर्य भट्ट ने आर्यभट्टीयम में लिखा है, ''जिस तरह नाव में बैठा व्यक्ति नदी को चलता हुआ अनुभव करता है, उसी प्रकार पृथ्वी से सूर्य गतिशील दिखाई पड़ता है। ''सूर्य धनु राशि के बाद मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो इसे मकर संक्रान्ति कहा जाता है। सूर्य का मकर राशि पर होना उपासना के लिए सुन्दर मुहूर्त माना जाता है। वराहमिहिर ने बृहत संहिता में बताया है, ''मकर राशि के आदि से उत्तरायण प्रारम्भ होता है। ''गीता (8-24) में कहते हैं, ''अग्नि ज्योति के प्रकाश में शुक्ल पक्ष सूर्य के उत्तरायण रहने वाले 6 माहों में शरीर त्याग कर के ब्रह्म को प्राप्त करते हैं।" उत्तरायण शुभ काल है। इस अवधि में यज्ञ, उपासना, अनुष्ठान और धर्म दर्शन से जुड़े साहित्य का पठन पाठन फलदायी माना जाता है।

ऋग्वेद के रचनाकाल से लेकर उपनिषदों, महाकाव्यों और परवर्ती संस्कृतिमूलक साहित्य में सूर्यदेव की चर्चा है। प्रश्नोपनिषद (1-5) में कहते हैं कि, ''आदित्य ही प्राण हैं।" छान्दोग्य उपनिषद में कहते हैं, "जैसे मनुष्यों में प्राण महत्वपूर्ण हैं वैसे ही ब्रह्माण्ड में सूर्य हैं।" सूर्य के कारण इस पृथ्वी ग्रह पर मनुष्य का जीवन है। सूर्य दिव्य हैं। तेजोमय दिव्यता हैं। सूर्य ऊष्मा ऊर्जा व प्रकाश का अक्षय भण्डार हैं। प्रत्येक ताप का ईंधन होता है। इसी तरह तेजोमय सूर्य ताप के पीछे भी कोई कारण/ईंधन होना चाहिए। सूर्यदेव अरबों वर्ष से तप रहे हैं। सूर्य अजर अमर हैं। ऋग्वेद के दसवें मण्डल के सूक्त 36 के देवता



विश्वदेवा हैं। इस सूक्त में ऋषि अपने यज्ञ में ऊषा और रात्रि देवी का आवाहन करते हैं। पृथ्वी अंतरिक्ष और समस्त देवलोक को निमंत्रण देते हैं। वे वरुण, इन्द्र, मरुत और जल को भी आहूत करते हैं। वे इन्द्र से संरक्षण, मरुतों से समृद्धि की कामना करते हैं और अंत में सूर्य सविता देव का स्मरण करते हैं। सूक्त का अंतिम मंत्र बड़ा प्यारा है। ऋषि कहते हैं, ''सविता पश्चातात सविता - सविता हमारे पीछे हैं। ''फिर कहते हैं, ''पुरस्तात सवितोतर सविता धरातात - सविता सामने हैं। ऊपर हैं। नीचे हैं। ये सविता हमें सुख व समृद्धि दें। दीर्घायु भी दें।" सविता सूर्य की उपस्थिति दशों दिशाओं में है। यही तेजोमय सविता सम्प्रति मकर राशि पर हैं। उनके स्वागत अभिनन्दन की सुन्दर मुहूर्त है मकर संक्रान्ति। मकर संक्रान्ति के दिन तिल, गुड़, मूंग और खिचड़ी आदि का सेवन अच्छा माना जाता है। पुण्यदायी नदियों में स्नान की भी परंपरा है। तुलसीदास ने रामचरितमानस में मकर संक्रान्ति के अवसर के लिए प्रयागराज का शब्द चित्र बनाया है, ''माघ मकरगत रबि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई। ''हम सब सूर्य परिवार के अंग हैं। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल (सूक्त 164) के प्रथम मंत्र में सूर्यदेव के तीन भाई बताए गए हैं। उनके सात पुत्र हैं। तीन भाइयों में वे स्वयं, दूसरे सर्वव्यापी वायु और तीसरे तेजस्वी अग्नि। ऋषि सूर्य के रथ का सुन्दर वर्णन करते हैं, ''सूर्य के एक चक्र वाले रथ में सात घोड़े हैं। सात नामों वाला एक घोड़ा रथ खींचता है।" आगे सात शब्द का दोहराव है, ''सात दिन, सात अश्व, सात स्वरों में सविता सूर्य की स्तुति करती सात बहनें। ''वैसे भी सूर्य प्रकाश में सात रंग हैं। ध्वनि में सात स्वर हैं। सप्ताह में सात दिन हैं। इसके बाद खूबसूरत ऋषि जिज्ञासा है, "इस ब्रह्माण्ड में सबसे पहले जन्म लेने वाले को किसने देखा? जो अस्थि रहित होकर भी सम्पूर्ण संसार का पोषण करते हैं।" सूर्य प्रत्यक्ष हैं। पूर्वज ऋषि सविता सूर्य की आतंरिक गतिविधि जानना चाहते हैं, ''यह विज्ञ सप्त तंतुओं - किरणों को कैसे फैलाते हैं।" ऋषि विनम्रतापूर्वक जानकारी की सीमा बताते हैं, "मैं नहीं जानता लेकिन जानना चाहता हूँ। सभी लोकों को स्थिर करने वाले अजन्मा का रूप क्या है? जो सूर्य रहस्य के जानकार हैं, कृपया वे बताएं। अंत में कहते हैं, ''बारह अरों वाला चक्र द्युलोक में घूमता रहता है। वह अजर अमर है।" सूर्य के प्रति भारतीय चिंतन में अतिरिक्त श्रद्धा है। सूर्य अभिभावक हैं। गीता (4-1) में ज्ञान परंपरा है। श्रीकृष्ण कहते हैं, ''मैंने योगविद्या का ज्ञान सबसे पहले विवस्वान सूर्य को दिया था। सूर्य ने मनु को और मनु ने इक्ष्वाकु को यही ज्ञान दिया।"

वैदिक देवतंत्र में सूर्य महत्वपूर्ण हैं। ऋग्वेद में सविता की स्तुति में 11 सूक्त हैं। 170 से ज्यादा स्थलों पर सविता का उल्लेख है। सूर्य देवता के लिए अलग से 10 सूक्त हैं। सूर्य प्रत्यक्ष देव हैं। सूर्य उपासना यूनान में भी थी। वैदिक मन्त्रों में सविता सूर्य और ऊषा अलग अलग स्तुतियां पाते हैं। लेकिन यथार्थ में वे एक ही सूर्य के भिन्न भिन्न आयाम हैं। डॉ० कपिल देव द्विवेदी ने "वैदिक देवताओं के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक स्वरुप" पर किताब लिखी है। उन्होंने लिखा है कि "सविता ही सूर्य हैं। सविता का अर्थ प्रेरणा शक्ति देने वाला प्रेरक। गति देने वाला। सूर्य इस संसार को गति, प्रेरणा और प्रकाश देते हैं। इसलिए सूर्य को सविता कहते हैं।" सूर्य उपास्य हैं। ऊषा भी उन्हीं का एक आयाम हैं। **- लेखक यूपी विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।**

"आदित्य ही प्राण हैं।" छान्दोग्य उपनिषद में कहते हैं, "जैसे मनुष्यों में प्राण महत्वपूर्ण हैं वैसे ही ब्रह्माण्ड में सूर्य हैं।" सूर्य के कारण इस पृथ्वी ग्रह पर मनुष्य का जीवन है। सूर्य दिव्य हैं। तेजोमय दिव्यता हैं। सूर्य ऊष्मा ऊर्जा व प्रकाश का अक्षय भण्डार हैं। प्रत्येक ताप का ईंधन होता है। इसी तरह तेजोमय सूर्य ताप के पीछे भी कोई कारण/ईंधन होना चाहिए। सूर्यदेव अरबों वर्ष से तप रहे हैं। सूर्य अजर अमर हैं। ऋग्वेद के दसवें मण्डल के सूक्त 36 के देवता विश्वदेवा हैं। इस सूक्त में ऋषि अपने यज्ञ में ऊषा और रात्रि देवी का आवाहन करते हैं। पृथ्वी अंतरिक्ष और समस्त देवलोक को निमंत्रण देते हैं। वे वरुण, इन्द्र, मरुत और जल को भी आहूत करते हैं।

# शौर्य से लबरेज है गोरखा सैन्य इतिहास

स्मरण रहे विश्व युद्धों में भाग लेने वाले भारतीय सैनिकों का मंजिल-ए-मकसूद भी अंग्रेजों की सफ्फाक हुक्मरानी से भारत की आजादी ही था। बहरहाल सेना दिवस के अवसर पर 'कायर हुनु भन्दा मर्नु राम्रो' जैसे ध्येय वाक्य को सार्थक करने वाले सैनिकों को नमन है 'कायर हुनु भन्दा मर्नु राम्रो' अर्थात कायर की तरह जीने से मरना बेहतर। यह ध्येय वाक्य भारतीय सेना की गोरखा राइफल्स का है। भारत के सैन्य इतिहास में गोरखा सैनिकों की दास्तान ए शुजात किसी तारूफ की मोहताज नहीं है। प्रथम विश्व युद्ध में दो व द्वितीय विश्व युद्ध में 10 विक्टोरिया क्रॉस तथा आजादी के बाद 3 परमवीर चक्र जैसे आलातरीन सैन्य पदक गोरखा सैन्य पराक्रम की तस्दीक करते हैं। इंग्लैंड के रक्षा मंत्रालय के 'हार्स गार्डन' में मौजूद गोरखा सैनिक का मुजस्म्मा गोरखाओं की बहादुरी को दर्शाता है। कै. गुरबचन सिंह सलारिया यूएनओ मिशन में प्रथम व एकमात्र 'परमवीर चक्र' (मरणोपरांत), हिमाचली शूरवीर मे. धन सिंह थापा 'परमवीर चक्र' 1962 चीन युद्ध तथा कै. मनोज पांडे परमवीर चक्र (मरणोपरांत) कारगिल युद्ध गोरखा राइफल्स के तीनों परमवीरों के निर्भीक सैन्य नेतृत्व के पीछे गोरखा फौज की शूरवीरता मौजूद थी। सेना के सबसे सम्मानित जनरल व 1971 में नए मुल्क बांग्लादेश के नक्शे के मुख्य मुसव्विर फील्ड मार्शल 'सैम मानेकशॉ' का संबंध भी गोरखा राइफल्स से था।

1971 में पाकिस्तान की तकसीमी इबारत तथा ढाका में पाक सेना के सरेंडर की शतरंजी बिसात बिछाने के अहम किरदार 'सगत सिंह राठौर' व 'गंधर्व नागरा' जैसे जरनैलों का ताल्लुक भी गोरखा राइफल्स से ही था। गोरखा राइफल्स की स्थापना अंग्रेजों ने 24 अप्रैल 1815 के दिन हिमाचल प्रदेश के सुबाथू में की थी। पहली जंगे अजीम के दौरान तीसरी गोरखा के नायक 'कुलबीर थापा' ने सन् 1915 में फ्रांस के महाज पर तथा सिपाही कर्ण बहादुर थापा ने अप्रैल 1918 को मिस्र के जंगे मैदान में असीम शौर्य का मजमून लिखा था। बर्तानिया बादशाही ने दोनों गोरखा शूरवीरों को विक्टोरिया क्रॉस से सरफराज किया था। द्वितीय विश्व युद्ध में 'मिलिट्री क्रॉस' से सम्मानित होने वाले प्रथम भारतीय सैनिक तथा आजादी के बाद 'महावीर चक्र' जैसे पदक से अलंकृत हिमाचली सपूत कर्नल 'अनंत सिंह पठानिया' का संबंध भी 5वीं गोरखा से था। कर्नल अनंत सिंह पठानिया की कयादत में गोरखा सैनिकों ने 11 नवंबर 1948 के दिन कश्मीर में पाक सेना की पेशकदमी को खाक में मिलाकर गुमरी नाले पर कब्जा कर लिया था। उसी युद्ध में नायक 'राम प्रसाद गुरुंग' 'महावीर चक्र' ने पाक सेना की पूरी तजवीज को नेस्तानाबूद करके 15 नवंबर 1948 को अपना बलिदान दिया था। आठवीं गोरखा के सैनिकों ने सन् 1948 में मेजर हरिचंद 'महावीर चक्र' के नेतृत्व में पाक सेना से लद्दाख को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हैदराबाद रियासत का भारत में विलय के लिए चलाए गए सैन्य आपरेशन 'पोलो' में 'पांचवीं गोरखा' के नायक 'नर बहादुर थापा' ने भारत के एकीकरण के लिए श्रेष्ठ सैन्य नेतृत्व की नजीर पेश करके 13 सितंबर 1948 को हैदराबाद में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। शांतिकाल के सर्वोच्च सैन्य पदक 'अशोक चक्र' से नवाजे जाने वाले प्रथम सैनिक नर बहादुर थापा ही थे।

**- प्रताप सिंह पटियाल**

भारत के सैन्य इतिहास में गोरखा सैनिकों की दास्तान ए शुजात किसी तारूफ की मोहताज नहीं है। प्रथम विश्व युद्ध में दो व द्वितीय विश्व युद्ध में 10 विक्टोरिया क्रॉस तथा आजादी के बाद 3 परमवीर चक्र जैसे आलातरीन सैन्य पदक गोरखा सैन्य पराक्रम की तस्दीक करते हैं। इंग्लैंड के रक्षा मंत्रालय के 'हार्स गार्डन' में मौजूद गोरखा सैनिक का मुजस्म्मा गोरखाओं की बहादुरी को दर्शाता है।

# क्रोध नर्क व संयम स्वर्ग की तरफ ले जाता है

हमें बताया जाता है कि हम जैसी जिंदगी बिताएंगे, उसी के मुताबिक हमें मरने के बाद स्वर्ग या नर्क में जगह मिलती है। ऐसे में इनसान सोचता है कि मैं क्या करूं, जिससे स्वर्ग में पहुंच जाऊं, क्योंकि नर्क में कोई नहीं जाना चाहता। यह बताया जाता है कि वहां (नर्क में) बड़ी गर्मी है, बहुत दुख- दर्द हैं, इनसान को वहां बड़ी मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं। हर एक की कोशिश होती है कि वह स्वर्ग में जाए। हम नर्क से कैसे बचें? वह सोचता रहता है कि मैं क्या करूं, जिससे मेरी जिंदगी बेहतर हो। कई बार यह भी ख्याल आता है कि क्या स्वर्ग ऊपर है और नर्क नीचे है? हम वहां कैसे पहुंचेंगे? एक बार एक युवक के अंदर यह जानने की इच्छा हुई कि स्वर्ग कहां हैं और नर्क कहां हैं और वहां क्या-क्या होता है? एक दिन वह एक संत के पास गया और उनसे सवाल किया कि स्वर्ग कहां है और नर्क कहां है और हम क्या करें, जिससे हम स्वर्ग जा सकें और वे कौन-से कर्म हैं, जिनसे हम नर्क में जाते हैं? संत ने उससे पूछा, 'बेटा, तुम क्या काम करते हो?'

उसने कहा, 'मैं पुलिस में हूं।' संत ने कहा,'तेरी तो शक्ल नहीं है पुलिस में काम करने की, तू तो दयनीय लगता है। तुझे किसने पुलिस में भर्ती कर लिया?' उस युवक को बड़ा गुस्सा आया। उसने सोचा कि मैं तो पुलिस का हट्टा-कट्टा जवान हूं, इन्हें क्या हो गया है? गुस्से में उसने अपना हाथ तलवार पर रखा और तलवार को निकाला। उसके कुछ करने से पहले ही संत ने कहा कि यह जो तलवार तुमने निकाली है, इसकी नोक बड़ी मोटी है। इससे तो मेरी गर्दन कटेगी नहीं। यह तूने कैसी तलवार उठाई है? तू किस किस्म का सिपाही है? उसे और गुस्सा आया और जब वह गुस्से से तलवार उठा कर उन्हें मारने ही वाला था, तो संत ने कहा कि यही नर्क है। यह सुनते ही वह रुक गया और उसे ध्यान आया कि वह क्या करने जा रहा था। कै से इनसान को एक छोटी-सी चीज से गुस्सा आ जाता है। उसके अंदर हलचल इतनी बढ़ जाती है कि वह अपने आपको उस हलचल का शिकार बना लेता है। उसने देखा कि वह तो तलवार निकाल कर संत को मारने लगा था, लेकिन संत शांत अवस्था में बैठे थे। उसने तलवार अंदर रखी, तो संत ने कहा कि यही स्वर्ग है।



यह बताया जाता है कि नर्क में बड़ी गर्मी है, इनसान को वहां बड़ी मुश्किलें झेलनी पड़ती है। हर एक की कोशिश होती है कि वह स्वर्ग में जाए। कई बार यह भी ख्याल आता है कि क्या स्वर्ग ऊपर है और नर्क नीचे है? हम वहां कैसे पहुंचेंगे? एक बार एक युवक के अंदर यह जानने की इच्छा हुई कि स्वर्ग कहां हैं और नर्क कहां हैं और वहां क्या-क्या होता है? एक दिन वह एक संत के पास गया और उनसे सवाल किया कि स्वर्ग कहां है और नर्क कहां है और हम क्या करें, जिससे हम स्वर्ग जा सकें और वे कौन-से कर्म हैं, जिनसे हम नर्क में जाते हैं? संत ने उससे पूछा, 'बेटा, तुम क्या काम करते हो?'

आज ही के दिन 2013 में सीरिया की अलेप्पो यूनिवर्सिटी में रॉकेट हमले में 83 लोगों की मौत तथा 150 लोग घायल हुए थे।

# मुरादाबाद

दैनिक भास्कर
रविवार, 15 जनवरी, 2023 देहरादून 

### अभियान में एसएसपी को मिली सफलता

## नशे के इंजेक्शन के साथ कारोबारी गिरफ्तार



भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। एसएसपी हेमराज मीणा द्वारा जिलेभर में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया व सीओ कटघर शैलजा मिश्रा के निर्देशन में थाना कटघर पुलिस ने मुखविर की सूचना पर दविश देते हुए पंडित नगला सड़क पुख्ता अंडरबाईपास से 20 कदम की दूरी पर झाड़ियों से थाना मुगलपुरा के इलाके मोहल्ला बरबालान निवासी आजम उर्फ नदीम को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से झाड़ियों में छुपाए गए 22 नशे के इंजेक्शन व हजारों रुपयों की नगदी बरामद की है। सब इंस्पेक्टर सजंय कुमार पकड़े गए आजम को थाना कटघर लेकर आए जहां सीओ कटघर शैलजा मिश्रा ने नशा कारोबारी से पूछताछ की है। आखिर कहा से वह इतनी बड़ी मात्रा में नशे के इंजेक्शन आसानी से हासिल कर लेता हैं और किन किन लोगों को यह सप्लाई किया करता हैं। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किए गए आरोपी से पुलिस को नशा कारोबारियों की कुछ जानकारी भी प्राप्त हुई हैं। जिनकी तलाश में टीमो को लगा दिया गया है।

### 250 ग्राम चरस बरामद, एक पकड़ा

थाना मुगलपुरा पुलिस ने भी रामगंगा पुल के नीचे मादक पदार्थों का धंधा करने वाले गोकुलदास रोड़ निवासी वसीम उर्फ मुन्ना को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 250 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपी से बरामद की गई चरस की कीमत बाजार में हज़ारों रुपयों की बताई जाती हैं। आरोपी का एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान कर दिया गया है।

## महिलाओं को अपराध व उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक



भास्कर ब्यूरो,

कुंदरकी। थाना कुंदरकी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देश में महिला सुरक्षा विशेष दल थाना कुंदरकी द्वारा नारी सुरक्षा सम्मान स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत थाना क्षेत्र अंतर्गत भ्रमणशील रहकर बालिकाओं और महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों व अधिकारों की जानकारी देकर जागरूक किया। इस समय सतत निगरानी की जा रही है।

थाना क्षेत्र में पुलिस कर्मियों ने पैदल भ्रमण किया स्कूलों वा रेलवे स्टेशन में भी जाकर छात्राओं को जागरूक किया। व उनको उनके अधिकारों के प्रति सेचत किया।

इस दौरान मौजूद उप निरीक्षक महिला रॉकी चौधरी, निधि प्रभाकर, मानसी यादव ,अनिल गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

## गौशाला के प्रबंधन से नाराज़ होकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

भास्कर ब्यूरो,



बिलारी। ग्राम हाजीपुर में वृद्ध गौ संरक्षण केंद्र में बेसहारा पशुओं को ना लेने पर भारतीय किसान संघ द्वारा जिला अधिकारी मुरादाबाद को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें गांव व आसपास के किसानों ने जिला अधिकारी मुरादाबाद से न्याय की गुहार लगाते हुए वृद्ध गौ संरक्षण केंद्र हाजीपुर में घरेलू गोवंशों रातों रात भर लिया जाता है और बेसहारा गोवंशों को नहीं लिये जाने का आरोप लगाया है।

ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि संगठन के कुछ लोग गौशाला की व्यवस्था बिगाड़ रहे हैं उनका किसानों के प्रति व्यवहार ठीक नहीं है तो उप जिला अधिकारी बिलारी ने आश्वासन देते हुए कहा की 14 जनवरी से पहले कोई भी गोवंश गौशाला में नहीं लिया जाएगा। जब तक गौशाला की व्यवस्था ठीक ना हो जाए लेकिन उप जिला अधिकारी के आदेश का उल्लंघन किया गया फिर भी रातों-रात गौशाला में गोवंश लिए गए। जिसपर जिलाधिकारी ने आश्वासन देते हुए कहा आप सभी किसानों की समस्या का समाधान जल्द ही किया जाएगा। गाय हमारी माता है लेकिन किसी को माता कहने से माता नहीं माना जाता उसके लिए दिल में जगह होनी चाहिए। जो लोग किसानों के साथ गलत कर रहे हैं उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी किसानों की बात सुनकर समस्या का जल्द ही समाधान करने का आश्वासन दिया।

इस दोरान ग्राम प्रधान हाजीपुर बृजेश कुमार,ग्राम प्रधान हम्जापुर प्रेम सिंह यादव, ग्राम प्रधान खानपुर भूरे यादव, ग्राम प्रधान पति देवरी कुबेर राज यादव और किसान संघ के कार्यकर्ता विजेंद्र सिंह,नरेश कुमार ब्लॉक प्रचार प्रमुख अशोक यादव, ब्लॉक अध्यक्ष राजपाल सिंह यादव व आसपास के गांव के सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

## हिन्दी दिवस कार्यक्रम में आनलाइन हुई काव्य गोष्ठी

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। आदर्श शिक्षक समूह के पटल पर विश्व हिंदी दिवस कार्य' म ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन गूगल मीट पर किया गया। जिसमें विभिन्न प्रदेशों के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने स्वरचित रचनाओं के साथ काव्य पाठ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जन दृष्टि संस्था (व्यवस्था सुधार मिशन) के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह राठौर ने की। बतौर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ से सुनील दत्त मिश्रा कवि/ अभिनेता , शैलेश प्रजापति गुजरात और रवि शर्मा कानपुर रहे। सभी शिक्षकों की काव्य प्रस्तुति शानदार रही।

कार्यक्रम का संचालन बबीता यादव तथा नीलम सिंह ने किया। अंत में कार्य' म संयोजिका पल्लवी शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## थाना समाधान दिवस में ज़िलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सुनी शिकायतें



भास्कर ब्यूरो,

बिलारी। शनिवार को थाना समाधान दिवस में उप ज़िलाधिकारी शैलेंद्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा पहुंचे जहां उन्होंने जन शिकायते सुनी।

जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने राजस्व कर्मियों को शिकायतों के निस्तारण की बात कहते हुए कहा कि राजस्व संबंधित शिकायतों के निस्तारण में इमानदारी एवं तत्परता बरते जिससे न्याय की उम्मीद लगाने वाले शिकायत कर्ताओं का विश्वास व्यवस्था में बना रहे। वही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने आने वाली शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिसकर्मियों को सचेत किया एवं संबंधित को दिशा निर्देश जारी किए।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी राज बहादुर सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी सलोनी अग्रवाल, निरीक्षक अपराध राजेश यादव, एसएसआई राम नरेश यादव व राजस्व विभाग का अमला मौजूद रहा।

## समाधान दिवस में एसएसपी व जिलाधिकारी ने सुनी समस्याएं



भास्कर ब्यूरो,

कुंदरकी/कुंदरकी। थाना समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसएसपी हेमराज मीणा जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर कुंदरकी थाने पर समाधान दिवस में समस्याओं को सुना, तथा उनकी समस्याओं के उचित गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित हल्का लेखपालों व उप निरीक्षको आदेश दिया गया समाधान दिवस पर टीम रवाना कर दी गई।

इस दौरान एसएसपी हेमराज मीणा , जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह थानाध्यक्ष ललित चौधरी कुलजीत सिंह उप निरीक्षक बृजेश सिंह, विनीत कुमार ,महिला उप निरीक्षक रॉकी चौधरी, अंकुर मलिक, सचिन मलिक, लेखपाल फहीम अहमद, महताब आलम, हर्ष भटनागर, शिवकुमार विष्णु, ग्राम प्रधान आफताब आलम, यासीन दूल्हा, तंजील खान, तस्लीम हुसैन आदि मौजूद रहे।

### सार सुर्खियां

#### मकर संक्रांति पर खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन

भास्कर ब्यूरो, कुंदरकी/कुंदरकी क्षेत्र के ग्राम शेखूपुर खास मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा मकर सं ांति पर श्री शिव मंदिर पर खिचड़ी वितरण का कार्य' म किया गया कार्य' म में जिला कार्यवाह रामकिशोर, खंड कार्यवाह आकाश शर्मा, खंड सह कार्यवाह योगेश, सह सेवा प्रमुख रामपाल सिंह, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नसीम खान,नीरज सिंह अतवीर सिंह, हुकुम सिंह, डॉक्टर रामकिशोर सिंह, सचिन कुमार आदि उपस्थित रहे। उधर कुंदरकी क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू में श्री शिव मंदिर पर मकर सं ांति पर खिचड़ी भोज कार्य' म हुआ जिसमें मिड्यिा प्रभारी ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर, भाजपा नेता सतीश ठाकुर ,मनोज कुमार पुंडीर, राजकुमार पुंडीर, टिकू सिंह,किरनपाल पुंडीर,राजू सिंह, नीतू सिंह, प्रदीप कुमार,संजय सिंह, चन्द्रप्रकाश पाल ,रामौतार सिंह, महासिह,धर्मपाल सिंह, भगवानदास, दिनकर सागर,प्रमोद कुमार, महिला मोर्चा दानवती पाल,पुष्पा देवी, भूरी देवी, माला देवी,मुख्य रूप से रहे।



#### मकर संक्रांति पर सागर गुप्ता ने बांटी खिचड़ी



भास्कर ब्यूरो, भास्कर ब्यूरो, बिलारी। नगर के सर्राफा के प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान मैसर्स श्री शिव कुमार गुप्ता एंड संस द्वारा मकर सं ांति के उपलक्ष में खिचड़ी वितरण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान आने जाने वाले सभी राहगीरों को खिचड़ी वितरित की गई इस अवसर पर मैसर्स शिव कुमार गुप्ता एंड संस के संचालक सागर गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मकर संक्रांति के उपलक्ष पर खिचड़ी वितरित कार्य' म के साथ-साथ कुंदरकी ब्लाक की ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर बसतोर स्थित श्री बांके बिहारी गौशाला में पहुंचकर 150 गौ माताओं को हर चारा वितरित किया भी व साथ-साथ बिलारी क्षेत्र के साधु संतों को बढ़ती ठंड को देखते हुए कंबल वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि हमें समय-समय पर ऐसे सामाजिक कार्य करते रहने चाहिए इससे मन को शांति मिलती है इस अवसर पर सागर गुप्ता, दक्ष गुप्ता,संजय कुमार, पंकज कुमार,विशाल, रविंद्र सिंह, राहुल,सुमित,आकाश,अनिल, रामपाल,अभिनेश,यादराम आदि लोग मौजूद रहे।

## मकर संक्रांति के उपलक्ष में थाने के बाहर बांटी खिचड़ी

भास्कर ब्यूरो,



कुंदरकी। कुंदरकी में मकर स' ांति के उपलक्ष में थाना अध्यक्ष ललित चौधरी ने थाने के गेट पर पुलिस बल के साथ खिचड़ी भोज का आयोजन किया। इस दौरान थानाध्यक्ष ललित चौधरी, उप निरीक्षक सचिन मलिक, उप निरीक्षक , यशवीर मलिक, कांस्टेबल उमेश कुमार, कांस्टेबल विनोद यादव, कांस्टेबल विनय आदि मौजूद रहे।

कुंदरकी क्षेत्र के ग्राम शेखूपुर खास मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा मकर संकांति पर श्री शिव मंदिर पर खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम किया गया कार्य' म में जिला कार्यवाह रामकिशोर, खंड कार्यवाह आकाश शर्मा, खंड सह कार्यवाह योगेश, सह सेवा प्रमुख रामपाल सिंह, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नसीम खान,नीरज सिंह अतवीर सिंह, हुकुम सिंह, डॉक्टर रामकिशोर सिंह, सचिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

उधर कुंदरकी क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू में शिव मंदिर पर मकर संक्रांति पर खिचड़ी भोज कार्य' म हुआ जिसमें मिडिया प्रभारी ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर, भाजपा नेता सतीश ठाकुर, मनोज कुमार पुंडीर, राजकुमार पुंडीर, टिकू सिंह, किरनपाल पुंडीर, राजू सिंह, नीतू सिंह, प्रदीप कुमार, संजय सिंह, चन्द्रप्रकाश पाल, रामौतार सिंह, महासिह, धर्मपाल सिंह, भगवानदास, दिनकर सागर, प्रमोद कुमार, महिला मोर्चा दानवती पाल,पुष्पा देवी, भूरी देवी, माला देवी मुख्य रूप से रहे।

## कुंदरकी के सौरभ भटनागर का सहायक लोको में हुआ चयन

भास्कर ब्यूरो,



कुन्दरकी। कुंदरकी नगर के सौरभ भटनागर का रेलवे में सहायक लोको पायलट के पद पर हुआ सिलेक्शन जब हौसला बना लिया ऊंची उड़ान का, फिर देखना फिजूल है कद आसमान का...इस कहावत को कुन्दरकी नगर के एक बेटे ने चरितार्थ कर दिखाया है यहां नगर के मोहल्ला कायस्थान के एक मध्यमवर्ग परिवार की बेटा सौरभ भटनागर का सहायक लोको पायलट के लिए चयन हुआ है। सौरभ की कठिन मेहनत और लगन के बाद मिली सफलता पर नगर और परिवार के लोगों नाज हो रहा है। फिलहाल सौरभ का चयन होने के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर है।

बता दें कि,अगर ऐसी ही लग्न ओर मेहनत से बच्चे मेहनत करते रहे तो हो दिन दूर नही जब कुन्दरकी शिक्षा नगरी के नाम से जानी जाने लगे। शिक्षानगरी को सार्थक करते कुन्दरकी के बेटे सौरभ अब ट्रेन चलाएगे। सौरभ का सहायक लोको पायलट के लिए सेलेक्शन हुआ है। दैनिक भास्कर की टीम से खास बातचीत करते हुए सौरभ भटनागर के पिता ने बताया कि वो मध्यमवर्ग परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनकी ब बेटा सौरभ ने अपने कड़े परिश्रम से पूरे परिवार का गौरव बढ़ाया है। साथ ही बताया कि सौरभ का रेलवे विभाग में सहायक लोको पायलट के लिए चयन हुआ है जल्द ही सौरभ ट्रेनिग पर चले जायँगे। जल्द सौरभ ट्रेन चलाते नज़र आयंगे।



## मकर संक्रांति मनाने गौ संरक्षण केंद्र पहुंचे डीएम व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

### अधिकारियों ने गौशाला के संचालन का भी लिया जाएजा

भास्कर ब्यूरो,



बिलारी। मकर संक्रांति उत्सव वृहद गौ संरक्षण केंद्र हाजीपुर में धूमधाम से मनाया गया बिलारी पवित्र माघ मास शनिवार को मुख्य अतिथि शैलेंद्र कुमार सिंह जिलाअधिकारी, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज सिंह मीणा,मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश कंसल, उप जिलाधिकारी राजबहादुर सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी सलौनी अग्रवाल, निरीक्षक अपराध राजेश कुमार यादव,वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राम नरेश यादव, खंड विकास अधिकारी भवानी प्रसाद शुक्ला,उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ मनमोहन पांडे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय गौ रक्षक दल के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष गो पीठाधीश्वर श्याम आचार्य महाराज ने किया।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ने क्षेत्र के बड़ी संख्या में एकत्रित ग्राम वासियों एवं समाजसेवी संभ्रांत लोगों के बीच गौशाला संचालन गौ सेवा गौ संवर्धन एवं रखरखाव के विषय में विस्तार से बताया। पूरे जनपद में तहसील एवं विकासखंड स्तर पर बड़ी गौशाला है तथा न्याय पंचायत स्तर पर अस्थाई गौशाला खोलकर पूरे जनपद के किसानों की छुट्टा गोवंश की समस्या से मुक्ति दिलाई जाएगी। किंतु जो निराश्रित गोवंश हैं एवं नंदी सांड उन्हीं के लिए गौशाला में व्यवस्था है। ज़िलाधिकारी द्वारा हरा चारा मटर छिलका, उड़द, भूसा,पानी के टैंक एवं साफ-सफाई गौवंश के रहन-सहन का भ्रमण करके निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेवा भारती जिला अध्यक्ष पंडित विनोद कुमार मिश्र ने किया।

गौशाला के प्रथम दानदाता भोलाराम पेपर मिल देवरी के प्रतिनिधि कपिल कुमार एवं वरुण चौधरी इत्यादि को जिलाधिकारी ने पीत वस्त्र उड़ाबकर ग्राम प्रधान बृजेश कुमार यादव, बीडीसी सदस्य कुंवर पाल, सागर डॉ अशोक कुमार सिंह, बलराम शर्मा,जगत राज शर्मा, आशीष जादौन, पंकज चौहान, दुष्यंत सिंह चौहान, विजेंद्र सिंह चौहान, मेघराज सैनी, डोरी लाल सैनी, राम अग्रवाल, चौधरी इंद्रपाल सिंह, मुन्ना बाबू सतीश चंद्र, नेचुरा मटर प्लांट डॉ वीरपाल सिंह यादव, एडीओ पंचायत, शिवकुमार भटनागर,जगतपाल यादव पूर्व उप निरीक्षक मोहम्मद वसीम, भूसा सप्लायर मोहम्मद जाकिर, बड़ी संख्या में देवरी दिनोरा, खानपुर, हाजीपुर, भगवंतपुर खाता, शाहपुर, हम्जापुर, विजयपुर अमरपुर काशी के किसान एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस में एसडीएम व सीओ ने सुनी लोगों की समस्याएं

भास्कर ब्यूरो,

भगतपुर। थाना प्रांगण में आयोजित समाधान दिवस में शिकायत लेकर पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनी गई और सभी की समस्याओं के निस्तारण हेतु दिशा निर्देश दिए गये।

प्रत्येक माह के दूसरे व चौथे शनिवार को प्रत्येक थाने में समाधान दिवस का आयोजन होता है जिसमे पुलिस अधिकारियों के साथ ही राजस्व विभाग के अधिकारी भी पहुंचकर जन समस्या सुनते हैं और समस्याओं को संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा निस्तारण कराया जाता है जन समस्या के समाधान के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सख्त आदेश कर दिए है। जन समस्याओं को सुनकर समस्या का त्वरित निस्तारण किया जाए। शनिवार को एसडीएम सदर परमानन्द सिंह, व सीओ ठाकुरद्वारा अर्पित कपूर ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस के दौरान पांच शिकायतें आई जिनके समाधान के लिए टीमों का गठन किया गया व उनके शीघ्र निस्तारण के आदेश दिये। इस दौरान थाना प्रभारी मनीष सक्सेना, एसएसआई इलम सिंह, उपनिरीक्षक सुनील कुमार, चौकी मानपुर प्रभारी मोहित कुमार, प्रमोद शर्मा आदि मौजूद रहे।

page-10 page 1 14-Jan-23 9:46 PM Page 1



आज ही के दिन 2016 में पश्चिमी अफ्रीकी देश बुर्किना फासो में ऑगाडोगू के होटल में आतंकवादी हमले में 28 लोगों की मौत हुई थी।

# सरकारी जमीन पर अवैध कालोनी, चला प्रशासन का बुल्डोजर

## भैंसवाल रोड स्थित सरकारी भूमि पर दीवार बनाकर काटी जा रही थी अवैध कालोनी

- प्रशासनिक टीम ने पुलिस के साथ ध्वस्त की दीवारें, हटवाया कब्जा

भास्कर ब्यूरो

**शामली।** जिले में कुकरमुत्तों की तरह पनप रही अवैध कालोनियों पर जिला प्रशासन का बुल्डोजर चल गया। जिला प्रशासनिक टीम ने भैंसवाल रोड पर सरकारी भूमि पर अवैध रूप से काटी गई कालोनियों की दीवार व नींव को बुल्डोजर से ध्वस्त करा दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई से प्रोपर्टी डीलरों में हडकंप की स्थिति बनी रही।





शामली के भैंसवाल रोड पर सरकारी भूमि खसरा नंबर-342/0.0510 हे0(उसर भूमि श्रेणी 6-4) को सम्मिलित कर अवैध रूप से कॉलोनी विकसित की जा रही थी। भूमि पर अवैध रूप से दीवार बनाई जा रही थी।

जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जनपद में लगातार अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई के क्रम में शनिवार को तहसीलदार शामली प्रशांत अवस्थी द्वारा राजस्व व पुलिस विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर राजस्व अभिलेखों के अनुसार सरकारी भूमि खसरा नंबर-342 को चिन्हित करते हुए लगभग 300 वर्ग मीटर भूमि से अवैध कॉलोनी का अतिक्रमण हटवाया गया और भूमि कब्जा मुक्त कराई गई। मौके पर तहसीलदार के साथ राजस्व व पुलिस विभाग की टीम उपस्थित रही।

> **इन्होंने कहा**
> जिला प्रशासन के निर्देशानुसार अवैध कॉलोनी की निशानदेही और कब्जा मुक्ति अभियान रोस्टर के अनुसार निरंतर जारी रहेगा तथा प्राथमिकता के आधार पर सरकारी भूमि से कब्जा हटवाया जाएगा।
> **-प्रशांत अवस्थी,** तहसीलदार शामली

## अतिक्रमण पर चला पालिका प्रशासन का पीला पंजा

भास्कर ब्यूरो

**कैराना।** नगर के मुख्य मार्ग पर सीओ कार्यालय और कोतवाली के निकट दोनों ओर फुटपाथ पर अतिक्रमण किया गया था। जहां खोखे रखकर और पटरी दुकानें लगाकर सामान बेचा जा रहा था। शनिवार को थाना दिवस में पहुंची डीएम जसजीत कौर के संज्ञान में मामला आया, जिस पर डीएम ने तत्काल अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए। इसके बाद नगरपालिका के सफाई लिपिक रविंद्र कुमार व लेखपाल शमशेर सिंह अपनी टीमों के साथ जेसीबी मशीन लेकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई शुरू की, तो अतिक्रमणमारी कुछ दिनों मोहलत देने की गुहार लगाने लगे। इस दौरान टीम ने टिन शेड को तुड़वा दिया, जबकि खोखे और पटरी दुकानों को हटवा दिया गया। हालांकि, कुछ लोगों को अतिक्रमण स्वयं हटाने के लिए समय भी दिया गया।

# सोते हुए बालक संदिग्ध परिस्थितियों में लहूलुहान

- चिकित्सकों ने मृत घोषित किया, परिवार में कोहराम

भास्कर ब्यूरो

**शामली।** घर में सो रहा एक साल का मासूम बालक संदिग्ध हालत में घायल हो गया। परिजनों ने लहूलुहान बालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार बालक के ऊपर भारी सामान गिरने से उसकी मौत हुई है, वहीं परिजनों का कहना है कि बालक पर किसी जानवर ने हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सिम्भालका निवासी सुधीर उर्फ भूरा का एक साल का बच्चा था। बताया जाता है कि शनिवार को बालक घर में सो रहा था, तभी उसके रोने की आवाज सुनी तो परिजन उसके पास पहुंचे तो उन्होंने देखा कि बालक लहूलुहान हालत में है, जिससे परिजनों में हडकंप मच गया। परिजन बालक को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां पर चिकित्सकों ने बालक को मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। जहां परिजन बता रहे है कि बालक के ऊपर किसी जानवर ने हमला कर लहूलुहान कर दिया, वहीं चिकित्सकों का कहना है कि बालक के ऊपर कोई भारी सामान गिरा है, जिससे उसकी मौत हो गई। फिलहाल परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के बालक का अंतिम संस्कार कर दिया।

## अवैध कब्जाधारियों पर जुर्माने के नोटिस चस्पा

**भास्कर ब्यूरो, कैराना।** गांव मामौर क्षेत्र में खाद के गड्ढों व नवीन परती की भूमि से प्रशासन ने अवैध कब्जा हटवाया था। भूमि के दोनों के कब्जाधारियों द्वारा जुर्माने की रकम अदा नहीं करने पर नोटिस चस्पा कर दिए गए हैं। गांव पंजीठ निवासी समरयाब ने मामौर में खाद के गड्ढो की 0.0400 हेक्टेयर भूमि पर अवैध कब्जा करके प्राइवेट स्कूल बना रखा था। इसके अलावा मामौर में ही नवीन परती की 0.0410 हैक्टेयर भूमि पर मेहरबान निवासी पटनी परतापुर हाल निवासी मामौर ने अवैध कब्जा करके मकान बना रखा था। पांच माह पहले राजस्व विभाग ने धारा-67 के तहत वाद दायर करके दोनों कब्जाधारियो से भूमि को कब्जामुक्त करा लिया था। इसके बाद 29 अगस्त 2022 को तहसीलदार (न्यायिक) हेमचंद शर्मा द्वारा मेहरबान पर 19 हजार 625 रुपये तथा समरयाब पर 19 हजार 220 रुपये जुर्माना लगाया गया था।



# सूर्यदेव के दर्शन न होने से सर्द हुआ वातावरण

## दिनभर चलती रही ठंडी हवाएं, शीतलहर के चलते घरों में दुबके लोग

भास्कर ब्यूरो

**शामली।** शनिवार की सुबह एक बार फिर घने कोहरे ने पूरे वातावरण को अपनी आगोश में ले लिया। कोहरे का आलम यह था कि कुछ दूरी का भी साफ नजर न आने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा वहीं कोहरे के साथ-साथ शीतलहर ने भी जनजीवन को बेहाल करके रख दिया। पूरे दिन सूर्य के दर्शन नहीं हुए, जिस पर लोग घरों से बाहर नहीं निकले। बाजारों में भी कम ग्राहक देखे गए। पिछले कई दिनों से कोहरे से तो लोगों को राहत मिली हुई थी लेकिन शीतलहर व ठंड ने लोगों को ठिठुरा रखा है। शनिवार को मकर संक्रांति के पर्व पर कोहरे ने भी अपना जबरदस्त असर दिखाया। हालांकि देर रात ही आसमान में कोहरा छाने लगा था लेकिन शनिवार सुबह तो कोहरे ने पूरे शहर को ही अपनी आगोश में ले लिया। हालत यह थी कि कुछ दूरी का भी साफ नजर नहीं आ रहा था जिसके कारण लोगों खासतौर पर वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पडा। चालकों को अपने वाहनों की लाइट जलाकर चलने की बजाय रेंगना पडा। कोहरे के साथ-साथ शीतलहर ने भी आम जनजीवन पर भी असर डाला, लोग घरों से बाहर नहीं निकले। पूरे दिन आसमान में कोहरा छाया रहा, इसके बाद भगवान सूर्य देव ने अपने दर्शन दिए। ठंड से बचाव के लिए लोग चाय, काफी, गर्म पानी का सेवन कर रहे हैं, बाजारों में भी चाय की दुकानों पर लोगों की भीड लगी रही। लोगों में बारिश की आशंका बनी रही। मौसम के खराब रहने के चलते बाजारों में चहल पहल भी कम ही नजर आयी। ठंडी हवाओं के चलते लोग अपने-अपने घरों में ही दुबके रहे। बाजारों में ग्राहकों की संख्या कम होने के कारण दुकानदार भी अलाव पर हाथ तापते नजर आए। चार दिन तक ऐसा ही मौसम होने की संभावना जतायी जा रही है।

# छात्राओं का पीछा करने वाले अभियुक्त गिरफ्तार

## विरोध करने पर अभियुक्तों ने की थी परिजनों से मारपीट, वायरल हुआ था वीडियो

भास्कर ब्यूरो

**थानाभवन।** वायरल वीडियो के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए मनचलों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ था। सोशल मीडिया में एक वीडियो काफी वायरल हो रही थी जिसमें थानाभवन क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनके परिवार की दो लड़कियां थानाभवन कस्बे के स्कूल से पढ़कर ऑटो से गांव वापस लौट रही थी रास्ते में मनचलों द्वारा उनका बाइक पर सवार होकर पीछा कर छींटाकशी की जा रही थी। जिसका छात्राओं ने वीडियो भी बनाया था। पीछा ना करने का विरोध करने पर उक्त मनचलों ने परिजनों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया था। जिसमें पुलिस ने चार नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। वही मनचले द्वारा सोशल मीडिया में वांछित होने पर भी एक वीडियो वायरल कर पुलिस को चिढ़ाने का काम किया गया था। अब पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आसिफ पुत्र जमशेद व सद्दाम पुत्र यासीन व ओसाफ पुत्र जमशेद व सलमान पुत्र गुफरान निवासी मसावी को मसावि राजवाहे की पुलिया से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने चारों मनचलों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मनचलों की वायरल वीडियो काफी चर्चा का विषय बनी हुई थी।



**यमुना घाट पर श्रद्धालुओं का टोटा**

कैराना। क्षेत्र में मकर संक्रांति पूर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। यमुना घाट पर ठंड के कारण श्रद्धालुओं की संख्या कम नजर आई। शनिवार को मकर संक्राति के अवसर पर महिलाओं ने अपने परिवार के बर्जुगों का आर्शीवाद प्राप्त करने के लिए उन्हें रेवडी, मिष्ठान, मूंगफली व वस्त्र आदि भेंट किए।

# किसानों की समस्या समाधान की मांग की

भास्कर ब्यूरो

**शामली।** रालोद अध्यक्ष जयंत चैधरी के निर्देश पर शनिवार को गांव हाथी करौदा में किसान संदेश अभियान के तहत किसानों की बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की गयी। शनिवार को गांव हाथी करौदा में किसान संदेश अभियान के तहत किसानों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसानों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर अपनी समस्याओं गन्ना भुगतान 14 दिनों में करने, आवारा पशुओं की समस्या का हल करने, बिजली बिलों की समस्या के समाधान की मांग की वहीं गन्ने का लाभकारी मूल्य जल्द घोषित करने की मांग की। बैठक में जिला पंचायत सदस्य उमेश पंवार ने कहा विगत वर्ष विधानसभा चुनाव से पूर्व गन्ना मूल्य पेराई सत्र से पहले ही घोषित कर दिया गया था जबकि इस वर्ष पेराई के तीन माह उपरांत भी गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रधान धर्मवीर सिंह व संचालन प्रभात मलिक ने किया। बैठक में हरेंद्र वर्मा, सुनील मलिक कुडाना, चेयरमैन ओमपाल सिंह बाजू रामदास, चीनू गोसाई, चंद्र कश्यप, अश्वनी मलिक, भूरा, सतपाल सिंह, देवेंद्र आदि भी मौजूद रहे।




**मंदिरों में पूजा-पाठ, गरीबों को दिया दान, जगह-जगह वितरित हुआ खिचडी का प्रसाद**

# सूर्य के उत्तरायण प्रवेश पर मनाया गया मकर संक्राति पर्व, गरीबों को दान पुण्य

भास्कर ब्यूरो

**शामली।** भगवान सूर्य के दक्षिण से उत्तरायण में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला पर्व मकर संक्रांति जिले में धूमधाम से मनाया गया। जगह-जगह खिचडी के प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं लोगों ने मंदिर जाकर पूजा अर्चना कर गरीबों को दान देकर पुण्य कमाया।दिल्ली रोड स्थित स्वर्ग आश्रम में लोगों को खिचडी का प्रसाद वितरित किया गया। मौके पर अध्यक्ष ईश्वर प्रकाश गर्ग, उपाध्यक्ष रमेश चंद्र, सचिव अशोक कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष पुनीत द्विवेदी, एवं दिनेश भारद्वाज, शरद द्विवेदी, आमोद दिवेदी, संजय पांचाल, देवेंद्र पप्पू, कुलदीप, संजय वर्मा, प्रदीप, विनय पांचाल, सूरज चैधरी, रवि संगल आदि रहे। अखिल भारतीय हिंदू शक्ति दल की महिला जिला कार्यकारिणी की ओर से कुष्ठ आश्रम में सर्दी से बचाव के लिए कुष्ठ रोगियों को कंबल का वितरण किया गया वहीं खिचड़ी सामग्री (दाल चावल आदि) एवं नगद धनराशि प्रदान की गई। नाला पटरी पर रश्मि ब्यूटी पार्लर के बाहर खिचडी और छाछ का वितरण किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रश्मि गर्ग, सचिव स्नेहा गर्ग, उर्मिला गोयल, पूजा बंसल, संगीता जिंदल, सरोज गोयल आदि मौजूद रही। लायंस क्लब शामली द्वारा खिचड़ी वितरण कार्यक्रम सिटी ग्रीन शामली पर आयोजित किया गया जिसमें हजारों लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में अनिल कुछल, मयंक जैन, रमन बत्रा, डा. प्रदीप गोयल, डा. अशोक सिंघल, राकेश कुछल, डा. मोहनलाल गुप्ता, डा.किशन गोपाल, मनोज शर्मा, नवीन अग्रवाल, एडवोकेट मुकेश गर्ग, सुभाष संगल, कमल जैन आदि उपस्थित रहे। वहीं अग्रसेन पार्क में भी श्री रामलखन सेवा समिति द्वारा मकर संक्रांति के पर्व पर खिचडी का प्रसाद वितरित किया गया। मुख्य अतिथि सीडीओ शंभूनाथ तिवारी, पूर्व चेयरमैन अरविन्द संगल,, समिति संरक्षक डा. राज तायल रहे। इस अवसर पर भगवान श्रीराम के चित्र पर पुष्पांजलि एवं महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। विजय कौशिक, अनिल कुमार, सतीश कुमार, वीरेन्द्र मित्तल, राजकुमार तायल, अवनीश संगल, सोनू, मनोज गोयल, श्रवण संगल, संजय ऐरन, राजकुमार बालियान, सुमित गोयल, मानकचंद गर्ग, सचिन, पंकज वालिया, गिरीश चंद, अशोक गोयल, राजकमल मित्तल, शिवम, अमित, शिव कुमार, अजय गर्ग आदि भी मौजूद रहे। दिल्ली रोड बस स्टैंड के निकट खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर सुरेश राणा, अरविंद पहलवान, मनोज कुमार, सतीश कुमार, ऋषि पाल सोराण, अवनीश पप्पू, चैधरी विनोद, वार्ड सुपरवाइजर प्रवीण कुमार, नीरज चंदेल, प्रमोद कुमार कंडेरा आदि मौजूद रहे। सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य ने माँ सरस्वती एवं भगवान सूर्य की उपासना एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। आचार्य संजीव कुमार, संदीप कुमार, रवि कुमार, अनीता मलिक, वंदना, सुरभि मित्र आदि मौजूद रहे। झिंझाना में खिचड़ी, चाय एवं हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। मैन बाजार में प्रशांत गर्ग, आशीष मित्तल, राकेश वर्मा, विपिन गुप्ता, अभिनव गर्ग, अमित गोयल, राहुल प्रेमी, भारत वर्मा एवं शिव मंदिर पर अनुज गुप्ता, नरेश चंद शर्मा, रीतु गुप्ता, अमृत गुप्ता, अंचित गुप्ता, प्रवीण, वीशु, शिवकुमार, सुरेशपाल कश्यप एवं बस स्टैंड पर राहुल गोयल, राजपाल कश्यप, राजकुमार शर्मा, रवि शर्मा का सहयोग रहा। चौसाना के मुख्य बाजार में पुलिस एवं व्यापारियों ने शिविर लगाकर खिचड़ी, गुड, मूंगफली आदि का प्रसाद वितरण किया। सर्वप्रथम चौकी प्रभारी सचिन पूनिया ने खिचड़ी के प्रसाद का हनुमान मंदिर में भोग लगाया एवं भगवान से देश की उन्नति के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर अनुभव गर्ग, कंवर पाल शर्मा, प्रकाश शर्मा, मनोज गोस्वामी, शंकर गोस्वामी, उदयवीर ,अतुल कुमार, अंशुल पुनिया ,भूपेंद्र सिंह ,राहुल कुमार मौजूद रहे।





# सार सुर्खियां

## निजी रास्ते व तालाब से कब्जा हटवाने की मांग

कैराना। गांव मवी निवासी अशोक व ओमवीर सिंह ने डीएम को पत्र देकर बताया कि उन्होंने गांव में उनकी रास्ते की निजी भूमि स्थित है। आरोप है कि व्यक्ति ने भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है, जिससे आवागमन में उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कब्जा हटवाने की मांग की है। वहीं मोहल्ला आलकलां निवासी चै. इदरीस ने डीएम को पत्र देते हुए बताया कि मायापुर रोड पर तालाब स्थित है। आरोप है कि तालाब पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। पूर्व में तालाब के कब्जाधारियों से राजस्व वसूली के आदेश भी हुए थे, लेकिन न वसूली हुई और न ही तालाब कब्जामुक्त हो सका। उसने तालाब कब्जामुक्त कराने की मांग की है।

## थाना दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी फरियाद

कैराना। शनिवार को कोतवाली परिसर में वर्ष-2023 का प्रथम थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें डीएम जसजीत कौर व एसपी अभिषेक झा पहुंचे। इस अवसर पर ठंड के कारण फरियादियों की संख्या कम ही देखने को मिली। अधिकारियों के समक्ष केवल पांच ही फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। डीएम जसजीत कौर ने कहा कि थाना दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि फरियादियों को समस्याओं के समाधान के लिए भटकने नहीं देना है। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अवैध कब्जों पर भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम शिवप्रकाश यादव, सीओ अमरदीप मौर्य व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार त्यागी आदि मौजूद रहे।

## निशानेबाज अवनीश ने मध्यप्रदेश में जीता कांस्य पदक

शामली। गांव लिलौन स्थित मुनव्वर मंसूरी रायफल क्लब के निशानेबाज चै. अवनीश कुमार ने 9 से 14 जनवरी तक मध्यप्रदेश में आर्मी के एएमयू सेंटर द्वारा इंडियन ओपन कंपीटिशन एयर वेपन शूटिंग चैम्पियनशिप में प्रतिभाग किया। चैम्पियनशिप में आर्मी सेंटर एवं स्टेट सिविलयंस शूटरों ने भी भाग लिया। चैम्पियनशिप में निशानेबाज चै. अवनीश ने एयर पिस्टल आईएसएसएफ जूनियर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर उत्तर प्रदेश एवं शामली जिले का नाम रोशन किया है।

## एएसपी ने किया थाने का निरीक्षण

कांधला। शुक्रवार रात्रि अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने स्थानीय थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने अभिलेखों की जांच की और लंबित विवेचनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए कहा। साथ ही थानांतर्गत हिस्ट्रीशीटर और गैंगस्टर पर निगरानी रखने के निर्देश दिए है। इसके बाद स्थानीय पुलिस को साथ लेकर कस्बे के मुख्य चौराहों पर पहुंचकर संदिग्ध वाहनों और संदिग्ध लोगो की तलाशी अभियान चलाया। अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह के जाने के बाद पुलिसकर्मियों ने राहत की सांस ली।

## किसान के घर से सारे पशु चोरी

कांधला। क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी इंसार ने बताया कि उसका मकान गांव के बाहरी छोर पर बना हुआ है और इसी मकान में वह अपने परिवार के साथ रहता है। इंसार ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह शुक्रवार रात्रि रोजमर्रा की भांति अपने पशुओं को अंदर बांधने के बाद सो गया। जब सुबह पशुओं को चारा डालने के लिए उठा तो पीड़ित के लाखो रुपयों की कीमत के तीन दुधारू पशु चोरी कर लिए गए थे। पशुओं के चोरी होने का पता चलते ही पीड़ित और पीड़ित परिवार के पैरो के नीचे से जमीन खिसक गई। पीड़ित ने घटना की जानकारी मोहल्लेवासियो को दी।

## बंदरों के हमले में बालिका घायल

कांधला। कस्बे में बंदरो ने आतंक मचा रखा है। आए दिन बंदर किसी न किसी को हमला कर घायल कर रहे है। शनिवार को कस्बे के मौहल्ला शेखजादगान निवासी कामिल की पंद्रह वर्षीय पुत्री चांदबीबी छत पर बैठी हुई थी, तभी बंदरो के एक झुंड ने चांदबीबी पर हमला कर दिया। बंदरो द्वारा किए हमले से बचने के लिए चांदबीबी भागते समय छत से नीचे गिर गई। छत से नीचे गिरने से चांदबीबी गंभीर रूप से घायल हो गई।

## पति पर शराब पीकर मारपीट करने का आरोप

कांधला। मौहल्ला रायजादगान निवासी शर्मिला ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने तीन बच्चे और पति सहित रहती है। पीड़ित महिला का पति शराबी है। पीड़िता मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करती है। शनिवार को पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि उसका पति आए दिन शराब पीकर पीड़िता और बच्चों के साथ मारपीट करता है और घर में रखा समान भी बेचकर शराब पी जाता है। शनिवार को आरोपी में घर में रखा समान बेच दिया और विरोध करने पर मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

## महिला शिक्षकों ने की पुरानी पेंशन योजना बहाली की मांग

शामली। उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ ने शनिवार को प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन कैराना सांसद प्रदीप चैधरी को सौंपा। संघ की जिलाध्यक्ष रश्मि चैधरी ने कहा कि उप्र शासन द्वारा अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त शिक्षक, कर्मचारियों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर नई पेंशन योजना लाग की गयी है, जो शिक्षक कर्मचारी समाज को स्वीकार नहीं है। उन्होंने बताया कि शिक्षक आंदोलन, ज्ञापन एवं वार्ता के माध्यम से सरकार का ध्यान बार-बार आकृष्ट कराया गया लेकिन पुरानी पेंशन योजना की बहाली के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गयी जबकि कई प्रदेश सरकारों द्वारा पुरानी पेंशन योजना लागू भी कर दी गयी है। उन्होंने प्रधानमंत्री से शिक्षकों, राज्य व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन को बहाल किए जाने की मांग की। इस मौके पर रेशमा, शाहिस्ता खान सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रही।

## अवैध शराब समेत दो गिरफ्तार

झिंझाना। पुलिस ने मेरठ करनाल हाईवे पर स्थित गांव टपराना ईदगाह के पास से चेकिंग के दौरान नसीर पुत्र शराफत निवासी गांव टपराना को दस लीटर कच्ची शराब एवं पांच सौ ग्राम यूरिया के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी ओर गांव टपराना से ही शोएब पुत्र अखलाख टपराना को दस लीटर कच्ची शराब एवं पांच सौ ग्राम यूरिया बरामद किया है।

## श्मशान की भूमि से कब्जा हटवाने की मांग

कैराना। गांव तितरवाड़ा निवासी संजय गौड़, अंकुर शर्मा, नरेश, विनोद, जितेंद्र, सतपनाल, रवि आदि ने शनिवार को थाना दिवस में डीएम को पत्र दिया। बताया गया कि गांव में श्मशान घाट की भूमि पर करीब 30 वर्षों से कुछ लोगों का अवैध कब्जा चल रहा है। इस कारण से शवों के अंतिम संस्कार के लिए भी ग्रामीणों को तीन किमी. दूरी पर दूसरे श्मशान घाट जाना पड़ता है। उन्होंने अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है।

## दोस्त की डीपी लगाकर 20 हजार ठगे

कैराना। अज्ञात जालसाज ने वाट्सऐप डीपी पर मित्र का फोटो लगाकर एक व्यक्ति से 20 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ति ने कोतवाली में तहरीर दी है। मोहल्ला बिसातियान निवासी पवन कुमार जैन ने शनिवार को कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार शाम करीब छह बजे उसके मोबाइल पर अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आई थी, जिसके वाट्सऐप पर बागपत निवासी उसके दोस्त की डीपी लगी हुई थी। मैसेज के माध्यम से उससे इमरजेंसी बताकर 20 हजार रुपये देने की बात कही। इसके बाद उसने अपने मित्र की डीपी देखकर धनराशि फोन-पे नंबर पर भिजवा दी। बाद में उसने अपने दोस्त से संपर्क किया, तो ठगी की जानकारी हुई।

## सारसुर्खियां

### भूटान के ग्येल्टशेन पंजाब में शामिल

**मोहाली।** राउंडग्लास पंजाब एफसी (आरजीपीएफसी) ने आई लीग 2022-23 सत्र के बचे हुए मुकाबलों के लिये भूटान के कप्तान चेंचो ग्येल्टशेन को क्लब में शामिल किया है।

आरजीपीएफसी ने शनिवार को बताया कि ग्येल्टशेन दूसरी बार क्लब का हिस्सा बनने जा रहे हैं। उन्होंने 2020-21 आई-लीग सीज़न के दौरान राउंडग्लास पंजाब एफसी के लिये 14 मैचों में सात गोल दागे थे। भूटान के 26 वर्षीय फुटबॉलर आई-लीग और आईएसएल चैंपियन रह चुके हैं और अपने शानदार गोल स्कोरिंग कौशल के लिये प्रसिद्ध हैं। वह हाल ही में अपने देश में आयोजित भूटान प्रीमियर लीग जीतकर आ रहे हैं। आरजीपीएफसी के फुटबॉल निदेशक निकोलाओस टोपोलियाटिस ने कहा कि हम चेंचो का क्लब में वापस स्वागत करते हुए बेहद खुश हैं। वह आई-लीग में एक सिद्ध फॉरवर्ड हैं और हमारे क्लब के दृष्टिकोण और हमारे फुटबॉल खेलने के तरीके से अच्छी तरह वाकिफ हैं। जब हम आई-लीग सीज़न के दूसरे चरण में प्रवेश करेंगे तो वह हमारे लिये महत्वपूर्ण होंगे।

### दुबई कैपिटल्स जीती

**दुबई।** इंटरनेशनल लीग टी-20 टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में पहले मुकाबले में अबू धाबी नाइट राइडर्स और दुबई कैपिटल्स के बीच भिड़ंत हुई। कप्तान रोवमैन पॉवेल के ऑलराउंडर प्रदर्शन और रॉबिन उथप्पा की दमदार पारी से दुबई कैपिटल्स ने अबू धाबी नाइट राइडर्स को 73 रनों से शिकस्त दी। अबू धाबी नाइट राइडर्स ने टॉस जीत गेंदबाजी का फैसला किया। दुबई कैपिटल्स टीम की तरफ से रॉबिन उथप्पा ने शानदार शुरुआत की। रॉबिन ने 43 रन बनाए। कप्तान रोवमन पॉवेल ने 48 रन की पारी खेली। इसके अलावा जो रूट और सिकंदर रजा ने 26-26 रन बनाए। अबू धाबी नाइट राइडर्स की तरफ से सलामी बल्लेबाज कोलिन इनग्रम मात्र 1 रन बनाकर आउट हुए। उनके आउट होने के बाद टीम की पारी को संभालते हुए पॉल स्टर्लिंग ने 38 गेंदों का सामना करते हुए 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 54 रनों की पारी खेली। आंद्रे रसेल ने 12 रन बनाए। टीम के 9 बल्लेबाज दहाईं के आंकड़े तक नहीं पहुंच सके।

# ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड में तेज हुई तकरार

### अब आईसीसी पर टिकी हैं क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया का अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय श्रृखंला में भाग नहीं लेने के फैसले के बाद स्टार स्पिनर राशिद खान और पूर्व कप्तान मोहम्मद नबी की नाराजगी ने अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) पर दबाव बढ़ाने के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को गंभीर निर्णय लेने के लिये विचार करने पर विवश कर दिया है।

क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने तालिबान में महिलाओं की शिक्षा और रोजगार में प्रतिबंध के विरोध में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर होने का फैसला किया है, जिसके बाद अफगान स्पिनर राशिद खान ने आस्ट्रेलिया में खेली जाने वाली बिग बैश लीग (बीबीएल) से हटने की धमकी दी। दूसरी तरफ मोहम्मद नबी ने इसे राजनीति से प्रेरित फैसला बताते हुये तंज कसा कि आगामी एक दिवसीय विश्वकप तक क्या आस्ट्रेलिया अपने इस फैसले पर अडिग रहेगा। विश्वकप

क्रिकेट के सबसे बड़े नामों में से एक अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान ने आस्ट्रेलिया के फैसले पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अगर अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना ऑस्ट्रेलिया के लिए इतना ही असहज है, तो मैं बीबीएल में अपनी उपस्थिति से किसी को भी असहज नहीं करना चाहूंगा। इसलिए मैं उस प्रतियोगिता में अपने भविष्य पर दृढ़ता से विचार करूंगा।

### अफगानिस्तान के हालात हैं चिंताजनकः आईसीसी

आईसीसी के प्रवक्ता ने कहा कि हम अफगानिस्तान में हाल के घटनाक्रमों से चिंतित हैं। आईसीसी बोर्ड अपनी अगली बैठक में इन घटनाओं के प्रभावों पर विचार करेगा। हम अन्य खेल संगठनों के संपर्क में रहेंगे जो अफगानिस्तान में खेल खेलने वाले पुरुषों और महिलाओं को देखने के हमारे उद्देश्य को समझते हैं। आईसीसी ने महिलाओं की टीम बनाने में अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड की विफलता को गंभीरता से लिया है। तालिबान सरकार महिलाओं के अधिकारों पर शिकंजा कस कर और उन्हें विश्वविद्यालयों में पढ़ने से रोकने का फैसला कर हालात को और असहज कर रही है।

### पड़ेगा नाकारात्मक प्रभावः एसीबी

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि निष्पक्ष खेल और खेल भावना के सिद्धांतों पर राजनीतिक हितों को प्राथमिकता देकर, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया खेल की अखंडता को कम कर रहा है और दोनों देशों के बीच संबंधों को नुकसान पहुंचा रहा है। यह निर्णय अनुचित और अप्रत्याशित है और जानबूझकर किया गया है। अफगानिस्तान में क्रिकेट के विकास और विकास पर इस फैसले का नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। साथ ही खेल के लिए अफगानियों के प्यार और जुनून को भी प्रभावित करेगा। वह बीबीएल में भाग लेने के लिए अफगान खिलाड़ियों को एनओसी जारी करने पर पुनर्विचार करेगा।

### क्रिकेट को राजनीति से रखें दूरः मोहम्मद नबी

दुबई में आईसीसी अकादमी मैदान पर शारजाह वारियर्स के लिये नेट प्रैक्टिस कर रहे नबी ने कहा कि खेल को राजनीति से दूर रखा जाए, तो ही क्रिकेट के लिये अच्छा है। अभी पिछले टी-20 विश्वकप की ही बात करें तो आस्ट्रेलिया ने हमारे खिलाफ क्यों खेला। मै बताता हूं, दरअसल उनको दो अंकों के साथ साथ अपना नेट रन रेट बेहतर करने की चिंता थी। बीती बात को छोड़ भी दें तो अब हम देखना चाहेंगे कि क्या वह हमारा बहिष्कार भारत में खेले जाने वाले एक दिवसीय विश्वकप में करेंगे।

### हमारा निर्णय है सहीः सीए

आस्ट्रेलियाई क्रिकेट ने अपने फैसले को तर्कसंगत बताते हुए कहा कि यह निर्णय महिलाओं और लड़कियों की शिक्षा और रोजगार के अवसरों और पार्कों और जिमों तक पहुंचने की उनकी क्षमता पर तालिबान द्वारा हाल ही में की गई घोषणा के बाद लिया गया है। सीए अफगानिस्तान सहित दुनिया भर में महिलाओं और पुरुषों के लिए खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# नीदरलैंड ने मलेशिया को रौंद डाला

## पूल सी की अंकतालिका में पहले स्थान पर पहुंची नीदरलैंड की टीम, धमाकेदार शुरुआत

हॉकी विश्वकप

### चार पेनल्टी कॉर्नर में नीदरलैंड के दो गोल

**राउरकेला।** नीदरलैंड ने शनिवार को हॉकी विश्वकप में मलेशिया को 4-0 से रौंद दमदार शुरुआत की। नीदरलैंड जीत के साथ पूल-सी में पहले स्थान पर आ गया है।

बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में दिर्स्ज वैन डैम, जिप जैनसेन, टेन बाइन्स और जोरिट क्रून ने विजेता टीम के लिये गोल किये। नीदरलैंड ने चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल करते हुए दो पर गोल किये, जबकि एशिया की दूसरे नंबर की टीम मलेशिया तीन में से एक भी पेनल्टी का फायदा नहीं उठा सकी। मलेशिया ने मुकाबले की अच्छी शुरुआत की और गेंद को अपने कब्जे में रखते हुए गत उपविजेता को कड़ी टक्कर दी। नीदरलैंड ने कुछ देर में ही जवाबी कार्रवाई करते हुए मलेशिया से गेंद छीनी और उनके गोल पर निशाना दागा, हालांकि वह मलेशियाई गोलकीपर को पार नहीं कर सके। पहले क्वार्टर में कोई सफलता ना मिलने के बाद भी डच टीम ने आक्रमण जारी रखा जिसका फायदा उन्हें वैन डैम के फील्ड गोल से मिला। जैनसेन ने पेनल्टी पर गोल कर नीदरलैंड की बढ़त को दोगुना कर दिया। दूसरे क्वार्टर की समाप्ति से पहले क्रून को ग्रीन कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया गया, हालांकि मलेशिया एक विपक्षी खिलाड़ी की कमी का फायदा नहीं उठा सकी। मलेशिया ने आक्रामकता तो दिखाई मगर वह इसे स्कोरबोर्ड पर दर्शाने में कामयाब नहीं रहे।

### बेल्जियम को रौंद कोरिया ने दिखाया अपना वर्चस्व

**भुवनेश्वर।** विश्व चैंपियन बेल्जियम ने एकतरफा मुकाबले में एशियाई चैंपियन दक्षिण कोरिया को 5-0 से हरा कर अपना वर्चस्व दिखाया। कलिंगा स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में बेल्जियम के लिये एलेक्जेंडर हेंड्रिक्स (31वां) और फ्लोरेंट ऑबेल (50वां) ने पेनल्टी पर गोल किये, जबकि टॉन्गी कोसिन्स (43वां), सेबेस्टियन डोकियर (52वां मिनट) और आर्थर स्लूवर (58वां मिनट) ने फील्ड गोल जमाये।



### संघर्ष के बावजूद चिली की हार

न्यूजीलैंड ने सैम हीहा के दो गोलों की बदौलत पूल-सी मुकाबले में चिली को 3-1 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। सैम लेन और सैम हीहा ने न्यूजीलैंड के लिये गोल किये। चिली ने दूसरे हाफ में शानदार वापसी करते हुए गेंद को अपने कब्जे में रखा, हालांकि इग्नासियो कोंट्रार्डो के अलावा कोई भी उनके लिये गोल नहीं कर सका। अपना पहला विश्वकप खेल रही चिली की शुरुआत किसी बुरे सपने जैसी रही। न्यूजीलैंड ने उनके कमजोर रक्षण पर पहले मिनट से ही दबाव बनाना शुरू कर दिया। न्यूजीलैंड के पहले हमले को रोकने में चिली कामयाब रही, लेकिन हीहा ने 10वें मिनट में गोल करके ब्लैक स्टिक्स को बढ़त दिला दी।

# क्लीन स्वीप के लिये मैदान में उतरेंगे भारतीय धुरंधर

**भुवनेश्वर।** भारत और श्रीलंका के बीच खेली जा रही तीन मैचों की वनडे सीरीज का तीसरा और निर्णायक मुकाबला रविवार को खेला जाना है। टीम इंडिया क्लीन स्वीप के इरादे से मैदान में उतरेगी। वहीं, श्रीलंका अपना सम्मान बचाने के लिये खेलेगी।

### सम्मान बचाने के लिये खेलेगी श्रीलंकाई टीम

भारत और श्रीलंका के बीच सीरीज का निर्णायक मुकाबला तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड स्टेडियम खेला जाएगा। माना जा रहा है कि अंतिम एकादश में बदलाव किया जा सकता है। कप्तान रोहित शर्मा इस मुकाबले में ईशान किशन के साथ पारी का आगाज कर सकते हैं। रोहित ने शुभमन गिल को शुरुआती दोनों मुकाबलों में मौका दिया। पहले वनडे में गिल ने 70 रनों की शानदार पारी खेली, लेकिन दूसरे वनडे में 21 रनों पर गिल आउट हो गए। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि ईशान किशन को खेलने का मौका मिल सकता है।

मैच में विराट कोहली का खेलना तय है। हालांकि पिछले मैच में विराट महज छह रन पर आउट हो गए थे। वहीं, श्रेयस अय्यर की जगह सूर्यकुमार को मौका दिया जा सकता है। केएल राहुल का स्थान बरकरार रह सकता है। हार्दिक भी टीम में रहेंगे। यह भी कहा जा रहा है कि रोहित शर्मा चार गेंदबाजों को टीम में शामिल कर सकते हैं। शमी की जगह अर्शदीप सिंह को जगह मिल सकती है। वहीं, कुलदीप, सिराज और उमरान की जगह तय मानी जा रही है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम द. अफ्रीका रवाना

**बेंगलुरु।** एफ़आईएच महिला नेशंस कप में करिश्मायी प्रदर्शन के बाद आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय महिला हॉकी टीम दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के खिलाफ सात मैचों की सीरीज में हिस्सा लेने के लिये शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के लिये रवाना हो गई।

### द. अफ्रीका व नीदरलैंड से खेली जानी है सीरीज

टीम की कप्तान सविता ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका और दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ मैचों से हमें अपने खेल के स्तर को बढ़ाने में मदद मिलेगी। हम इस दौरे के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। बैंगलोर में समाप्त हुये शिविर के बाद सभी खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरे हुए हैं और सीजन की अच्छी शुरुआत करने के लिए उत्सुक हैं।

उप कप्तान नवनीत कौर ने कहा कि एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप में भारत के प्रदर्शन को लेकर हमारी टीम काफी उत्सुक है। भारत में विश्व कप को लेकर बहुत चर्चा है और निश्चित रूप से, हम समय के अंतर के बावजूद मैच देखने के लिए स्क्रीन से चिपके रहेंगे। महिला टीम ने भारतीय पुरुष टीम को शुभकामनाएं प्रेषित की और वीडियो संदेश को साझा किया कि इस बार संभवतः हॉकी में पदक के लिए 48 साल का लंबा इंतजार खत्म होगा।

### साउदी ने तोड़ा विटोरी का रिकॉर्ड

**कराची।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान से तीन वनडे मैचों की सीरीज जीत ली है। टिम साउदी ने डेनियल विटोरी का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

कराची के नेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी ने तीन विकेट लिए। वह न्यूजीलैंड के लिए तीनों फॉर्मेट को मिलाकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। साउदी ने पूर्व कप्तान डेनियल विटोरी को पीछे छोड़ा है।

# जोकोविच खिताब के प्रबल दावेदारः नडाल

**मेलबर्न, एजेंसी।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन राफेल नडाल ने शनिवार को स्वीकार किया कि वह दबाव के साथ ऑस्ट्रेलियाई ओपन की शुरुआत कर रहे हैं और नोवाक जोकोविच इस खिताब के सबसे प्रबल दावेदार होंगे।

ऑस्ट्रेलिया ओपन 2022 के विजेता नडाल के साल की शुरुआत यूनाइटेड कप में दो हार के साथ हुई है। नडाल ने अपने पिछले सात में से छह मुकाबले हारे हैं और

ऑस्ट्रेलिया ओपन

### पिछले छह मुकाबले हार चुके हैं राफेल नडाल

ऑस्ट्रेलियाई ओपन में उनका पहला मैच 21 वर्षीय जैक ड्रेपर के साथ है जो इस सप्ताह एडिलेड इंटरनेशनल के सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। नडाल ने कहा कि यह संभवतः सबसे कठिन पहला राउंड है। वह युवा और शक्तिशाली हैं और बहुत तेजी से ऊपर आ रहे हैं। नडाल ने कहा कि वह दबाव में नहीं हैं, हालांकि मैं आजकल कई मुकाबले हार रहा हूं, जो खेल का हिस्सा है।

मैं इस स्थिति को विनम्रता के साथ स्वीकार करते हुएआज जो मेरे पास है उसके साथ काम कर रहा हूं। मुझे अपनी लय फिर से हासिल करने की जरूरत है। मुझे जीत के साथ अपने आप में इस आत्मविश्वास को फिर से बनाने की जरूरत है, लेकिन यह सच है कि मैं सामान्य से अधिक हार रहा हूं।

# 'अपनी वैश्विक स्थिति का लाभ उठाए भारत'

**नई दिल्ली।** जी-20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया की वर्तमान स्थिति के मद्देनजर भारत को अपनी दक्षता हर क्षेत्र में प्रदर्शित करने और वैश्विक बाजार में अपनी पकड़ बनाने का यह उपयुक्त समय है।

कांत ने पब्लिक अफेयर्स फोरम ऑफ इंडिया के तीसरे वार्षिक लेक्चर में 'रोल ऑफ बिजनेस इन जी-20' विषय पर कहा कि विश्व के कई देश आर्थिक, महंगाई, भू-राजनीतिक, ऊर्जा, कर्ज, युद्ध, कोरोना से उपजे संकट का सामना कर रहे हैं, वैश्विक आर्थिक संस्थायें

### भारत की आर्थिक स्थिति मजबूतः अमिताभ कांत

दुनिया में मंदी का अनुमान जता रही हैं, ऐसी स्थिति में भारत को विभिन्न क्षेत्रों में हासिल की गई अपनी महारत का पूरा लाभ उठाना चाहिए और वैश्विक पटल अपनी स्थिति मजबूत कर लेनी चाहिए। भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत है और इसके और सुदृढ़ होने के संकेत हैं, भारत को वैश्विक बाजार पर अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए अपनी सेवाओं और उत्पादों को इतना उत्कृष्ट बनाना चाहिए कि वे वैश्विक पटल पर छा जाएं।

### जी-20 के कार्यसमूह की बैठक कल से

**नई दिल्ली।** भारत की अध्यक्षता में जी-20 की इन्फ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप की पहली बैठक पुणे में 16 से 17 जनवरी के बीच होने जा रही है।

विदेश मंत्रालय की शनिवार को इस बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि यह बैठक भारत की अध्यक्षता में जी-20 के 2023 अवसंरचाना विकास के एजेंडे पर चर्चा करने के लिए भारत आयोजित की जा रही है। इसमें इस कार्यसमूह के सदस्य देशों, अतिथि देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों को आमंत्रित किया गया है। बैठक की मेजबानी भारत सरकार के वित्त मंत्रालय का आर्थिक कार्य विभाग करेगा। ऑस्ट्रेलिया और ब्राजील इस बैठक के सह-अध्यक्ष बनाए गए हैं।

# डनलप ने पेश किया भविष्य का टॉयर

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में आयोजित ऑटो एक्सपो-2023 में डनलप इंडिया ने भारतीय ऑटो मोबाइल बाजार के लिए भविष्य के दुपहिया वाहन टायर की पेशकश की।

कंपनी ने कहा कि यह उत्पाद कम्प्यूटर आधारित नई टेक्नोलॉजी से बना यह टू-व्हीलर टायर भारतीय सड़कों के अनुरूप डिजाइन किया गया है। वाहन चलाते समय सड़क पर शानदार स्थिरता और पूर्ण नियंत्रण चालक को सुरक्षा प्रदान करेगा। कंपनी का दावा है कि उसके ऐसे टायर रेसिंग और माउंटेन बाइकिंग के दुनियाभर के चालकों की पहली पसंद बने हुए हैं। कहा कि भारतीय टायर

### भारतीय सड़कों के अनुरूप डिजाइन

बाजार की मांग के अनुरूप डनलप इंडिया ने अब टू-व्हीलर टायर की रेंज में नए फीचर से युक्त टायर पेश किये हैं। इस नए टायर की प्रमुख विशेषता टू-व्हीलर की ब्रेकिंग प्रणाली को आरामदायक बनाती है। सड़क पर इस टायर की पकड़ यात्री के सफर को ज्यादा आसान आरामदायक और सुरक्षित बनाती है। संपूर्ण भारत में फैले वितरकों के माध्यम से यह टायर बाजार में उपलब्ध होगा। डनलप इंडिया ने टू-व्हीलर रेंज के लिए इस टायर को भविष्य का टायर करार दिया है।



अहमदाबाद में पतंग उत्सव उत्तरायण मनाने के लिये पतंग व धागा खरीदते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह। एजेंसी

## कोयला मंत्रालय ने कहा, खादानों से उपलब्ध पानी से कई क्षेत्रों के लगभग 18 लोगों को मिल रहा है लाभ

# कोयला खानों के पानी से 900 गावों को फायदा

### फसलों की सिंचाई में भी मिल रही है मदद

**नई दिल्ली।** सरकारी क्षेत्र की कोयला तथा लिग्नाइट कंपनियों की खानों से छोड़े गए पानी के साथ-साथ परित्यक्त खदानों में उपलब्ध पानी से उन क्षेत्रों के करीब 900 गांवों के 18 लाख लोगों को लाभ मिल रहा है।

कोयला मंत्रालय के अनुसार उसके निर्देशानुसार कोयला/लिग्नाइट पीएसयू खानों के पानी के संरक्षण और कुशल उपयोग के लिए विभिन्न कदम उठा रहे हैं। पीएसयू अपने क्षेत्रों में पेयजल और सिंचाई जैसे सामुदायिक उपयोग के लिए खानों से पानी की आपूर्ति कर रहे हैं।

बयान के अनुसार चालू वित्त वर्ष के दौरान ऐसी खानों के लगभग 4000 लाख किलो लीटर (एलकेएल) पानी की आपूर्ति करने की योजना बनाई थी, जिसमें से दिसंबर 2022 तक 2788 एलकेएल की आपूर्ति की जा चुकी है। इसमें से 881 एलकेएल पानी का उपयोग पेयजल सहित घरेलू उपयोग के लिए किया गया है।

बयान में कहा गया है कि खानों के पानी के लाभार्थी मुख्य रूप से जनजातीय समुदाय और दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोग हैं।

### कोयला खनन कंपनियों को छूट

कोयला मंत्रालय ने उद्योग जगत की मांग तथा कारोबार करने की सुगमता को बढ़ावा देने के लिए कोयला नीलामी में आवंटित कोयला ब्लाकों में कार्य निष्पादन बैंक गारंटी (पीबीजी) की पहली समीक्षा खदान खोलने की अनुमति के बाद ही करने का निर्णय लिया है। इससे ऐसी कंपनियों पर बैंक गारंटी का वित्तीय दबाव कम होगा जो कारोबार चालू करने में लगी हैं, लेकिन अभी परिचालन पूर्व की प्रक्रिया में हैं। इससे नीलामी के चालू दौर में निवेशकों का आकर्षण बढ़ने की उम्मीद है। मंत्रालय ने 141 कोयला खदानों के लिए तीन नवंबर को वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी के छठे दौर तथा पांचवे प्रयास का दूसरा प्रयास शुरू किया था।



2022-23 में सरकारी क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने दिसंबर 2022 तक अपने हरित आवरण को 1600 हेक्टेयर तक विस्तारित करते हुए अपने वार्षिक वृक्षारोपण लक्ष्य 1510 हेक्टेयर को पार कर लिया है। सीआईएल ने चालू वित्त वर्ष में दिसंबर, 2022 तक 31 लाख से अधिक पौधे लगाए हैं। मंत्रालय का कहना है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान 4392 हेक्टेयर के खनन पट्टा क्षेत्र में हुए हरित पहल से 2.2 लाख टन/वर्ष की कार्बन सिंक क्षमता पैदा हुई है। कोयला/लिग्नाइट पीएसयू ने चालू वित्त वर्ष में दिसंबर 2022 तक लगभग 2230 हेक्टेयर भूमि में वृक्षारोपण किया है और लगभग 360 हेक्टेयर में घास लगाई गई है।

### इंडिगो की कोल्हापुर-बेंगलुरु सेवा शुरू

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्री माधव राव सिंधिया ने शनिवार को कोल्हापुर से बेंगलुरु के बीच सीधी उड़ान सेवा को हरी झंडी देकर प्रस्थान कराया।

नागर विमानन मंत्रालय के अनुसार यह उड़ान सस्ते में सप्ताह में हर दिन उपलब्ध होगी। सिंधिया ने कहा कि उनका मंत्रालय कोल्हापुर में उड्डयन सुविधाओं के विकास पर ध्यान दे रहा है। कोल्हापुर में 245 करोड़ रुपए के निवेश से एक नया हवाई अड्डा टर्मिनल, रन वे का विस्तार और नया वायु-यातायात नियंत्रण स्तंभ निर्मित किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के मिशन के अनुसार देश में सभी क्षेत्रों में विमान सेवाओं के विस्तार का काम चल रहा है। इससे क्षेत्र में व्यापार पर्यटन और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

# हिमालया का बेबी मसाज ऑयल लॉंच

**नई दिल्ली।** हिमालया वैलनेस कंपनी ने बेबी मसाज ऑयल लॉच किया है। कंपनी के मुताबिक सरसों के गुणों से युक्त यह बेबी ऑयल चुनिंदा औषधियों और सामग्री से बनाया गया है, जो चिपचिपाहट रहित होने के साथ शिशु की स्किन को पोषण प्रदान करती हैं।

कंपनी के बिजनेस हेड चक्रवर्ती एनवी ने कहा कि बेबी मसाज ऑयल की हिमालया इंडियन हैरिटेज सीरीज सदियों पुरानी पारंपरिक आयुर्वेदिक विधियों से प्रेरित है, जो आपके शिशु की दिनचर्या में बॉडी मसाज के महत्व पर बल देती हैं। मिलेनियल अभिभावक अपने शिशुओं के लिए सामग्री और उत्पादों के इस्तेमाल को लेकर ज्यादा सतर्क व जागरुक हो रहे हैं। वो अपने शिशुओं को सही पोषण देने के साथ कैमिकल के मामले में सुरक्षित उत्पाद तलाशते हैं। इसलिए हमारा मानना है कि नया बेबी मसाज ऑयल अभिभावकों को बहुत पसंद आएगा।

### शिशु की स्किन को पोषण देने का दावा

उन्होंने बताया कि ये मॉईस्चर को शिशु की स्किन में लॉक कर देती हैं, जिससे स्किन नरम और मुलायम बनी रहती है। चार औषधियों एलोवेरा, वेटिवर, विंटर चेरी और कंट्री मैलो के गुणों को जब एक पारंपरिक ऑयल में मिलाया जाता है, तो वो खून का सर्कुलेशन बढ़ाते हैं।

आज ही के दिन 2020 में आईसीसी ने भारतीय क्रिकेट टीम के रोहित शर्मा को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ वनडे क्रिकेटर चुना गया था।

EVERY SECOND COUNTS IN AN
EMERGENCY.
RUSH TO MAX HOSPITAL, DEHRADUN'S 24x7 EMERGENCY
0135 7193 333
MAX Healthcare

## सारसुर्खियां

### फिलीपींस में बाढ़ से अबतक 20 की मौत

**मनीला।** फिलीपींस में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 20 हो गई है, जबकि आठ अन्य घायल हो गए हैं। देश के राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन परिषद ने शनिवार को बताया कि बाढ़ के कारण कुल 1,135 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनमें से 270 पूरी तरह से नष्ट हो गए। देश के 40 से अधिक शहरों को बिजली संकट का सामना करना पड़ा है। बाढ़ से 170 से अधिक सड़कें और 44 पुल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कुल 127 राहत शिविर स्थापित किए गए हैं, जिनमें वर्तमान में लगभग 80,000 लोग रह रहे हैं।

### इस्तांबुल में हमला

**इस्तांबुल।** तुर्की के इस्तांबुल के मध्य गोल्डन हॉर्न ब्रिज पर एक कार पर सशस्त्र हमला किया गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। तुर्की की आईएचए समाचार एजेंसी के अनुसार एक कार पर शनिवार सुबह हमला किया गया, जिसमें दो लोग सवार थे। पीड़ित और हमलावर दोनों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर दी है और एडिरने की दिशा में पुल और ई-5 राजमार्ग पर यातायात रोक दिया गया है।

### इंडोनेशिया में भूकंप

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी प्रांत बेंगकुलु में शनिवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूभौतिकी एजेंसी ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार शनिवार सुबह पांच बजकर 41 मिनट पर आया और रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.3 मापी गई। भूकंप का केंद्र कौर जिले से 55 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में और समुद्र तल के नीचे 18 किलोमीटर की गहराई पर था।

### यूनिसेफ ने दीं दवाएं

**लिलोंग्वे।** यूनिसेफ ने हैजे के प्रकोप के जूझ रहे मलावी को जीवन रक्षक दवाएं और मेडिकल उपकरण भेजे हैं। मलावी सरकार ने देश भर में हैजे के प्रसार और मौतों में निरंतर वृद्धि के बाद सार्वजनिक व निजी क्षेत्रों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से समर्थन की अपील की।



नई दिल्ली में शनिवार को भूतपूर्व सैनिक दिवस पर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर बलिदान जवानों को श्रद्धांजलि देते रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी, नौसेनाध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार और थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे। एजेंसी

# पेरू में जोरदार संघर्ष, 50 लोगों की मौत

- **सरकार के विरोध में चल रहा है प्रदर्शन**

**लीमा, एजेंसी।** पेरू में पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो के समर्थकों और सुरक्षा बलों के बीच हुए राष्ट्रव्यापी संघर्ष में एक पुलिस अधिकारी सहित 50 नागरिकों की मौत हो गई है। जबकि कई लोगों के घायल होने की सूचना है।

अटॉर्नी जनरल कार्यालय ने कहा कि विरोध प्रदर्शनों में विशेषकर दक्षिणी क्षेत्र में 355 नागरिकों और 176 राष्ट्रीय पुलिस एजेंटों सहित 531 लोग घायल हो गए। कैस्टिलो के समर्थकों ने नई राष्ट्रपति डीना बोलुआर्टे को इस्तीफा देने के लिए कहा और कैस्टिलो की रिहाई के साथ-साथ राष्ट्रपति चुनाव कराने की मांग की। बोलुआर्टे ने 14 दिसंबर को हिंसा रोकने के लिए राष्ट्रव्यापी 30-दिवसीय आपातकाल की घोषणा की। पुलिस ने गुरुवार रात अयाचुचो पीपुल्स डिफेंस फ्रंट के अध्यक्ष रोशियो लिएंड्रो मेलगर को गिरफ्तार कर लिया। अयाचुचो में दिसंबर में सबसे अधिक हिंसा हुई थी। पेरु की संसद ने सात दिसंबर, 2022 को पूर्व राष्ट्रपति कैस्टिलो पर महाभियोग लगाया और उन्हें तख्ता पलटने के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने महाभियोग से पहले संसद को भंग करने की कोशिश की थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री डीना बोलुआर्टे को देश का नया नेता नियुक्त किया गया था। इन घटनाओं से देश में विरोध की लहर है और प्रदर्शनकारी महाभियोग के बाद की सरकार की निंदा कर रहे हैं और तत्काल राष्ट्रपति चुनाव कराने और संसद को भंग करने का आह्वान कर रहे हैं।

### 329 लोगों की गिरफ्तार

पेरू में पुलिस ने दिसंबर में सरकार विरोधी प्रदर्शन शुरू होने के बाद से एक नाबालिग सहित 329 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ बड़े पैमाने पर दंगे, हिंसा, अधिकारियों के विरोध और सार्वजनिक सेवाओं के काम में बाधा डालने के आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं। पेरु की संसद ने सात दिसंबर, 2022 को पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो पर महाभियोग लगाया और उन्हें तख्ता पलटने के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने महाभियोग से पहले संसद को भंग करने की कोशिश की थी।



# आतंकवाद की चपेट में पनाहगार

## पेशावर में पुलिस स्टेशन पर टीटीपी का आतंकी हमला

- **डीएसपी समेत तीन पुलिसकर्मियों की हत्या**

**नई दिल्ली।** आतंकवाद का पनाहगार पाकिस्तान अब खुद आतंकवाद की चपेट में आ गया है। पाकिस्तान में आतंकी हमलों में लगातार इजाफा हो रहा है। टीटीपी ने पाकिस्तान के पेशावर में एक पुलिस स्टेशन पर हमला बोल दिया, जिसमें गोलीबारी में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी समेत तीन पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी गई।

पेशावर के एसएसपी कासिफ अब्बासी ने बताया कि दरअसल छह से सात हथियारबंद आतंकवादियों ने पेशावर के सरबंद पुलिस स्टेशन पर हैंड ग्रेनेड, स्वचालित हथियारों और स्नाइपर हथियारों की मदद से हमला किया। इस हमले के दौरान क्रॉस फायरिंग में तीन पुलिसकर्मी मारे गए। आतंकी संगठन तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। हमले में मारे गए पुलिसकर्मियों में डिप्टी सुपरीटेंडेंट ऑफ पुलिस सरदार हुसैन और दो कॉन्सटेबल शामिल हैं।

खैबर पख्तूनवा के मुख्यमंत्री महमूद खान ने कहा कि आतंकियों की तलाश में इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

टीटीपी विभिन्न कट्टरपंथी संगठनों का ग्रुप है, जो अफगानिस्तान पाकिस्तान की सीमा से संचालित होता है। साल 2007 में टीटीपी बना और हाल के दिनों में यह आतंकी संगठन लगातार पाकिस्तान में आतंकी हमलों को अंजाम दे रहा है। टीटीपी ने बीते साल नवंबर के अंत में पाकिस्तान की सेना के साथ संघर्ष विराम खत्म कर दिया था। जिसके बाद से यह आतंकी संगठन लगातार पाकिस्तान की सेना और सुरक्षा प्रतिष्ठानों पर हमले कर रहा है।



### भुखमरी की कगार में पाकिस्तान

आतंकवाद का पनाहगार पाकिस्तान अब भुखमरी की कगार पर पहुंच चुका है। पाकिस्तान में कुछ माह पहले भीषण बाढ़ आई थी। इसके बाद पाकिस्तान ने बाढ़ का हवाला देकर विश्व के कई देशों से लाखों डॉलर की सहायता प्राप्त की, लेकिन इन पैसों से देश के लोगों को कोई राहत नहीं दी गई, बल्कि जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान ने यह सभी पैसे भारत में आतंकवादी हमलों के लिये किया। अब पाकिस्तान में हालात बद से बदतर हो चुके हैं। आटा हो या प्याज, पाकिस्तान में महंगाई चरम पर पहुंच चुकी है और जनता त्राहिमाम कर रही है।

### आतंकवादी लूट ले गए हथियार

आतंकी संगठन तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान ने इस हमले में चार पुलिसकर्मियों के मारे जाने और तीन पुलिसकर्मियों के घायल होने का दावा किया है। साथ ही दो क्लाश्निकोव और मैगजीन और 47 हजार पाकिस्तानी रुपए लूटने का दावा किया। आतंकी संगठन टीटीपी ने डेरा गाजी खान जिले में तुनसा शरीफ तहसील में पुलिस चेकपोस्ट पर हमले की भी जिम्मेदारी ली है।

# यूक्रेन के मायकोलाइव और कीव में विस्फोट

- **रूस ने बुनियादी ढांचों को बनाया निशाना**

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन की राजधानी कीव और मायकोलाइव क्षेत्र में शनिवार सुबह रूस ने जोरदार हमले किये। इन मिसाइल हमलों में कई लोगों की मौत की सूचना है। जबकि कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। रूस ने ज्यादातर मिसाइल हमलों में महत्वपूर्ण इमारतों को निशाना बनाया है।

यूक्रेनी प्रकाशन जर्कालो नेदेली ने बताया कि कीव क्षेत्र के बुचा शहर के साथ-साथ जापोरिज्जिया के यूक्रेन नियंत्रित क्षेत्र और कई अन्य हिस्सों में भी विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं। यूक्रेन के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन मंत्रालय के हवाई हमले के आंकड़ों के अनुसार जापोरिज्जिया क्षेत्र के यूक्रेन-नियंत्रित हिस्सों में हवाई हमले की चेतावनी के बाद शनिवार सुबह हमला किया गया। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दिसंबर में कहा था कि इस समय, देश के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को दोबारा से 100 प्रतिशत तक बहाल करना लगभग असंभव है, जिसके कारण यहां के अधिकांश शहरों में बिजली की आपूर्ति में कटौती करनी पड़ रही है। यूक्रेनी ऊर्जा कंपनी यासनो (डा.सॉल्यूशंस) के प्रमुख सर्गेई कोवलेंको ने बुधवार को कहा था कि कीव को जितनी बिजली की आवश्यकता है, उसका लगभग 60 फीसदी ही मिल पा रहा है। रूस के मिसाइल हमलों से पहले सायरन बजा दिया गया था। जिससे हमलों के संभावित स्थानों से नागरिक भाग कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए थे, जिससे जानमाल का नुकसान कम हो सकता है।

# राहुल की यात्रा में कांग्रेस सांसद का निधन

- **दिल का दौरा पड़ने से गई संतोख की जान**

**जालंधर।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के दौरान जालंधर से कांग्रेस पार्टी के लोकसभा सांसद संतोख सिंह चौधरी का शनिवार सुबह निधन हो गया। कहा जा रहा है कि दिल का दौरा पड़ने से संतोख सिंह का निधन हुआ।

यात्रा फिल्लौर से गुजर रही थी, जब संतोख सिंह को दिल का दौरा पड़ा। वह राहुल गांधी के साथ कुष्ठ आश्रम से निकले थे, तभी अचेत होकर गिर पड़े। उन्हें पास के फगवाड़ा के विर्क अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संतोख सिंह चौधरी के बेटे विक्रमजीत सिंह चौधरी फिल्लौर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। संतोख सिंह ने दो बार लोकसभा चुनाव जीता था, पहली बार 2014 में और बाद में 2019 में।

राहुल गांधी विधायक राणा गुरजीत सिंह और विजय इंदर सिंगला के साथ अस्पताल में सांसद के परिवार से मिलने पहुंचे।

### गडकरी को धमकी

**नागपुर।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को फोन पर जान से मारने की धमकी मिलने के बाद उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

पुलिस ने बताया कि गडकरी के कार्यालय पर फोन पर तीन बार धमकी दी गईं। इनमें भाजपा के वरिष्ठ नेता को मारने की धमकी देते हुए फिरौती मांगी गई।

# भाजपा ने केजरीवाल सरकार को घेरा

भास्कर समाचार सेवा

- **संविधान का उलंघन करने का आरोप**

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार ने विधानसभा में तीन दिन का सत्र बुलाया है। इस पर भाजपा ने केजरीवाल को घेरते हुए संविधान का उलंघन का आरोप लगाया।

भाजपा ने केजरीवाल सरकार को आड़े-हाथ लेते हुए कई मुद्दों पर चर्चा से भागने का आरोप लगाया। विधानसभा नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि संविधान के अनुसार, दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र, मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र होगा, जिनमें सवाल-जवाब होंगे और विधायकों को चर्चा की अनुमति भी दी जाएगी, लेकिन दिल्ली सरकार ने जो सत्र बुलाया है, उसमें प्रश्न काल रखा ही नहीं गया है, जो कि काफी जरूरी है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि उन्होंने विधानसभा स्पीकर से मांग की है कि इस सत्र को 3 दिनों से बढ़ा कर 10 दिनों का किया जाए।

# 'हम दोनों' में नजर आएंगी अर्चना पूरन



**मुंबई।** अभी तक हम सभी अर्चना पूरन सिंह को हंसाते हुए देख रहे थे, लेकिन अब अर्चना बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। हरियाणा में बीमा घोटाले पर बनी फिल्म में अर्चना दिग्गज अभिनेता कुमुद मिश्रा के साथ नजर आएंगी। मशहूर निर्माता निर्देशक महेश नायर ने फिल्म 'हम दोनों' बनाई है। फिल्म हरियाणा में हुए दो सौ करोड़ के बीमा घोटाले पर बनाई गई है। यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें बीमा कराने वालों की फर्जी मौत दिखाकर करीब दो सौ करोड़ रुपये का घोटाला कर लिया गया। इस शॉर्ट फिल्म में गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों के नाम पर हुए इस घोटाले के तार दुर्घटना बीमा का लाभ लेने वाले रैकेट से भी जुड़े हैं। नायर ने कहा कि इस विषय को चुनने का मेरा निजी कारण है। जैसे-जैसे मेरे माता-पिता बूढ़े होते गए, मुझे एहसास हुआ कि मेडिकल इश्यूज और एक-दूसरे का साथ ही मुख्य विचार थे जो उनके दिमाग में रहते थे।

### 17 फरवरी को रिलीज की जाएगी फिल्म 'गोलगप्पे'




**नई दिल्ली।** ज़ी स्टूडियोज दर्शकों को एक और ब्लॉकबस्टर तोहफ़ा दे रहा है, समीप कंग द्वारा निर्देशित, बिन्नू ढिल्लों द्वारा अभिनीत 'गोलगप्पे' 17 फरवरी को रिलीज़ होगी। 2022 में 'किस्मत 2', 'मैं वियाह नहीं कराना तेरे नाल', फुफ्फड़ जी' और कई अन्य फिल्मों की सफलता के साथ ज़ी स्टूडियोस पंजाबी फिल्म उद्योग में एक और ब्लॉकबस्टर फिल्म गोलगप्पे' के साथ धमाका करने के लिए तैयार है। मीडिया समूह ने आगामी पंजाबी फिल्म 'गोलगप्पे' के रिलीज होने की तारीख की घोषणा कर दी है। समीप कंग द्वारा निर्देशित फिल्म 17 फरवरी 2023 को रिलीज़ होगी और ज़ी स्टूडियोस द्वारा ट्रिफ्लिक्स एंटरटेनमेंट एलएलपी, सोहम रॉकस्टार प्राइवेट लिमिटेड और जान्हवी प्रोडक्शंस के सहयोग से निर्मित की गई है।

# जेपी नड्डा का कूटरचित वीडियो किया वायरल

- **भाजपा विधायक भुपेश ने दर्ज कराया मुकदमा**

**सोनभद्र।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का अगरतला में जनविश्वास यात्रा के समापन पर जनसभा को संबोधित करते समय के वीडियो को कुटरचित तरीके से बदलकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में भाजपा के सदर विधायक भुपेश चौबे ने राबर्ट्सगंज कोतवाली में तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि भाजपा के सदर विधायक भुपेश चौबे की तहरीर पर कांग्रेस कार्यकर्ता ललन कुमार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। सदर विधायक ने बताया कि ललन कुमार ने फेसबुक व अपने ट्विटर एकाउंट से कूटरचित वीडियो डालकर पार्टी की छलि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं।

कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा अगरतला में जनविश्वास यात्रा के समापन पर जनसभा को सम्बोधित था। उनका वीडियो मीडिया व सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर उपलब्ध है, लेकिन कांग्रेस पार्टी के ललन के द्वारा अपने वेरीफाइड ट्विटर एवं फेसबुक पेज पर कूटरचित वीडियो



उत्तराखंड के हरिद्वार में शनिवार को भीषण ठंड के बाद भी मकर संक्रांति के अवसर पर हर की पौड़ी पर गंगा में डुबकी लगाते श्रद्धालु। एजेंसी

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कांग्रेस पर हमला, हाथ पर हाथ धरे बैठी रहती है कांग्रेस

# 'हाथ जोड़ो नहीं, माफी मांगो कार्यक्रम चलाए कांग्रेस'

- **कांग्रेस ने देश को दिया सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार**

**बड़वानी।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस को 'हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम' नहीं, बल्कि अपनी गलतियों के लिए 'माफी मांगो कार्यक्रम' चलाना चाहिए। कांग्रेस ने देश को सिर्फ भ्रष्टाचार दिया है। शिवराज चौहान ने शनिवार को बड़वानी जिला मुख्यालय में नगरीय निकाय चुनाव के सिलसिले में सभा को संबोधित करते हुए कमलनाथ सरकार की 15 महीने की सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस को 'हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम' के स्थान पर 'माफी मांगो कार्यक्रम' चलाना चाहिए। कमलनाथ 15 महीने के दौरान वल्लभ भवन में हाथ पर हाथ धरकर ही बैठे रहे।

कहा कि कांग्रेस को भाजपा की महिलाओं, गरीबों, किसानों, बेरोजगारों, विद्यार्थियों, भूखे लोगों और बुजुर्गों से संबंधित योजनाओं को बंद करने के लिए माफी मांगना चाहिए। भाजपा ने सत्ता में आते ही इन योजनाओं को पुनः आरंभ कर दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर में आयोजित प्रवासी भारतीय सम्मेलन और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में पूरी दुनिया के लोग पहुंचे। निवेशकों ने 15 लाख 42 हजार 550 करोड़ रुपये के निवेश का वचन दिया है, जिससे 29 लाख रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

### रामचरित मानस पर बयान तुष्टिकरण की राजनीति

**समस्तीपुर।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने बिहार के शिक्षा मंत्री चंदशेखर के रामचरित मानस पर दिए गए विवादित बयान पर कहा कि हिंदुस्तान के विचारों और डीएनए में भगवान श्री राम एवं कृष्ण है। चंदशेखर की बुद्धि भ्रष्ट हो गई है और वह मुख्यमंत्री नीतीश और तेजस्वी यादव को खुश करने के लिए तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे है। समाज मे सभी धर्म के ग्रंथों का आदर किया जाना चाहिए, न कि वोट के लिए तुष्टिकरण की राजनीति करना चाहिए।



समस्त प्रदेश वासियों को मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं।
टीका प्रसाद मैखुरी
पूर्व निदेशक गढ़वाल मंडल विकास निगम
प्रदेश उपाध्यक्ष भारत तिब्बत सहयोग मंच उत्तराखंड



# मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं!

## ~ सहज योग परिवार ~






**आज धार्मिक पावनता और पुण्य क्रांति का दिन है।**

## सूर्य देव को समर्पित - मकर संक्रांति त्यौहार

मकर संक्रांति त्यौहार, हिंदुओं के देवता - सूर्य देव को समर्पित है। जब सूर्य धनु से मकर राशि या दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर स्थानांतरित होता है, तब संक्रांति का त्यौहार मनाया जाता है। संक्रांति का मतलब है, **सूरज का एक राशि से दूसरी राशि मे प्रवेश करना है।**

मकर सर्दियों के मौसम का अंत माना जाता है, और सर्दियों की तुलना में, लम्बे दिनों की शुरुआत हो जाती है। इस त्यौहार पर लोग सूर्य की प्रार्थना करते हैं और आदि गुरु शंकराचार्य के अनुसार गंगा जी, गंगा सागर, कुंभ और प्रयाग राज में स्नान करना चाहिए। परंपरा के अनुसार भक्त नदियों विशेषकर गंगा, यमुना, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी में डुबकी लगाते है।

सामान्यत: सूर्य सभी राशियों को प्रभावित करते हैं, किन्तु कर्क व मकर राशियों में सूर्य का प्रवेश धार्मिक दृष्टि से अत्यन्त फलदायक है। यह प्रवेश अथवा संक्रमण क्रिया छ:-छ: माह के अन्तराल पर होती है। भारत देश उत्तरी गोलार्ध में स्थित है। सामान्यत: भारतीय पंचांग पद्धति की समस्त तिथियाँ चन्द्रमा की गति को आधार मानकर निर्धारित की जाती हैं, किन्तु मकर संक्रान्ति को सूर्य की गति से निर्धारित किया जाता है।

## मकर संक्रांति के अनेको नाम

**भारत के अलग-अलग हिस्से में मकर संक्रांति विभिन्न नामों के साथ मनाई जाती है, कर्नाटक में संक्रांति, तमिलनाडु और केरल में पोंगल, पंजाब और हरियाणा में माघी, गुजरात और राजस्थान में उत्तरायण एवं उत्तराखंड मे उत्तरायणी के नाम से जानी जाती है।**

**मकर संक्रांति (संक्रान्ति) के दिन किसान अपनी अच्छी फसल के लिये भगवान को धन्यवाद देकर अपनी अनुकम्पा को सदैव लोगों पर बनाये रखने का आशीर्वाद माँगते हैं। इसलिए मकर संक्रांति (संक्रान्ति) के त्यौहार को फसलों एवं किसानों के त्यौहार के नाम से भी जाना जाता है।**



## पंतग है स्वतंत्रता, उन्मुक्तता और शुभता का प्रतीक

**इस दिन पूजा-पाठ और दान, स्नान का जितना महत्व होता है उतना ही महत्व पतंग उड़ाने का भी है. कई जगह मकर संक्रांति को पतंग पर्व भी कहा जाता है. इस दिन लोग छत पर जाकर रंग- बिरंगी पतंग उड़ाते हैं. पंतग को भारतीय संस्कृति में स्वतंत्रता, उन्मुक्तता और शुभता का प्रतीक माना जाता है।**

**मकर संक्रांति पर तिल और गुड़ से बने लड्डू और गजक जैसी चीजें खाने की परंपरा है.**



## मकर संक्रांति से जुड़ी पौराणिक कथाएं।

**प्रसंग 1:** चूंकि, शनिदेव मकर राशि के स्वामी हैं, कहा जाता है कि इस दिन भगवान सूर्य अपने पुत्र शनि से मिलने स्वयं उसके घर जाया करते हैं। अत: इस दिन को मकर संक्रांति के नाम से जाना जाता है।

**प्रसंग 2:** महाभारत के महान योद्धा भीष्म पितामह ने अपनी देह त्यागने के लिए , सूर्य के मकर राशि मे आजाने तक इंतजार किया था।

**प्रसंग 3:** इस दिन भगवान विष्णु ने असुरों का अंत कर युद्ध समाप्ति की घोषणा की एवं सभी असुरों के सिरों को मंदार पर्वत के नीचे दबा दिया था। इस प्रकार यह दिन बुराइयों और नकारात्मकता के अंत का दिन भी माना जाता है।

## सूर्य का ताप मानव जाति के लिए कल्याणकारी है।

भारत में सभी त्यौहार चंद्रमा की स्थिति के अनुसार होते हैं। इसलिए अलग-अलग वर्षों में इनकी तारीखें अलग-अलग होती हैं। मकर संक्रांति सूर्य की स्थिति पर आधारित है और यह त्योहार सूर्य के धनु राशि से मकर राशि राशि में, दक्षिणी गोलार्ध से उत्तरी गोलार्ध में परिवर्तन का प्रतीक है, इसलिए यह हर साल 14 जनवरी को मनाया जाता है। .मकर संक्रांति पूरे भारत और दक्षिण एशिया में विभिन्न नामों से मनाई जाती है, **असम में बिहू, तमिलनाडु में पोंगल, बिहार में दही-चुरा, शिशुर संक्रांत (कश्मीर), माघे संक्रांति (नेपाल), सोंगक्रान (थाईलैंड), थिंग्यान (म्यांमार) और मोहन सोंगक्रन (कंबोडिया)।**

मकर संक्रांति का अर्थ "संक्रमण" (transition) है, अर्थात वह दिन जो कुछ परिवर्तन लाता है। इस दिन सूर्य उत्तरी गोलार्ध की ओर अपनी गति प्रारंभ करता है। यह उस दिन को इंगित करता है जब सूर्य गर्म हो जाता है। सूर्य का ताप मानव जाति के लिए कल्याणकारी है। यह पृथ्वी से प्राप्त होने वाली सभी वनस्पतियों और संसाधनों के लिए जिम्मेदार है। सूर्य के ताप के कारण ही हम चल पाते हैं, बात कर पाते हैं। इसलिए इस दिन हम देवी को फल और सब्जियां चढ़ाते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

कभी-कभी सूर्य की गर्मी मनुष्य को क्रोधित कर देती है। यदि मौसम का परिवर्तन या प्रकृति का परिवर्तन हमारे भीतर परिवर्तन लाता है तो यह उचित नहीं है और क्रोध करना गलत है। हमारे अस्तित्व के छह शत्रुओं में क्रोध सबसे बधा है। **यही कारण है कि हम इस दिन गुड़ का सेवन करते हैं ताकि सूर्य की गर्मी बढ़ने पर मीठी-मीठी बातें करें।**

**सूर्य-शक्ति का अर्थ आत्मविश्वास भी होता है। सूर्य हमें गर्मी और प्रकाश देता है। अब यह हम पर निर्भर करता है कि सूर्य के ताप से झुलसना है या सूर्य के प्रकाश से आत्म-विश्वास प्राप्त कर दीप्तिमान बनना है।**

## सहजयोग संस्थापिका परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी के शब्द मकर संक्रांति पर

**यह आज का दिन इतना शुभ है कि आप सभी को यहां होना चाहिए; क्योंकि आप चुने हुए सैनिक हैं - जो इस पृथ्वी पर सतयुग की स्थापना तक लड़ने जा रहे हैं। क्रान्ति का दिन है। "संक्रांत" का अर्थ है: "सं" का अर्थ है, आप जानते हैं, शुभ, "क्रांत" का अर्थ है क्रांति। आज पुण्य क्रांति का दिन है।**

## हमारे सूक्ष्म तंत्र में सूर्य की बहुत ही विशेष भूमिका है

**दायीं नाडी (पिंगला नाड़ी), जिसे सूर्य नाड़ी भी कहा जाता है, हमारी शारीरिक और मानसिक या संज्ञानात्मक गतिविधि को नियंत्रित करती है। यह क्रिया का चैनल है। यह रचनात्मकता के लिए ऊर्जा प्रदान करता है।**

**दायीं नाडी या पिंगला नाड़ी , हमारे दाहिने तरफ की सिम्पैथेटिक नर्वस सिस्टम की देखभाल करता है और मानसिक (संज्ञानात्मक) और शारीरिक कार्यप्रणाली को प्रभावित करता है। यह न केवल हमारी शारीरिक ऊर्जा और गतिशीलता को बढ़ावा देता है, यह बौद्धिक ऊर्जा प्रदान करता है जो स्मृति, ध्यान, फोकस, तर्कसंगत और विश्लेषणात्मक सोच जैसी संज्ञानात्मक क्षमताओं को बढ़ावा देता है। यह रचनात्मकता का चैनल भी है।**

**सूर्य नाड़ी क्रिया, योजना और भविष्यवादी सोच की ऊर्जा के लिए वाहक है, जो हमारी मानसिक और शारीरिक गतिविधियों को संचालित करता है।**

**इसीलिए जब हम सहज योग ध्यान का अभ्यास करते हैं, हम अपने ऊर्जा चैनलों को साफ करते हैं और इस प्रकार हम सांसारिक समस्याओं के चमत्कारी उपचार और समाधान प्रकट करते हैं क्योंकि हमारे चारों ओर दैवीय शक्तियों से जुड़ने के बाद, हम परम पिता परमेश्वर के यंत्र बन जाते हैं!**




Sahaja Darshan Prachaar Prasaar Samiti
adlakhagk@gmail.com | +91 98712 78936
www.sahajayoga.org.in | Toll Free - 1800 2700 800

FREE

www.nirmaldham.org
www.sahajayogamumbai.org

सहज योग ध्यान पूर्णतः निःशुल्क है